# दैनिक नवसंदेश

सबकी बात, रोजाना साथ

R.N.- UDYAM-BR-26-0012779

पटना : बृहस्पतिवार, 25 जून, 2026 | वर्ष -01 | अंक-129 | पृष्ठ-14 | मूल्य : 01 रु. | ई मेल- dainiknavsandesh@gmail.com


## संक्षिप्त खबरें

### अहमदाबाद एयरपोर्ट पर दो विमान आमने-सामने आए

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद एयरपोर्ट पर बुधवार शाम एक बड़ा विमान हादसा टल गया। एअर इंडिया और इंडिगो के दो विमान एक ही टैक्सीवे (रनवे का एक हिस्सा) पर आमने-सामने आ गए। हालांकि दोनों विमानों को समय रहते रोक लिया गया। सूत्रों के अनुसार, मुंबई जाने वाली इंडिगो की फ्लाइट उड़ान भरने की तैयारी कर रही थी। इसी दौरान मुंबई से अहमदाबाद पहुंची एअर इंडिया की फ्लाइट पार्किंग बे की ओर जाते समय गलती से गलत मोड़ ले बैठी और उसी टैक्सीवे पर पहुंच गई, जहां इंडिगो का विमान मौजूद था।

### दो बेटियों के साथ महिला ने की आत्महत्या

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद में दर्दनाक घटनो सामने आई है. जहां मां ने दो बेटियों के साथ जान दे दी. परिजनों के मुताबिक पति से विवाद के बाद उसने ऐसा कदम उठाया. पुलिस ने तीनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर मामले की छानबीन शुरू कर दी है. घटना जिले के रफीगंज प्रखंड के अरथुआ गांव की है.मृतकों की पहचान अरथुआ गांव निवासी पिंटू चंद्रवंशी की 30 वर्षीय पत्नी सोनी देवी, 3 वर्षीय पुत्री सुहानी कुमारी और रानी कुमारी के रूप में हुई है।

### मालदा में आकाशीय बिजली गिरने से चार की गई जान

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मालदा में गंगा नदी पर चल रही एक यात्री नाव पर जबरदस्त आसमानी बिजली गिरी. इस घटना में चार लोगों की मौत हो गई और कम से कम 15 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. आशंका है कि मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है. यह घटना मंगलवार दोपहर मालदा के परलालपुर फेरी घाट पर हुई. यह दुखद घटना मुर्शिदाबाद के धूलियन गंगा घाट से मालदा के परलालपुर घाट जा रही एक यात्री नाव के साथ हुई।

### मुंगेर : सड़क हादेस में दो युवकों की मौत

**मुंगेर।** लखीसराय थाना क्षेत्र अंतर्गत गढ़ी विशनपुर के समीप लखीसराय-मुंगेर एनएच-80 पर मंगलवार की रात हुए भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसके परखच्चे उड़ गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार दोनों युवक बाइक से कहीं जा रहे थे। इसी दौरान गढ़ी विशनपुर के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी।

## सम्राट कैबिनेट में 45 एजेंडों पर लगी मुहर

# सूबे में खुलेंगी पांच नए प्राइवेट विश्वविद्यालय

### पटना में हिमालय, औरंगाबाद में सीतायोग यूनिवर्सिटी की होगी स्थापना



**पटना (एनएसबी)।** बुधवार को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में कुल 45 एजेंडों पर मुहर लगी। बिहार के 5 जिलों में नए प्राइवेट यूनिवर्सिटी खुलेंगी। मधुबनी में शांजा यूनिवर्सिटी, नवादा के अशोक नगर में एस.ए. यूनिवर्सिटी, पटना में हिमालय यूनिवर्सिटी, औरंगाबाद के जसोइया मोड़ में सीतयोग यूनिवर्सिटी और सीवान में निजी विश्वविद्यालय शामिल है।

इसकी जानकारी खुद सीएम सम्राट चौधरी ने सोशल मीडियो पोस्ट के जरिए दी है। वहीं सम्राट कैबिनेट ने 4 जिलों में नए कोर्ट भवनों के निर्माण के लिए प्रशासनिक स्वीकृति दी है। सीवान जिले के महाराजगंज में कोर्ट भवन, एमेनिटी भवन और हाजत निर्माण के लिए 34.33 करोड़, मोतिहारी में 20 कोर्ट भवन निर्माण के लिए 53.02 करोड़, बेगूसराय में 15 कोर्ट भवन (जी+7) निर्माण के लिए 39.04 करोड़ और नवादा के रजौली में 10 कोर्ट भवन, एमेनिटी भवन और हाजत भवन के लिए 38.38 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई है।

**इन्फ्रास्ट्रक्चर और जनकल्याण पर सरकार का फोकस :** कैबिनेट बैठक में राज्य के बुनियादी ढांचे को मजबूत बनाने और विकास कार्यों को गति देने से जुड़े प्रस्तावों पर भी मुहर लगी।सरकार ने स्पष्ट किया कि आने वाले समय में सड़क, शिक्षा, रोजगार और जनकल्याणकारी योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जाएगा, ताकि विकास का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके।

**रोजगार के नए अवसर भी होंगे पैदा :** नए विश्वविद्यालयों की स्थापना से केवल शिक्षा का विस्तार नहीं होगा, बल्कि रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। शिक्षकों, कर्मचारियों और अन्य सेवाओं से जुड़े लोगों के लिए नौकरियों के अवसर बढ़ेंगे। इसके अलावा आसपास के क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियां भी बढ़ेंगी, जिससे स्थानीय लोगों को लाभ मिलने की उम्मीद है। कैबिनेट का सबसे बड़ा निर्णय शिक्षा विभाग से जुड़ा रहा। राज्य सरकार ने बिहार के पांच जिलों में नए निजी विश्वविद्यालयों की स्थापना और संचालन को मंजूरी दे दी है।इसके तहत मधुबनी में शांजा विश्वविद्यालय, नवादा में एस.ए. विश्वविद्यालय, पटना में हिमालय विश्वविद्यालय, औरंगाबाद में सीतयोग विश्वविद्यालय तथा सिवान में एक नए निजी विश्वविद्यालय की स्थापना का रास्ता साफ हो गया है।

### शिक्षकों के लिए नई स्थानांतरण निति को मंजूरी

बैठक में "मजदूरी संहिता (बिहार) नियमावली, 2026" को भी मंजूरी मिल गई है। बैठक में राज्य के प्रारंभिक विद्यालय से लेकर उच्च माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों, प्रधान शिक्षकों एवं प्रधानाध्यापक के स्थानांतरण को विनियमित करने के लिए "बिहार राज्य शिक्षक स्थानांतरण नियमावली, 2026" की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है।

### भरत तिवारी एनकाउंटर की जांच करेंगे न्यायमूर्ति विनोद कुमार सिन्हा

भोजपुर जिला के शाहपुर थाना अंतर्गत बिलौटी ग्राम में हुए पुलिस कार्रवाई की घटना की न्यायिक जांच के लिए विभागीय अधिसूचना - 7146, 24 जून 2026 द्वारा न्यायमूर्ति विनोद कुमार सिन्हा, सेवानिवृत्त न्यायाधीश, पटना उच्च न्यायालय की अध्यक्षता में गठित न्यायिक जांच आयोग एवं आयोग के लिए विचारणीय बिंदु पर मंत्रिपरिषद द्वारा घटनोत्तर स्वीकृति दी गई है।

## भवन निर्माण के सुपरिटेंडेंट इंजीनियर के ठिकानों पर छापा

### ईओयू ने पटना, भागलपुर, नोएडा और नई दिल्ली में की कार्रवाई





**पटना (एनएसएबी)।** भवन निर्माण अंचल-1 (पटना) में पोस्टेड सुपरिटेंडेंट इंजीनियर पवन कुमार के पटना, भागलपुर और नोएडा के ठिकानों पर ईओयू ने छापामारी की है। पटना के कृष्णापुरी स्थित यमुना अपार्टमेंट के फ्लैट नंबर 305/बी में सुबह 8 बजे से तलाशी जारी रही। ये 3 बीएचके फ्लैट है, जिसमें पवन कुमार साल 1990-95 से रह रहे हैं। इसकी कीमत 3 करोड़ से ज्यादा बताई जा रही है। इसके अलावा पटना स्थित कार्यालय और भागलपुर की आनंदगढ़ कॉलोनी, तिलकामांझी स्थित आवास में भी ईओयू की दूसरी टीम छापेमारी की। सोने-चांदी के बर्तन-ज्वेलरी मिली है। दूसरी ओर नोएडा के सेक्टर-75 में पवन कुमार के फ्लैट, फॉर्म हाउस और नई दिल्ली के द्वारका सेक्टर-10 स्थित फ्लैट पर भी ईओयू की अलग-अलग टीम ने छापेमारी की है। पवन कुमार के दो बच्चे हैं। बड़ा बेटा डॉक्टर है। दूसरा बेटा पढ़ाई कर रहा है। ईओयू के अनुसार, नौकरी के दौरान पवन कुमार ने 13 प्लॉट, फ्लैट और मकान खरीदे हैं। इन प्रोपर्टी की डॉक्यूमेंट्स मिले हैं। साल 2008 में पटना के आशियाना नगर में दो मंजिला मकान खरीदा गया। इसके अलावा अपनी पत्नी आवेदिका सिंह और दोनों बेटे के नाम पर साल 2021 से 2023 के बीच 9 निबंधन दस्तावेज के माध्यम से 134.88 डिसमिल व्यवसाई भूखंड खरीदे। इसके भी डॉक्यूमेंट्स मिले हैं। इसके अलावा नोएडा सेक्टर 75 में गैक्सबिल सोसाइटी में एक फ्लैट, ग्रेटर नोएडा में अरिहंत आर्डन सोसायटी में एक फ्लैट खरीदा गया है। जमुना अपार्टमेंट के फ्लैट बी/305 में तलाशी के दौरान 5.15 लाख कैश, 39 लाख के ज्वेलरी, 18 अलग अलग बैंक खाते, 90 लाख के पीपीएफ, एलआईसी की 6 पॉलिसी, मैक्स लाइफ से संबंधित 3 पॉलिसी, जिनका वार्षिक प्रीमियम 3 लाख रुपए हैं। फिलहाल तलाशी अभी जारी है।

**13 प्लॉट-फ्लैट खरीदे, 39 लाख की मिली ज्वेलरी**

### राबड़ी देवी को 7 दिन का अंतिम अल्टीमेटम



**पटना (एनएसबी)।** बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री और बिहार विधान परिषद में विरोधी दल की नेता राबड़ी देवी को पटना स्थित 10, सर्कुलर रोड सरकारी आवास खाली करने के लिए भवन निर्माण विभाग ने अंतिम नोटिस जारी किया है। विभाग ने नोटिस की प्राप्ति के सात दिनों के भीतर आवास खाली करने का निर्देश दिया है। तय समयसीमा में आवास खाली नहीं होने पर नियमानुसार आगे की कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है। भवन निर्माण विभाग की ओर से 22 जून को जारी नोटिस में कहा गया है कि विभागीय कार्यालय 25 नवंबर 2025 को नेता प्रतिपक्ष, बिहार विधान परिषद के आवासन के लिए पटना केंद्रीय पूल का आवास संख्या-39, हार्डिंग रोड,

## टेंडर घोटाला : सात के खिलाफ चार्जशीट दाखिल, संजीव और पवन होंगे गिरफ्तार

### निगरानी एडीजी बोले-अधिकारी कमीशन से होते थे मैनेज



**पटना (एनएसबी)।** बिहार में हुए टेंडर घोटाला केस की जांच कर रही एसवीयू ने 7 अभियुक्तों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है। अभियुक्तों के खिलाफ कुल 4 हजार पन्नों की चार्जशीट दाखिल की गई है। एडीजी पंकज दराद ने बताया कि रिशु श्री, संजीव हंस, संतोष कुमार, पवन कुमार और अन्य अज्ञात के खिलाफ केस में मुमुक्षु चौधरी, तारिणी दास और उमेश सिंह के खिलाफ जांच में सबूत मिले। टेंडर में दलाली करना, सरकारी अधिकारियों को कमीशन के जरिए मैनेज किया जाता था। सहरसा में रिशुश्री ने काफी टेंडर मैनेज किया था। इसके सबूत मिले हैं। एडीजी के अनुसार, तारिणी दास ने 10 टेंडर दिलवाया था।

एडीजी ने कहा कि हमारी जांच में गवाहों के बयान लिए गए। सहरसा और सीतामढ़ी सहित कई जगहों पर हमारी टीम गई। कुल 7 लोगों को अभियुक्त मानते हुए आज चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर दिया गया है। पंकज दराद ने कहा कि कोशी बराज का टेंडर रिशु श्री ने अपने प्रभाव से पहले अहमदाबाद की कंपनी को दिलाया था। बाद में पवन कुमार के डायरेक्टर शिप वाली खुद की कंपनी को काम दिलाया। आगे कहा कि संजीव हंस ने सुनील कुमार सिन्हा के माध्यम से 90 लाख गायत्री देवी को दिया था। रिशुश्री का मोडस था कि वो अपने फेवरेट कंपनी को आगे करता था। फिर उन कंपनियों से 7 से 10 % कमीशन लेता था। फिर अधिकारियों को भी देता था। लेनदेन के सबूत मोबाइल और कागजात में मिले हैं। रिशुश्री 7-8 सालों में ही धनवान बन गया। जब छापेमारी हुई थी तब रिशुश्री के घर से 61 प्रॉपर्टी के डीड मिले थे। करोड़ो के जेवर मिले थे। एडीजी ने स्पष्ट कर दिया है कि इन सभी 7 आरोपियों के खिलाफ ठोस सबूत हैं। इसी आधार पर चार्जशीट दाखिल किया गया है। उन्होंने बताया कि आईएएस अधिकारी अभिलाषा शर्मा और योगेश कुमार सागर से पूछताछ होगी। दो बार नोटिस दिया गया है। पर किसी कारण से अब तक पूछताछ नहीं हो पाई है। ईडी की जांच में इनके खिलाफ सबूत मिला था। आईएएस संजीव हंस और पवन की गिरफ्तारी होगी। फिलहाल ये दोनों फरार हैं।

**आरोपियों के खिलाफ ठोस सबूत, जांच में गवाहों के लिए गए बयान**

## गंगा स्नान के दौरान चार सगी बहनों समेत पांच किशोरियां गंगा में डूबीं

**मुंगेर (एनएसबी)।** वासुदेवपुर थाना क्षेत्र के श्यामपुर बकचपरा गंगा घाट पर बुधवार की सुबह गंगा स्नान के दौरान बड़ा हादसा हो गया। गंगा स्नान करने गई चार सगी बहनों सहित पांच किशोरियां गंगा की तेज धारा में डूब गईं। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और परिजनों के बीच कोहराम मच गया।जानकारी के अनुसार बकचपरा निवासी क्रांति पासवान की पुत्रियां संगीता कुमारी, बिनीता कुमारी, संध्या कुमारी एवं सोनम कुमारी तथा पड़ोसी चमन लाल पासवान की पुत्री हिना कुमारी बुधवार सुबह गंगा स्नान करने एवं गंगाजल भरकर घर लाने के लिए बकचपरा गंगा घाट गई थीं। इसी दौरान सभी किशोरियां गंगा में उतर गईं और अचानक गहरे पानी में चली जाने से डूबने लगीं।घटना की सूचना स्थानीय लोगों द्वारा तत्काल वासुदेवपुर थाना पुलिस को दी गई। इसके बाद एसडीआरएफ एवं गोताखोरों की टीम को भी सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस, एसडीआरएफ और स्थानीय गोताखोर मौके पर पहुंचे तथा खोजबीन अभियान शुरू किया।काफी मशक्कत के बाद एसडीआरएफ एवं गोताखोरों की टीम ने संगीता कुमारी को गंगा से बरामद कर लिया। वहीं अन्य चार किशोरियों की तलाश समाचार लिखे जाने तक जारी थी।

**एक का शव बरामद**



गंगा किनारे उमड़ी लोगों की भीड़।

### पटना कोचिंग विवाद

### अभिषेक-गौरव की जमानत पर आज होगी सुनवाई

**पटना (एनएसबी)।** पटना कोचिंग विवाद मामले में बुधवार को सेशन जज की कोर्ट में आज रौशन आनंद पक्ष के अभिषेक और गौरव की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। कोर्ट रूम में रौशन आनंद पक्ष के वकील की ओर से अपना पक्ष रखा गया है। इस दौरान कोर्ट को बताया गया कि लोक अभियोजक ने अपडेटेड केस डायरी रिसीव नहीं की थी, जिसके चलते आज जमानत नहीं मिल पाई। अब सुनवाई के लिए कल की तारीख निर्धारित की गई है। कल दोबारा जमानत पर सुनवाई होगी। पिछली तारीख पर कोर्ट की ओर से छउफ (लोवर कोर्ट रिकॉर्ड) की मांग की गई थी। मजिस्ट्रेट फर्स्ट क्लास की कोर्ट से रिकॉर्ड आ गया है।

## सीएम ने पूर्व केंद्रीय मंत्री दिग्विजय सिंह की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि



**पटना/जमुई (एनएसबी)।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं बांका के पूर्व सांसद स्व. दिग्विजय सिंह की 16वीं पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने स्व. सिंह को श्रद्धासुमन अर्पित कर अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि दी। जमुई जिले के नयागांव स्थित नागी नकटी-कटहरा नदी तट पर बने समाधि स्थल पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित लोगों ने स्व. सिंह के जनसेवा, विकास कार्यों और समाज के प्रति उनके समर्पण को स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। इस अवसर पर दिग्विजय सिंह की धर्मपत्नी एवं पूर्व सांसद पुतुल कुमारी तथा उनकी सुपुत्री एवं मंत्री श्रेयसी सिंह भी मौजूद रहीं। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, मंत्री लेशी सिंह, श्री निशांत, संजय कुमार सिंह, दामोदर रावत, सांसद अरुण भारती, पूर्व मंत्री सुमित कुमार सिंह सहित कई विधायकगण, विधान पार्षदगण, जनप्रतिनिधिगण, कार्यकर्तागण और स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।

## खाद्यान्न वितरण में देरी और लापरवाही किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं : सचिव



**पटना (एनएसबी)।** खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के सचिव दीपक आनंद की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी जिलों के जिला आपूर्ति पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारी, पणन पदाधिकारी एवं आपूर्ति निरीक्षक शामिल हुए। बैठक में खाद्यान्न वितरण, राशन कार्ड निर्माण के लंबित आवेदनों, संदिग्ध राशन कार्डों की जांच, पीडीएस दुकानों की रिक्तियों तथा अन्य विभागीय कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई।

सचिव ने सभी जिलों को स्पष्ट निर्देश दिया कि खाद्यान्न वितरण में किसी प्रकार की देरी, लापरवाही अथवा अनियमितता की शिकायत नहीं मिलनी चाहिए। सभी पात्र लाभुकों को समय पर, निर्धारित मात्रा में एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्यान्न उपलब्ध कराना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली की पारदर्शिता एवं जवाबदेही से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। सभी जिलों में विशेष अभियान चलाकर जन वितरण प्रणाली दुकानों का सघन निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के दौरान यदि किसी भी स्तर पर किसी भी प्रकार की गड़बड़ी पाई जाती है, तो संबंधित जन वितरण प्रणाली विक्रेता के विरुद्ध तत्काल नियमानुसार कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। वहीं राशन कार्ड निर्माण से संबंधित लंबित आवेदनों का शीघ्र निष्पादन करने का निर्देश दिया, वहीं संदिग्ध राशन कार्डों की जांच में तेजी लाकर अपात्र लाभुकों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने को कहा गया।

**वीसी के माध्यम से विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित**

## 35 सौ घूस लेते राजस्व कर्मचार रंगेहाथ गिरफ्तार

**पटना (एनएसबी)।** पटना निगरानी अन्वेषण ब्यूरो (विजिलेंस) की टीम ने मंगलवार को भोजपुरे जिले में बड़ी कार्रवाई की है। गड़हनी अंचल कार्यालय के घूसखोर राजस्व कर्मचारी को अरेस्ट किया गया है। उनपर शिक्षक से रिश्वत मांगने का आरोप है। निगरानी ब्यूरो ने कार्रवाई करते हुए राजस्व कर्मचारी को 3500 रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया है. गिरफ्तार कर्मचारी की पहचान औरंगाबाद जिले के खुदवां थाना क्षेत्र अंतर्गत आधार बिगहा गांव निवासी जितेंद्र कुमार के रूप में हुई है, जो वर्तमान में गड़हनी अंचल कार्यालय में राजस्व कर्मचारी के पद पर कार्यरत हैं.मिली जानकारी के अनुसार उदवंतनगर थाना क्षेत्र के एडौरा गांव निवासी एवं सरकारी शिक्षक राजेंद्र राम ने अपनी पत्नी हेवंती देवी के नाम पर गड़हनी प्रखंड क्षेत्र में ढाई डिसमिल जमीन खरीदी थी। जमीन के दाखिल-खारिज (म्यूटेशन) के लिए उन्होंने कई बार ऑनलाइन आवेदन किया, लेकिन राजस्व कर्मचारी द्वारा हर बार आवेदन को निरस्त कर दिया जाता था।

## कोलकाता में निमार्णाधीन गोदाम ढही, पांच की मौत

### रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटे सेना के जवान

**कोलकाता (एजेंसी)।** दक्षिण कोलकाता के तारातला ट्रांसपोर्ट डिपो के पास बुधवार दोपहर 12:07 बजे निमार्णाधीन गोदाम का शेड गिर गया। हादसे में अब तक 5 लोगों की मौत हो चुकी है। मलबे में दबे 20 लोगों का रेस्क्यू कर लिया गया है, जिनमें दो आईसीयू में है। अन्य 18 की हालत खतरे से बाहर है। मौके पर मौजूद युवक ने मलबे में दबे एक मजदूर का पैर पकड़कर रेस्क्यू टीम को उसकी सही जगह तक पहुंचने में मदद की, जिसके बाद टीम ने उसे बाहर निकाला। युवक ने बताया कि मलबे में फंसा मजदूर दर्द से कराहते हुए बार-बार कह रहा था- ह्यमैंने अपना पैर खो दिया है, अगर जरूरत हो तो पैर का बाकी हिस्सा काटकर मुझे बाहर निकालो, बस मेरी जान बचा लो। सीएम शुभेंदु ने बताया कि अभी भी मलबे में 10 से 15 लोगों के दबे होने की आशंका है। हादसे के वक्त गोदाम में कितने लोग मौजूद थे, इसकी जानकारी सामने नहीं आई है। लापरवाही के आरोप में 3 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।



## राजद परिवार के नेताओं ने पूर्व विधायक नागेंद्र प्रसाद यादव के निधन पर गहरी शोक संवेदना प्रकट की

**पटना / एनएसबी।** राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद , पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ,सांसद डा मीसा भारती, प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जगदानंद सिंह, उदय नारायण चौधरी,राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दीकी, पूर्व केंद्रीय मंत्री डा कांति सिंह, जयप्रकाश नारायण यादव, राष्ट्रीय महासचिव भोला यादव, सैयद फैसल अली, बिनु यादव,राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता प्रो मनोज कुमार झा, सांसद सुरेंद्र प्रसाद यादव, संजय यादव, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष डा सुनील कुमार सिंह, राष्ट्रीय सचिव कार्तिकेय सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, डा तनवीर हसन, पूर्व मंत्री आलोक कुमार मेहता ,शिवचन्द्र राम, इसराइल मंसूरी, सुरेश पासवान, प्रदेश प्रधान महासचिव रणविजय साहू, प्रदेश मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव, विधान पार्षद कारी मो सोहैब, प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद, डा उर्मिला ठाकुर, पूर्व विधायक अबु दोजाना, मुकेश यादव सहित राजद परिवार के नेताओं ने पूर्व विधायक नागेंद्र प्रसाद यादव के निधन पर गहरी शोक संवेदना प्रकट की है। ये सीतामढ़ी जिला के सुरसंड से दो बार विधायक रहे। इधर कुछ दिनों से बीमार थे । नेताओं ने कहा कि इनके निधन से राज्य को अपूरणीय क्षति हुई है,और समाजवादी आंदोलन को गहरा धक्का पहुंचा है। साथ ही नेताओं ने शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी हमदर्दी का इजहार किया है।

## ऑल इंडिया सेंट्रल काउंसिल ऑफ ट्रेड यूनियन्स ऐक्टू का दो दिवसीय राष्ट्रीय परिषद की बैठक शुरू

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** ऑल इंडिया सेंट्रल काउंसिल ऑफ ट्रेड यूनियन्स, ऐक्टू की राष्ट्रीय परिषद की दो दिवसीय बैठक किदवईपूरी (पटना) स्थित ठाकुर प्रसाद सभागार में शुरू हुई । बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष वीशंकर सहित 11 सदस्यीय अध्यक्ष मंडल ने किया । बैठक में सर्वप्रथम भाकपा (माले), बिहार के पूर्व राज्य सचिव का नंदकिशोर प्रसाद उर्फ यमुना जी सहित अन्य दिवंगत साथियों को दो मिनट मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई । राष्ट्रीय महासचिव का राजीव डिमरी ने बैठक के विचारार्थ वर्तमान राजनीतिक परिस्थिति, 4 लेबर कोड के मजदूरों पर बढ़ते विनाशकारी परिणाम के खिलाफ आंदोलनरत नोयडा - मानेसर के मजदूर आंदोलन का दमन व गिरफ्तार नेताओं की रिहाई तथा न्यूनतम मासिक मजदूरी 42 हजार करने को लेकर अभियान तेज करने का आह्वान किया । वही शोषण दमन के खिलाफ उक्त मुद्दों पर देश के विभिन्न हिस्सों में बढ़ते मजदूर आंदोलन के मद्देनजर कारगर हस्तक्षेप की जरूरत, संगठन को ऊपर से लेकर नीचे तक ठोस एवं क्रियाशील बनाने, आम मजदूरों के साथ जीवंत सम्बन्ध की जरूरत पर प्रकाश डाला । इसके लिए 9 अगस्त (क्रांति दिवस) तक देश भर में एक महीने का अभियान संगठित करने का प्रस्ताव रखा ।

## जदयू और लोजपा (आर) नेताओं ने थामा राजद का दामन



जदयू और लोजपा (आर) नेताओं ने थामा राजद का दामन।

**पटना एनएसबी।** जदयू और लोजपा (आर) के कई नेताओं ने थामा राजद का दामन। पटना स्थित राजद प्रदेश कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान राजद के प्रदेश प्रधान महासचिव सह विधायक रणविजय साहू और पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अरुण कुमार यादव ने समस्तीपुर जिला के जदयू नेता अभिजीत पटेल, अंकुश राय, रत्नेश यादव, हरिकेश कुमार और लोजपा (आर) के नेता नीरज पटेल को राजद की सदस्यता दिलाई।

राजद प्रवक्ता अरुण कुमार यादव ने बताया कि सदस्यता ग्रहण उपरांत पार्टी के प्रदेश प्रधान महासचिव रणविजय साहू ने सभी को राजद का प्रतीक चिन्ह हरा गमछा, टोपी और लालू यादव जी पर लिखी गई गोपालगंज टू रायसीना नामक पुस्तक भेंट कर सम्मानित और स्वागत किया। इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश प्रधान महासचिव रणविजय साहू और प्रदेश प्रवक्ता अरुण कुमार यादव ने कहा कि राज्य में बढ़ती बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार, अपराध और जनसरोकारों के मुद्दों पर सरकार की विफलता से लोग निराश हैं। यही कारण है कि विभिन्न दलों के नेता राजद की नीतियों एवं नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के नेतृत्व में विश्वास जताते हुए पार्टी से जुड़ रहे हैं। इस अवसर पर राजद के प्रदेश महासचिव भाई अरुण कुमार, बल्ली यादव, प्रमोद राम, गणेश कुमार यादव सहित कई नेता उपस्थित थे।

## खबरें : एक नजर में

### नवीन कुमार ने संभाला आईपीआरडी सचिव का पद

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** 2011 बैच के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी नवीन कुमार ने बुधवार को निवर्तमान सचिव चंद्रशेखर सिंह से सूचना एवं जन- सम्पर्क विभाग (आईपीआरडी) के सचिव पद का प्रभार ग्रहण



वरिष्ठ आईएएस अधिकारी नवीन कुमार ने बुधवार को निवर्तमान सचिव चंद्रशेखर सिंह से सूचना एवं जन- सम्पर्क विभाग (आईपीआरडी) के सचिव पद का प्रभार ग्रहण किया।

किया। पदभार ग्रहण करने के बाद कुमार ने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकताओं और उपलब्धियों को विभाग के माध्यम से प्रभावी ढंग से प्रचारित किया जाएगा। संचार माध्यमों को और अधिक मजबूत एवं प्रभावी बनाने पर जोर देते हुए कहा कि सोशल मीडिया प्लेटफर्म्स का अधिक से अधिक उपयोग कर जन-जन तक सरकारी योजनाओं की सही और सटीक जानकारी पहुंचाई जाएगी। आगे कहा कि लोगों में गलत खबरों के कारण किसी तरह का भ्रम नहीं पैदा हो इसलिए गलत या भ्रामक खबरों की तथ्यात्मक जांच कर उसका आधिकारिक तौर से त्वरित खंडन सुनिश्चित किया जाएगा। नवीन कुमार इससे पहले खगड़िया जिले के जिलाधिकारी (डीएम) के पद पर कार्यरत थे। उन्होंने सितंबर 2024 से अक्टूबर 2025 तक परिवहन विभाग में राज्य परिवहन आयुक्त (एसटीसी) का दायित्व संभाला। इसके अलावा रोहतास और मुंगेर जिले में भी जिलाधिकारी के रूप में अपनी सेवाएं दी हैं। पदभार ग्रहण करने के मौके पर विभाग के अपर सचिव राजीव कुमार सिंह, विधुभूषण चौधरी, संयुक्त निदेशक रवि भूषण सहाय एवं विशेष कार्य पदाधिकारी (ओएसडी) कुमारिल सत्यनंदन उपस्थित थे।

### गैलेक्सी एम47 5जी, 29 जून को भारत में होगा लान्च

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** सैमसंग इंडिया 29 जून को अपने लोकप्रिय गैलेक्सी एम सीरीज पोर्टफोलियो में नया गैलेक्सी एम47 5जी लान्च करने जा रहा है। युवा उपयोगकर्ताओं को ध्यान में रखकर तैयार यह स्मार्टफोन अपनी श्रेणी में सबसे अग्रणी फीचर्स लेकर आएगा, जो इसे गेमिंग, मनोरंजन, कंटेंट देखने, मल्टीटास्किंग और रोजमर्रा के इस्तेमाल के लिए उपयुक्त बनाते हैं। गैलेक्सी एम47 5जी में स्नैपड्रैगन 6 जेन 3 प्रोसेसर दिया गया है, जिसे 4 एनएम आर्किटेक्चर पर बनाया गया है।

# बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड के नए कार्यालय भवन का उद्घाटन, शिक्षा मंत्री ने दिया पूर्ण सहयोग का आश्वासन

दैनिक नवसंदेश

**पटना।** बिहार सरकार के शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड के नए कार्यालय भवन के उद्घाटन अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि आपकी समस्याओं को मैं अपनी समस्या समझकर उनके समाधान का पूरा प्रयास करूंगा। बिहार में संस्कृत एवं भारतीय संस्कृति के संरक्षण, संवर्धन और विकास के लिए राज्य सरकार पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है।

उन्होंने बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार झा द्वारा एक वर्ष के दौरान किए गए कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि अल्प समय में बोर्ड ने कई ऐतिहासिक एवं रिकार्ड उपलब्धियाँ हासिल की हैं। एक सकारात्मक वातावरण संस्कृत एवं भारतीय संस्कृति के प्रति बना है, जिसे और अधिक गति देने के लिए शिक्षा विभाग हर संभव सहयोग करेगा। उन्होंने बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड परिवार को नए कार्यालय भवन के लिए शुभकामनाएँ देते हुए सभी पदाधिकारियों, शिक्षकों एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों को शुभकामना व्यक्त किया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में विधान परिषद सदस्य श्रीमति निवेदिता सिंह ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड राज्य की प्राचीन ज्ञान परंपरा को नई दिशा देने का कार्य कर रहा है।

कार्यक्रम में विधायक एवं बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड के सदस्य विनय चौधरी तथा सदस्य अरुण झा ने भी बोर्ड से संबंधित विभिन्न विषयों की ओर शिक्षा मंत्री का ध्यान आकर्षित कराया तथा बोर्ड के समग्र विकास हेतु आवश्यक सुझाव प्रस्तुत किए।

इस अवसर पर कामेश्वर सिंह संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति लक्ष्मी निवास पांडे ने संस्कृत के नए आयाम सहित विश्वविद्यालय और बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड के बीच समन्वय व साझा कार्यक्रम की योजना रचना पर जोड़ दिया।




बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड के नए कार्यालय भवन का उद्घाटन करते शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी, बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार झा, विधान परिषद सदस्य श्रीमति निवेदिता सिंह व अन्य अतिथि।

कार्यक्रम का सफल संचालन चंद्रकिशोर कुमार ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन धनेस्वर कुशवाहा ने किया।

इस अवसर पर बिहार के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में संस्कृत विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, शिक्षक, शिक्षा-प्रेमी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी की गरिमामयी उपस्थिति में बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड के नए कार्यालय भवन का विधिवत उद्घाटन संपन्न हुआ।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार झा ने कहा कि एक वर्ष के कार्यकाल में बोर्ड ने कई ऐतिहासिक उपलब्धियाँ अर्जित की हैं। इनमें बोर्ड की वेबसाइट का निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण, समयबद्ध परीक्षा परिणाम प्रकाशन, विद्यार्थियों की संख्या में दोगुनी वृद्धि तथा आधारभूत संरचना के क्षेत्र में अनेक नए मानक स्थापित करना प्रमुख है।

उन्होंने कहा कि नए कार्यालय भवन की उपलब्धता से बोर्ड के कार्यों को नई गति मिलेगी और आने वाले वर्षों में बिहार के संस्कृत विद्यालयों को सशक्त एवं आधुनिक बनाने, मॉडल संस्कृत विद्यालय विकसित करने, पाठ्यक्रम को अधिक व्यवस्थित एवं समसामयिक बनाने तथा भारतीय ज्ञान परंपरा पर आधारित नई एवं गुणवत्तापूर्ण पाठ्यपुस्तकों के निर्माण की दिशा में व्यापक पहल की जाएगी।

श्री झा ने कहा कि इन सभी महत्वपूर्ण विषयों को लेकर वे शीघ्र ही माननीय शिक्षा मंत्री से विस्तृत चर्चा करेंगे और बिहार में संस्त शिक्षा को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

## बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डा प्रेम कुमार रघुनाथ मंदिर में दर्शन एवं पूजा अर्चना की तथा संध्या आरती में सम्मिलित हुए

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डा. प्रेम कुमार ने जम्मू एवं कश्मीर प्रवास के क्रम में सपरिवार जम्मू स्थित ऐतिहासिक रघुनाथ मंदिर में दर्शन एवं पूजा अर्चना की तथा संध्या आरती में सम्मिलित हुए। उन्होंने कहा कि रघुनाथ मंदिर भारतीय संस्कृति, सनातन परंपरा और राष्ट्रीय एकता का एक महत्वपूर्ण प्रतीक है। मंदिर की आध्यात्मिक गरिमा एवं धार्मिक वातावरण श्रद्धालुओं को आत्मिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करता है। ऐसे तीर्थस्थल हमारी सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और आध्यात्मिक मूल्यों के संवर्धन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने भगवान श्रीराम से देश की सुख-शांति, समृद्धि तथा बिहार के सर्वांगीण विकास एवं जनकल्याण की प्रार्थना की।



बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डा. प्रेम कुमार ने जम्मू एवं कश्मीर प्रवास के क्रम में सपरिवार जम्मू स्थित ऐतिहासिक रघुनाथ मंदिर में दर्शन एवं पूजाअर्चना की तथा संध्या आरती में सम्मिलित हुए।

## उपराष्ट्रपति से अभाविप प्रतिनिधिमंडल की भेंट, राष्ट्र पुनर्निर्माण में युवा शक्ति की भूमिका एवं विद्यार्थी हितों के विविध विषयों पर हुई सार्थक चर्चा

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. रघुराज किशोर तिवारी तथा राष्ट्रीय महामंत्री डा. वीरेन्द्र सिंह सोलंकी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने भारत के उपराष्ट्रपति श्री सीपी राधाकृष्णन से शिष्टाचार भेंट की। उपराष्ट्रपति का दायित्व ग्रहण करने के पश्चात अभाविप प्रतिनिधिमंडल की यह प्रथम औपचारिक भेंट थी, जिसमें उन्हें नवीन दायित्व हेतु शुभकामनाएं एवं बधाई प्रेषित की गई। भेंट के दौरान राष्ट्र पुनर्निर्माण में युवा शक्ति की भूमिका, उच्च शिक्षा से जुड़े समसामयिक विषयों तथा अभाविप द्वारा देशभर में संचालित विविध आयामों एवं अभियानों पर विस्तृत एवं सकारात्मक चर्चा हुई।

चर्चा के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने अभाविप के संगठनात्मक विस्तार, विद्यार्थी हितों के लिए चलाए जा रहे आंदोलनों तथा राष्ट्र जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में विद्यार्थियों की रचनात्मक सहभागिता पर विस्तार से चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल ने उपराष्ट्रपति को बताया कि विद्यार्थी परिषद द्वारा संचालित स्टूडेंट्स एक्सपीरियंस इन इंटरस्टेट लिविंग कार्यक्रम अपने 60 वर्ष पूर्ण कर रहा है। छह दशकों से संचालित यह अभियान देश के विभिन्न क्षेत्रों, विशेषकर पूर्वोत्तर एवं शेष भारत के विद्यार्थियों के मध्य भावनात्मक एकात्मता, सांस्कृतिक संवाद तथा राष्ट्रीय समरसता को सदृढ़ करने का महत्वपूर्ण माध्यम रहा है। प्रतिनिधिमंडल ने युवाओं के मध्य बढ़ती डिजिटल निर्भरता की चुनौती का उल्लेख करते हुए अभाविप के स्क्रीन टाइम टू एक्टिविटी टाइम अभियान की जानकारी भी साझा की। अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों को मोबाइल एवं स्क्रीन आधारित जीवनशैली से बाहर निकालकर खेल, शारीरिक गतिविधियों, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं रचनात्मक सहभागिता की ओर प्रेरित करना है। इस दौरान आगामी समय में आयोजित होने वाले विभिन्न राष्ट्रीय अभियानों एवं कार्यक्रमों की भी जानकारी दी गई। प्रतिनिधिमंडल ने गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी वर्ष, संत रविदास जी के 650वें प्राकट्योत्सव वर्ष तथा वीरांगना रानी अबक्का के अद्वितीय योगदान पर केंद्रित देशव्यापी कार्यक्रमों की रूपरेखा साझा की। साथ ही, महिला सुरक्षा एवं सशक्तीकरण के क्षेत्र में अभाविप के प्रमुख अभियान शमिशन साहसीश के अंतर्गत अब तक 10 लाख से अधिक छात्राओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण प्रदान किए जाने की जानकारी देते हुए इसके अगले चरण को पुनः देशव्यापी स्तर पर प्रारंभ किए जाने की योजना से अवगत कराया गया। चर्चा के प्रमुख बिंदु के रूप में पंजाब विश्वविद्यालय से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों को भी प्रमुखता से रखा गया।




अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. रघुराज किशोर तिवारी तथा राष्ट्रीय महामंत्री डा. वीरेन्द्र सिंह सोलंकी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने भारत के उपराष्ट्रपति श्री सीपी राधाकृष्णन से शिष्टाचार भेंट की।

## बिहार में सीसीटीएनएस सीएएस 1.0 के सफल क्रियान्वयन की दिशा में महत्वपूर्ण पहल

**पटना / एनएसबी।** बुधवार को एनआईसी बिहार द्वारा सीसीटीएनएस सीएएस 1.0 के राज्यव्यापी क्रियान्वयन हेतु एक राज्य स्तरीय प्रशिक्षण एवं परिचर्चा सत्र का आयोजन किया गया। यह सत्र उन पुलिस थानों के लिए आयोजित किया गया जहाँ वर्तमान में डीजी गांव नन सीसीटीएनएस एप्लिकेशन संचालित है।

कार्यक्रम का आयोजन अजीताभ कुमार, अपर पुलिस महानिदेशक (एससीआरबी एवं आधुनिकीकरण), बिहार के मार्गदर्शन में किया गया।




बिहार में सीसीटीएनएस सीएएस 1.0 के सफल क्रियान्वयन की दिशा में महत्वपूर्ण पहल।

इस अवसर पर डा. शैलेश कुमार श्रीवास्तव, उप महानिदेशक एवं राज्य सूचना विज्ञान अधिकारी बिहार ने प्रतिभागियों को संबोधित किया।

इस सत्र में बिहार के सभी जिलों से पुलिस पदाधिकारियों सहित लगभग 500 प्रतिभागियों ने भौतिक एवं वीडियो कान्फ्रेंसिंग माध्यम से सहभागिता की।

इनमें कुंदन कुमार, पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण), नोडल पदाधिकारी (सीसीटीएनएस), पटना की भी सहभागिता रही ।

सत्र के दौरान एनसीआरबी के विशेषज्ञों द्वारा सीसीटीएनएस सीएएस 1.0 की प्रमुख विशेषताओं एवं कार्यप्रणाली का विस्तृत प्रस्तुतीकरण किया गया तथा राज्यव्यापी माइग्रेशन एवं क्रियान्वयन की रणनीति पर चर्चा की गई।

एनआईसी बिहार के अधिकारियों राम भगवान सिंह, संयुक्त निदेशक (आईटी), प्रदीप नायक, संयुक्त निदेशक (आईटी) एवं अभिषेक कुमार, उप निदेशक (आईटी) द्वारा विभिन्न मड्यूलों पर तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जिला सूचना विज्ञान अधिकारियों एवं अतिरिक्त जिला सूचना विज्ञान अधिकारियों ने भी तकनीकी सहयोग प्रदान कर कार्यक्रम को सफल बनाया।

यह पहल बिहार में डिजिटल पुलिसिंग को सशक्त बनाने, अपराध एवं अपराधियों से संबंधित सूचनाओं के प्रभावी प्रबंधन तथा नागरिक-केंद्रित सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## खबरें खास-खास

### 26 जून को मुख्यमंत्री करेंगे स्वामी सहजानंद सरस्वती के 77 वें पुण्यतिथि समारोह का उद्घाटन

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** स्वामी सहजानंद सरस्वती के 77 वें पुण्यतिथि 26 जून को पटना के दक्षिणी मंदिरी में पुराना म्युजियम के पीछे आर्ट एंड क्राफ्ट कॉलेज के बगल में मत्स्य कार्यालय के ठीक पीछे अवस्थित स्वामी सहजानंद सरस्वती के आश्रम में 11बजे दिन से आयोजित समारोह का उद्घाटन मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी करेंगे। इस अवसर पर स्वामी सहजानंद सरस्वती कृषक अध्ययन केन्द्र का उद्घाटन भी करेंगे। आज स्वामी सहजानंद सरस्वती स्मारक समिति और संयुक्त किसान मोर्चा, बिहार के नेतृत्वकारी साथियों की संयुक्त बैठक हुई। समिति की अध्यक्ष पूर्व सांसद श्रीमती गिरिजा देवी की अध्यक्षता में स्वामी सहजानंद सरस्वती के 77 में पुण्यतिथि समारोह की तैयारी की समीक्षा की गई। बैठक में पुण्यतिथि समारोह की तैयारी की समीक्षा की गई।बैठक में श्री मति गिरजा देवी ने कही कि पूरे विश्व में किसानों का सबसे बड़ा मसीहा, सामंती शोषण,अत्याचार के खिलाफ तथा सामाजिक न्याय के लिए बिहार में आंदोलन का श्रीगणेश करनेवाले स्वामी सहजानंद सरस्वती के पुण्य तिथि समारोह की तैयारी युद्ध स्तर पर चल रही है। संयुक्त किसान मोर्चा, बिहार के नेता दिनेश कुमार ने मुख्यमंत्री के प्रोग्राम की विस्तृत जानकारी दी तथा जिला प्रशासन से मिलकर प्रोग्राम की व्यापक तैयारी के सम्बन्ध में बैठक को सुचित किया। किसान नेता अशोक प्रसाद सिंह ने कहा कि संयुक्त किसान मोर्चा, बिहार के लगभग 25 किसान संगठनों के नेता और कार्यकर्ता इस समारोह के आयोजन में भाग लेने की जानकारी दी। स्वामी सहजानंद सरस्वती स्मारक समिति के सचिव प्रोफेसर सुधीर कुमार सिंह ने तैयारी की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत किया। समिति के कार्यकारी अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह ने भी अपना सुझाव बैठक में प्रस्तुत किया। कोषाध्यक्ष प्रो रघुनंदन शर्मा ने आर्थिक स्थिति का रिपोर्ट प्रस्तुत किया। बैठक में सत्येंद्र कुमार सिंह अधिवक्ता और डा. अमरनाथ सिंह ने भी अपना बहुमूल्य सुझाव दिया। निष्कर्ष के तौर पर तैयारी की व्यापक समीक्षा पर संतोष व्यक्त किया गया और बचे हुए कार्यों के लिए अलग-अलग साथियों को प्रभार दिया गया।



स्वामी सहजानंद सरस्वती के 77 में पुण्यतिथि समारोह की तैयारी की समीक्षा बैठक।

### पैरवी की सामुदायिक बैठक मौड़ीहां ढेला बाग में सम्पन्न

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** रोहतास जिले के मौड़ीहां ढेला बाग में सामाजिक संस्था पैरवी के बैनर तले एक सामुदायिक बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बराव कला पंचायत के मुखिया सुनतेश्वर पासवान थे। अपने संबोधन में मुखिया श्री पासवान ने पैरवी के कार्यो की सराहना करते हुए कहा कि संस्था ने गांव के लगभग 15 वंचित एवं गरीब लोगों की जमानत कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि संस्था लगातार बच्चों के हित में कार्य कर रही है तथा उसके मार्गदर्शन में गांव की बाल संरक्षण समिति को भी मजबूत बनाया जा रहा है। बैठक को संबोधित करते हुए मानवाधिकार कार्यकर्ता संतोष उपाध्याय ने बताया कि पैरवी पिछले दो वर्षो से जेल में बंद गरीब एवं असहाय लोगों तथा विधि के जोखिम में फंसे बच्चों की निःशुल्क जमानत कराने का कार्य कर रही है। साथ ही गांव-स्तर पर बाल संरक्षण समितियों को सशक्त बनाने के लिए भी लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में सासाराम न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता शेष मुनि राय ने कहा कि गरीब एवं जरूरतमंद लोगों की निःशुल्क जमानत के लिए जब भी उनकी आवश्यकता होगी, वे अपना समय, ज्ञान और परिश्रम देने के लिए सदैव तैयार रहेंगे। इसमें उप मुखिया ललन उपाध्याय,वार्ड सदस्य आलोक कुमार सहित पंचायती राज के बहुत सक्रिय सदस्य उपस्थित थे। बैठक में महिलाओं सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। इस अवसर पर अनिल उपाध्याय, अधिवक्ता पप्पू पांडे, ललन पासवान, धनजी पासवान, लखन साव, जितेंद्र गुप्ता, चितरंजन उपाध्याय, मुनि देवी, मराचो कुंवर, लक्ष्मणा देवी सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे। बैठक का उद्देश्य गरीबों को कानूनी सहायता उपलब्ध कराना, बच्चों के अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा गांव स्तर पर बाल संरक्षण तंत्र को और अधिक प्रभावी बनाना था।

### 25 जून भारत के लिए ऐतिहासिक जब पहली बार जीता था वर्ल्ड कप

**25 जून 1983** महज एक तिथि नहीं, बल्कि भारतीय क्रिकेट के आत्मविश्वास और स्वाभिमान के पुनर्जन्म का दिन है। इसी दिन भारतीय क्रिकेट ने दुनिया को बताया था कि इतिहास केवल परंपराओं से नहीं, विश्वास और साहस से भी लिखा जाता है।

जब मैनेजर पी आर मानसिंह युवा कप्तान कपिल देव के नेतृत्व में भारतीय टीम को लेकर इंग्लैंड पहुँचे, तब बहुत कम लोगों ने इस टीम को गंभीर दावेदार माना था। 1975 और 1979 विश्व कप में भारत का प्रदर्शन साधारण रहा था और अंतरराष्ट्रीय मीडिया की निगाहों में भारत केवल एक सहभागी टीम भर था। लेकिन टूर्नामेंट समाप्त होते-होते परिस्थितियाँ बदल चुकी थीं। कपिल देव की अगुवाई वाली जुझारू टीम ने विश्व क्रिकेट को यह एहसास करा दिया कि भारतीय जब अपने सामर्थ्य पर विश्वास कर लें, तो असंभव प्रतीत होने वाली उपलब्धियाँ भी वास्तविकता बन सकती हैं।

इस विजय के पीछे केवल एक कप्तान नहीं, बल्कि सामूहिक संकल्प की शक्ति थी। कपिल देव का निर्भीक नेतृत्व, यशपाल शर्मा की निर्णायक पारियाँ, रोजर बिन्नी की प्रभावशाली गेंदबाजी, मोहिंदर अमरनाथ का हरफनमौला योगदान और टीम प्रबंधन की दूरदर्शिता, इन सबने मिलकर ऐसा इतिहास रचा जो भारतीय खेल जगत की स्मृति में स्थायी रूप से अंकित हो गया।

क्रिकेट का मक्का कहे जाने वाले लार्ड्स की ऐतिहासिक बालकनी में विश्व कप उठाए खड़े कपिल देव की तस्वीर आज भी करोड़ों भारतीयों के लिए गौरव का प्रतीक है। स्वतंत्र भारत के खेल इतिहास में यह उन दुर्लभ क्षणों में से एक था जिसने सामूहिक आत्मविश्वास को नई ऊँचाई दी। इस जीत ने यह सिद्ध किया कि जुनून, अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास के सामने सबसे शक्तिशाली प्रतिद्वंद्वी भी पराजित हो सकते हैं।

इस जीत ने केवल भारत को विश्व क्रिकेट के मानचित्र पर स्थापित नहीं किया, बल्कि देश की खेल संसति को भी बदल दिया। क्रिकेट धीरे-धीरे जनभावना का हिस्सा बन गया। देश की गलियों में बच्चे अब केवल खेल नहीं रहे थे, वे कपिल देव बनने का सपना देख रहे थे। इसी दौर ने भारतीय क्रिकेट प्रशासन को भी मजबूती दी और आगे चलकर 1987 विश्व कप की मेजबानी का मार्ग प्रशस्त किया।



लाई्स की ऐतिहासिक बालकनी में विश्व कप उठाए खड़े कपिल देव की तस्वीर आज भी करोड़ों भारतीयों के लिए गौरव का प्रतीक है।

विश्व कप से पहले सुनील गावस्कर टेस्ट क्रिकेट में अपनी प्रतिष्ठा स्थापित कर चुके थे, किंतु एकदिवसीय क्रिकेट में भारत को अब भी 'अंडरडग' माना जाता था। 1983 की जीत ने इस धारणा को तोड़ दिया और भारत में सीमित ओवरों के क्रिकेट की लोकप्रियता का नया अध्याय शुरू हुआ।

विश्व कप अभियान भी किसी कथा से कम नहीं था। टूर्नामेंट के दौरान भारत ने ग्रुप चरण में दो बार की विश्व विजेता वेस्टइंडीज को हराकर अपने इरादे स्पष्ट कर दिए। जिम्बाब्वे के विरुद्ध संकट की घड़ी में कपिल देव की 175 रनों की ऐतिहासिक पारी आज भी एकदिवसीय क्रिकेट की महानतम पारियों में गिनी जाती है। वहीं फाइनल में विवियन रिचर्ड्स का कपिल देव द्वारा लिया गया पीछे कीतरफ दौड़ते हुए अविश्वसनीय कैच मैच का निर्णायक क्षण बन गया। अंततः 25 जून 1983 को क्लाइव लयड की कप्तानी वाली खूंखार वेस्टइंडीज को 43 रनों से हराकर भारत ने अपना पहला क्रिकेट विश्व कप जीत लिया।

1983 की यह विजय केवल एक ट्राफी जीतने की घटना नहीं थी, यह भारतीय खेल चेतना के नए युग का उद्घोष थी। आने वाली पीढ़ियों में सचिन, धोनी और कोहली जैसे खिलाड़ियों ने इस से प्रेरणा लेते हुए अपने सपने को अंजाम तक पहुंचाया। आज क्रिकेट भारत की पहचान बन चुका है। ऐसा हुआ ही न होता अगर उस दिन भारतीय टीम कपिल देव की अगवाई में इतिहास न रचती। 25 जून का दिन इतिहास में ऐसे याद किया जाना चाहिए कि इस दिन असंभव जैसे शब्द की सीमाओं को लांघकर भारतीय टीम ने विश्वकप अपने नाम करके दुनिया को यह संदेश दिया कि इरादे नेक हों तो कुछ भी संभव हो सकता है।

*अमरेश कुमार, शिक्षक, जी एस डी एच एस, बल्लीपुर।*

## संक्षिप्त खबरें

### 15 हजार नकद समेत मोबाइल बाइक ले गया बदमाश

**बेनीपुर (एनएसबी)।** बहेड़ा थाना क्षेत्र के त्रिमुहानी पुल के पास विगत 11 जून (मंगलवार ) की देर रात हथियारबंद बदमाशों ने एक बाइक सवार को लूट लिया। बदमाशों ने मारपीट कर मोबाइल फोन, मोटरसाइकिल, बैग और 15 हजार रुपये नकद लूट लिए। पीड़ित को सिर में गंभीर चोट आई है। पीड़ित रमेश पंडित, निवासी ग्राम गोसवा, थाना अलीनगर, मसमोतपुर से अपने घर जा रहे थे। त्रिमुहानी पुल पार कर दाहिनी ओर पहुंचते ही एक मोटरसाइकिल पर सवार चार बदमाशों ने उन्हें घेर लिया। हथियार दिखाकर बदमाशों ने उनसे मोबाइल, बाइक और बैग छीन लिया। बैग में वाइल्ड्स मैक, गिब्बल, कपड़े, फोन चार्जर, जरूरी दस्तावेज और 15 हजार रुपये कैश थे। विरोध करने पर बदमाशों ने रमेश के सिर पर हथियार के बट से वार कर दिया। शोर मचाने पर आसपास के लोग पहुंचे, तब तक बदमाश फरार हो चुके थे। घायल रमेश को अनुमंडल अस्पताल बेनीपुर में भर्ती कराया गया। सूचना मिलते ही बहेड़ा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। रमेश पंडित की शिकायत पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ कांड संख्या 353/26 दर्ज किया गया है। थानाध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया कि मोबाइल ट्रैकिंग के आदेश देते हुए एस आई दीपक कुमार को जांच सौंपी है। जल्द से जल्द घटना का उद्धभेदन कर लिया जाएगा। पुलिस आसपास के सीसीटीवी खंगाल रही है। बदमाशों की तलाश जारी है।

### 25 जून को प्रातः 9 बजे से अपराह्न 12 बजे तक विद्युत आपूर्ति रहेगी बंद

**दरभंगा(एनएसबी)।** पंडासराय के लहेरी टोला क्षेत्र में मुहर्रम पर्व के अवसर पर ताजिया एवं लग्गा मिलान का कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। उक्त कार्यक्रम के मद्देनजर सुरक्षा एवं आयोजन व्यवस्था को देखते हुए 33 केवी पंडासराय फीडर के ओवरहेड तार को खोलकर 33 केवी भूमिगत केबल से विद्युत आपूर्ति संचालित करने का कार्य किया जाएगा। इस कार्य हेतु दिनांक 25 जून,2026 को प्रातः 9 बजे से अपराह्न 12 बजे तक 33 केवी पंडासराय फीडर की विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। उक्त अवधि में 33/11 केवी विद्युत शक्ति उपकेंद्र, पंडासराय एवं जेल से निकलने वाले सभी 11 केवी फीडरों की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। साथ ही, 33/11 केवी विद्युत शक्ति उपकेंद्र, डीएमसीएच एवं बंगाली टोला से निकलने वाले 11 केवी फीडरों को भी आवश्यकता अनुसार आधे-आधे घंटे के रोटेशन पर संचालित किया जाएगा, जिसके कारण संबंधित क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। प्रभावित होने वाले क्षेत्र- बरहेता, टीचर कॉलोनी ,चित्रगुप्त नगर, हाउसिंग बोर्ड, मिथिला नगर, जनकपुरी, खाजा सराय ,खराजपुर, फ्रेंच कॉलोनी , सैदनगर, राजेंद्र नगर, शास्त्री नगर ,काली धाम किसान नर्सरी ,चित्रगुप्त नगर, बाबू साहेब कॉलोनी, डरहार, गोविंदपुर राम जानकी मंदिर,बहादुरपुर, बंबईया चौक , लहरिया सराय टावर ,पुलिस लाइन, लक्ष्मीपुर कॉलोनी, एमपी मिश्रा चौक, बलभद्रपुर, खाजा सराय, न्यू खाजा सराय, पंडासराय, लहरी टोल ,केङ्कएमङ्क टैंक, बाकरगंज, गुदरी बाजार, इस्माईलगंज, बड़ी मस्जिद, छोटी मस्जिद ,लाइट हाउस, इमाम बारी, दुमदुमा, करमगंज, महाराजगंज, आकोपुर, गायत्री मंदिर, दारू भट्ठी चौक इत्यादि शामिल है।




### सतीस्थान बना आस्था का कुंभ, नाम संकीर्तन नवाह यज्ञ बना चर्चा का विषय

**नाम संकीर्तन नवाह यज्ञ में सतीस्थान में संत महात्माओं तथा जनप्रतिनिधयो की हो रही भागीदारी**

**बिरौल (एनएसबी)।** दरभंगा जिले के बिरौल प्रखंड के पररी गांव के सतीस्थान में 19 जून से चल रहा नाम संकीर्तन नवाह यज्ञ चर्चा का विषय बना हुआ है।जय हे सती मैया जय हो दुखिया बाबा के मंत्र जाप से पूरा क्षेत्र धार्मिक वातावरण गुंजायमान हो रहा है।आयोजक मंडली के सदस्यों ने बताया कि 19 जून को यह नवाह यज्ञ प्रारंभ हुआ तथा जिसमें स्थानीय सांसद सह लोकसभा में भाजपा सचेतक तथा सतीमैया में अटूट विश्वास रखने वाले पररी ग्राम निवासी डा गोपाल जी ठाकुर, स्थानीय गौरवौराम के विधायक सुजित कुमार सिंह, केवटी के विधायक डा मुरारी मोहन झा सहित दर्जन से अधिक जिला स्तर के जनप्रतिनिधियों तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि भी शामिल हुए थे तथा छह दिनों से अनवरत चल रहे इस अनुष्ठान में सांसद डा ठाकुर प्रतिदिन इस नवाह यज्ञ के सहभागी हो रहे। पूर्व मंत्री सह जाले विधायक जीवेश मिश्रा भी सतीमैया का दर्शन कर आशीर्वाद लिया एवं नाम संकीर्तन का श्रवण किया है। बुधवार को नवाह यज्ञ में भाग लेते हुए सांसद डा ठाकुर ने इस नवाह यज्ञ की महत्ता की चर्चा करते हुए कहा है कि धर्म के पथों पर चले बिना कलियुग में जीवन से मुक्ति नहीं मिल सकती है।

### लहेरियासराय सेवाकेंद्र पर संस्था की प्रथम मुख्य प्रशासिका का पुण्यतिथि मनाया गया



**दरभंगा (एनएसबी)।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के लहेरियासराय सेवाकेंद्र पर संस्था की प्रथम मुख्य प्रशासिका जगदंबा सरस्वती मां का पुण्यतिथि बहुत श्रद्धापूर्वक मनाया गया ।जिसमें ब्रह्माकुमारीज से जुड़े सैकड़ो ब्रह्मावत्स जगदंबा मां को अपना श्रद्धा सुमन अर्पित किए और अपने जीवन को जगदंबा मां के समान श्रेष्ठ व पवित्र बनाने का प्रण किए। अपने उद्बोधन में दरभंगा ब्रह्माकुमारीज जिला प्रमुख बी के आरती बहन ने कहा कि आज हम सभी ब्रह्मा वत्सों के लिए गौरव की बात है की संस्था की प्रथम प्रशासिका जगदंबा सरस्वती जो 1937 से लेकर के 1965 तक संस्था की प्रमुख रही उनकी स्मृति दिवस को हम सभी यहां श्रद्धापूर्वक मना रहे हैं। वरिष्ठ राजयोगी शिक्षक बी के सुधाकर भाई, मुजफ्फरपुर से पधारे वरिष्ठ राजयोगी शिक्षक बी के भास्कर, सहित कई लोग मौजूद रहे।

### कोशी और कमला बलान नदी के जलस्तर में लगातार हो रही वृद्धि

**कुशेश्वरस्थान पूर्वी (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र में कोशी और कमला बलान नदी के जलस्तर में पिछले दो दिनों से लगातार हो रही वृद्धि में बुधवार को तीसरे दिन विराम लगने के साथ ही जलस्तर में कमी होने लगी है। नदियों के जलस्तर की वृद्धि रुकने और कमी होने से क्षेत्र के लोगों ने राहत की सांस ली है। हालांकि ईटहर पंचायत के चौकिया घाट पर पहले की तरह नाव का परिचालन जारी है।

### विधायक ने मृतक के आश्रितो को दिया चार चार लाख का चेक



**सिंहवाड़ा (एनएसबी)।** प्रखंड मुख्यालय परिसर मे स्थानीय विधायक जीवेश कुमार ने बुधवार को आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से मृतकों के आश्रित एवं अगलगी पीड़ित लोगों के बीच मुआवजे का चेक वितरण किया गया। सीओ नेहा कुमारी की उपस्थिति में नगर पंचायत भरवाड़ा में डूबने से हुई दंपती मो. सनाउल्लाह एवं इशरत परवीन की मौत के बाद उनके पुत्र हस्मतुल्लाह को चार-चार लाख का दो चेक प्रदान किया गया। हरिहरपुर पश्चिमी में सर्पदंश से रेखा देवी की मौत के बाद आश्रित सत्यनारायण राउत को चार लाख का चेक प्रदान किया गया। वहीं अगलगी की घटना में हुई क्षति का मनिकौली की सीरिया देवी और कलिगांव के सुट्टू दास को 12-12 हजार का चेक दिया गया। मौके पर विधायक ने पीड़ित परिवार के प्रति संवेदना प्रकट कर कहा कि राहत की राशि से भविष्य एवं परिवार के गुजर बसर की समुचित उपाय कर सकेंगे। मौके पर मंडल अध्यक्ष भोला राय, शिवशंकर साह, हीरा भगत, राजकुमार मालाकार, वंशु चौपाल, टिंकू सिंह, देवन सहनी, मुन्ना चौबे सहित अन्य मौजूद थे।

### सिंहवाड़ा मे अनुश्रवण समिती की हुई बैठक


**सिंहवाड़ा (एनएसबी)।** प्रखंड मुख्यालय के सद्भावना मंडप में बुधवार को अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमे बाढ से की तैयारियो को लेकर चर्चा की गई। सीओ नेहा कुमारी की अध्यक्षता में हुई बैठक में बताया गया कि अंचल मेड़ों सरकारी नाव उपलब्ध है। जबकि पोलीथीन शीट 425 है जिला से अतिरिक्त 500 पोलीथीन शीट की मांग की गई है।

# कौशल विकास एवं उद्यमिता का हब बनेगा रामनगर आईटीआई: डा. गोपाल जी ठाकुर

**सांसद ने कहा रामनगर आईटीआई का प्रमुख औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र के रूप में केंद्र सरकार ने किया चयन**

**दरभंगा (एनएसबी)।** पीएम सेतु योजना के तहत भारत सरकार के कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय के द्वारा दरभंगा रामनगर स्थित सरकारी आईटीआई का चयन किया गया जिसे प्रमुख औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के रूप में विकसित किया जाएगा।

स्थानीय सांसद सह लोकसभा में भाजपा सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने इस संबंध में केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्यमंत्री श्री जयंत चौधरी के द्वारा भेजे गए पत्र के आलोक में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि इस क्षेत्र में राष्ट्रीय उद्यमिता एवं लघु व्यवसाय संस्थान और भारतीय उद्यमिता संस्थान के माध्यम से उद्यमिता को प्रोत्साहित किया जा३ रहा है तथा इसके माध्यम से बड़े स्तर पर युवाओं को प्रशिक्षित कर रोजगार उपलब्ध कराने के लिए सक्षम बनाए जाएंगे। सांसद डा ठाकुर ने दरभंगा को मिली उपलब्धि की चर्चा करते हुए कहा है कि 25 मई 2026 को दरभंगा को कौशल विकास का हब बनेगा के लिए उनके द्वारा मंत्री श्री को भेंटकर पत्र सौंपकर आग्रह किया गया था जिसका सकारात्मक परिणाम सामने आ गया है।



डा. गोपाल जी ठाकुर सांसद।

सांसद डा ठाकुर ने बताया कि केंद्रीय मंत्री श्री चौधरी के द्वारा सूचित किया गया है कि प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.2 के तहत रामनगर आईटीआई से 11 प्रशिक्षण केंद्रों को सूचीबद्ध किया जा रहा है तथा सॉफ्टवेयर प्रोग्राम, मौकेनिकल फिटर एवं इलेक्ट्रिकल टेक्नीशियन सहित विभिन्न जॉब रॉल में छात्र छात्राओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है। उन्होंने 25 मई 2026 को केंद्रीय मंत्री श्री चौधरी से दरभंगा को स्किल डेवलपमेंट और इंटर प्रोन्योरशिप जब बनाने के लिए३ चर्चा की थी और एक माह के अंदर इस संबंध में की गई पहल दरभंगा सहित मिथिला क्षेत्र में नवाचार को बढ़ाने हेतु मोदी सरकार की तत्परता का प्रमाण है।

राज्य सरकार के सहयोग से कौशल योजनांतर्गत उद्यमिता एवं नवाचार प्रकोष्ठ तथा आईटी पाठ्यक्रमों में स्किलिंग,रि स्किलिंग तथा अप स्किलिंग के लिए उद्यमिता मॉड्यूल की व्यवस्था की जा रही है। पिछले वर्षों में भी भारत सरकार के द्वारा पीएम सेतु योजना से बिहार के दो जिले के आईटीआई का चयन किया गया तथा जिसमें पटना और रामनगर आईटीआई दरभंगा का चयन किया गया था तथा पुनः पीएम सेतु योजना से कौशल विकास तथा उद्यमिता संस्थान के रूप में इसको विकसित किए जाने की पहल दरभंगा सहित इस क्षेत्र के लिए वरदान साबित होगा।

## सभी अंगीभूत एवं संबद्ध महाविद्यालयों में बीबीए एवं बीसीए की पढ़ाई प्रारंभ करने का निर्णय

**कुलपति की अध्यक्षता में मिथिला विश्वविद्यालय में विद्वत परिषद् की बैठक आयोजित**



बैठक में कुलपति प्रो. संजय कुमार चौधरी एवं अन्य।

**दरभंगा (एनएसबी)।** ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के विद्वत परिषद् की बैठक कुलपति प्रो. संजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में हाइब्रिड मोड में कुलपति के आवासीय कार्यालय स्थित कॉन्फ्रेंस कक्ष में आयोजित की गई, जिसमें डॉ अनिल कुमार मंडल, प्रो मुश्ताक अहमद, प्रो संजय झा, डॉ शशि भूषण कुमार 'शशि', डॉ राजकुमार साह, डॉ एस एन राय, डॉ गुणानन्द चौधरी, डॉ शंभू नाथ ठाकुर आदि उपस्थित थे। विद्वत परिषद् की बैठक के अध्यक्ष कुलपति की अनुमति से बैठक प्रारंभ की गई। सदस्यों का स्वागत एवं बैठक का संचालन प्रभारी कुलसचिव प्रो अशोक कुमार मेहता ने की।

संबंधन एवं नयी शिक्षण-कार्यक्रम समिति की बैठक के निर्णयों, जिसमें विश्वविद्यालय के सभी अंगीभूत एवं संबद्ध महाविद्यालयों में बीबीए एवं बीसीए की पढ़ाई प्रारंभ करना है, पर सहमति प्रदान की गई। अविनाश विधि महाविद्यालय को एनओसी प्रदान करने की सैद्धांतिक सहमति दी गई तथा बीएमए कॉलेज, बहेड़ी, दरभंगा में संगीत विषय एवं सीएम कॉलेज, दरभंगा में फारसी विषय में स्नातक स्तरीय पढ़ाई शुरू करने की सहमति दी गई।सीएम कॉलेज, दरभंगा में पोस्ट ग्रैजुएट डिप्लोमा इन ट्रांसलेशन पीजीडीटी कोर्स प्रारंभ करने की सहमति दी गई तथा सीएम कॉलेज में 4 वर्षीय स्नातक इंटीग्रेटेड बी एड प्रोग्राम इंटीग्रेटेड टीचर एजुकेशन प्रोग्राम जो इसी शैक्षणिक सत्र 2026-27 से प्रारंभ हो रहे, के पाठ्यक्रम को अनुमोदित किया गया। वहीं अन्यान्य मद में सीएम कॉलेज, दरभंगा में चालू हो रहे 4 वर्षीय बीएड डिग्री के फी स्ट्रक्चर की स्वीकृति इस शर्त के साथ प्रदान की गई कि यह यदि महाविद्यालय विकास समिति से अनुमोदित होकर विश्वविद्यालय को प्राप्त होता हो। इसके लिए छात्र कल्याण अध्यक्ष प्रो अशोक कुमार मेहता को अधिकृत किया गया कि वे अपनी अनुशंसा कुलपति को देंगे। धन्यवाद ज्ञापन प्रभारी कुलसचिव प्रो मेहता ने किया।

## जिला परिषद की सामाजिक न्याय समिति का गठन, डॉ. नन्द किशोर झा 'बेचन' बने अध्यक्ष

**जिप अध्यक्ष रेणु देवी को दी गई बधाई; समिति में पांच सदस्य व दो आमंत्रित सदस्य मनोनीत, सामाजिक न्याय और जनकल्याण को मिलेगी नई दिशा**



**दरभंगा (एनएसबी)।** जिला परिषद दरभंगा की सामाजिक न्याय समिति के गठन एवं उसके अध्यक्ष तथा सदस्यों के मनोनयन पर हर्ष व्यक्त किया गया है। जिला परिषद अध्यक्ष रेणु देवी को समिति के सफल गठन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई हैं। समिति के अध्यक्ष पद पर अलीनगर क्षेत्र से जिला परिषद सदस्य डॉ. नन्द किशोर झा ह्यबेचनह्ण को मनोनीत किया गया है। समिति के सदस्य के रूप में जिला परिषद सदस्य रंजना कुमारी, सुजाता कुमारी,सीमा कुमारी एवं अमरनाथ शर्मा को जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं आमंत्रित सदस्य के रूप में सत्यप्रकाश यादव एवं संजय चौपाल को नामित किया गया है। समिति के सचिव के रूप में जिला कल्याण पदाधिकारी को नामित किया गया है। इस अवसर पर कहा गया कि सामाजिक न्याय समिति समाज के सभी वर्गों, विशेषकर वंचित, कमजोर एवं जरूरतमंद लोगों के अधिकारों की रक्षा, सामाजिक समानता को बढ़ावा देने तथा जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों के अनुभव, सक्रियता और जनसरोकारों से जुड़े दृष्टिकोण का लाभ आम लोगों को मिलेगा।नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ. नन्द किशोर झा ह्यबेचनह्ण के प्रति विश्वास व्यक्त करते हुए कहा गया कि उनके नेतृत्व में समिति सामाजिक न्याय, समावेशी विकास एवं जनहित से जुड़े मुद्दों पर प्रभावी और सकारात्मक पहल करेगी।

### बेनीपुर में सखी वन स्टॉप सेंटर का उद्घाटन, पीड़ित महिलाओं को मिलेगी एक छत के नीचे मदद

**बेनीपुर (एनएसबी)।** अनुमंडल कार्यालय परिसर में बुधवार को अतिरिक्त सखी वन स्टॉप सेंटर का उद्घाटन अनुमंडल पदाधिकारी मनीष कुमार झा ने फीता काटकर किया। उद्घाटन के बाद एसडीओ ने केंद्र के कक्षों, सुरक्षा व्यवस्था व बुनियादी सुविधाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पीड़ित महिलाओं व बालिकाओं के साथ संवेदनशील, सम्मानजनक और गोपनीय व्यवहार हो तथा समयबद्ध सहायता दी जाए। एसडीओ ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा और



सशक्तिकरण सरकार की प्राथमिकता है। इस केंद्र से हिंसा पीड़ित महिलाओं को स्थानीय स्तर पर त्वरित व समन्वित सहायता मिलेगी।केंद्र में अस्थायी आश्रय, चिकित्सीय सहायता, मनोसामाजिक परामर्श, विधिक व पुलिस सहायता, पुनर्वास सहित सभी जरूरी सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। कार्यक्रम में जिला परियोजना प्रबंधक ब्रजेश कुमार सिंह, जिला मिशन समन्वयक ऋषि कुमार, वित्तीय साक्षरता विशेषज्ञ वीरेन्द्र कुमार, आईसीडीएस प्रतिनिधि ब्रजेश कुमार झा, महिला पर्यवेक्षिकाएं व अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का समन्वय महिला एवं बाल विकास निगम तथा जिला हब फॉर एम्पॉवरमेंट ऑफ वीमेन, दरभंगा ने किया।

## बिजली ट्रांसफॉर्मर जल जाने से 32 घंटे से विद्युत आपूर्ति पूरी तरह ठप

**कुशेश्वरस्थान पूर्वी (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र की केवटगामा पंचायत अंतर्गत भरडीहा गांव में बिजली ट्रांसफॉर्मर जल जाने के कारण पिछले 32 घंटे से विद्युत आपूर्ति पूरी तरह ठप है। भीषण गर्मी और उमस के बीच गांव के सैकड़ों परिवार अंधेरे में रहने को मजबूर हैं। बिजली नहीं रहने से लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो गई है और उपभोक्ताओं में विद्युत विभाग के प्रति आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि गांव का ट्रांसफॉर्मर से तेल लिकीज 4 से 5 दिनों से ही कर रहा था इसकी३ जानकारी विभाग के कर्मी को दिया गया लेकिन विभाग अनदेखा कर उसी को रिपेयर कर दिया जिसका नतीजा ये हुआ कि ट्रांसफार्म एकाएक आवाज किया और खराब होकर जल गया, जिसके बाद पूरे गांव की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। बिजली नहीं रहने से पंखे, कूलर, मोटर और अन्य विद्युत उपकरण बंद पड़े हैं। दिन और रात दोनों समय लोगों को गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। सबसे अधिक परेशानी छोटे बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों को हो रही है।३ उमस भरी गर्मी के कारण लोगों का घरों में रहना मुश्किल हो गया है।

ग्रामीणों का कहना है कि ट्रांसफॉर्मर जलने की सूचना तत्काल विभागीय अधिकारियों को दी गई थी, लेकिन 32 घंटे बीत जाने के बावजूद नया ट्रांसफॉर्मर नहीं लगाया गया है। विभागीय उदासीनता से लोगों में नाराजगी बढ़ रही है। उपभोक्ताओं ने बताया कि वे नियमित रूप से बिजली बिल का भुगतान करते हैं, इसके बावजूद बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं हो रहा है।

बिजली आपूर्ति ठप होने से मोबाइल चार्जिंग की समस्या भी गंभीर हो गई है। ग्रामीणों को अपने मोबाइल फोन चार्ज कराने के लिए कुशेश्वरस्थान बाजार जाना पड़ रहा है, जहां 10 रुपये शुल्क देकर मोबाइल चार्ज कराना पड़ता है। इसके बाद ही वे बाहर प्रदेशों में रह रहे अपने परिजनों से संपर्क कर पा रहे हैं। इससे समय और पैसे दोनों की अतिरिक्त परेशानी उठानी पड़ रही है।ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द नया ट्रांसफॉर्मर लगाकर बिजली आपूर्ति बहाल नहीं की गई तो वे विभाग के खिलाफ आंदोलन करने को बाध्य होंगे। ऐसे में विभाग को संवेदनशीलता दिखाते हुए अविलंब नया ट्रांसफॉर्मर उपलब्ध कराकर बिजली आपूर्ति बहाल करनी चाहिए। इस सम्बंध में विभाग के एसडीओ प्रभास चन्द्र चौधरी ने बताया कि नया ट्रांसफार्मर भेज दिया गया है आज शाम तक लग जयगा जल्द ही बिधुत बहाल कर दिया जयगा।

## बीएससी नर्सिंग की परीक्षा से वंचित डीएमसीएच का छात्र चढ़ा मोबाइल टावर पर

**दरभंगा (एनएसबी)।** डीएमसीएच के बीएससी नर्सिंग की परीक्षा से वंचित किए जाने के विरोध में एक छात्र मोबाइल टावर पर चढ़ गया। कई घंटे तक हाई वोल्टेज ड्रामा चला रहा। परिसर में बुधवार को उसे समय अफरा तफरी मच गई जब बीएससी नर्सिंग के एक छात्र ने परीक्षा में शामिल नहीं होने देने के विरोध में ट्रामा सेंटर के पीछे अवस्थित मोबाइल टावर पर चढ़ गए। छात्र के टावर पर चढ़ना की सूचना मिलते ही अस्पताल परिसर में लोगों की भारी भीड़ जुट गई और करीब 4 घंटे तक हाई वोल्टेज ड्रामा चला रहा। बेंता थाना कोतवाली थाना और लहेरियासराय थाना की पुलिस मौके पर पहुंचकर छात्र को समझने का प्रयास किए लेकिन वह मानने को तैयार नहीं था। वही फायर ब्रिगेड की बड़ी गाड़ी को भी बुलाया गया। ताकि सीढ़ी के सहारे समझा बुझा कर उसे उतरा जा सके। बताया जाता है कि पूर्वी चंपारण जिले के धनंजय पांडेय डीएमसी नर्सिंग कॉलेज के सातवें सेमेस्टर का छात्र है। छात्र का आरोप है कि उसे बुधवार को आयोजित होने वाली परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी गई। जबकि उसने पूर्व में कॉलेज प्रशासन को माफी नाम भी सौंप दिया था। प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार परीक्षा से वंचित किए जाने से आक्रोशित छात्र ट्रामा सेंटर के पीछे स्थित मोबाइल



मोबाइल टावर पर चढ़ा छात्र ।

टावर पर चढ़ गया और वहीं से अपनी मांगों को लेकर विरोध जताने लगा। घटना की सूचना मिलते ही कई थाने की पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचकर छात्र को सुरक्षित३ नीचे उतरने के लिए प्रयास करने लगे। किसी व्यक्ति ने जिलाधिकारी कौशल कुमार का मोबाइल नंबर छात्र को दिया गया। छात्र ने जिलाधिकारी से बात की तो उन्होंनें आकर मिलने की बात कहीं और अपनी समस्या से अवगत कराने को कहा। मौके पर उपस्थित छात्रों ने बताया कि धनंजय को कॉलेज प्रशासन ने कथित अभद्र व्यवहार के आरोप में 10 दिनों के लिए निलंबित कर दिया था जिसके कारण वह निर्धारित परीक्षा में शामिल नहीं हो सका। टावर पर चढ़ने की सूचना मिलने पर नर्सिंग कॉलेज की प्राचार्य भवानी भारतीय भी घटनास्थल पर पहुंची और छात्र को समझने का प्रयास किया लेकिन वह काफी देर तक नीचे उतरने को तैयार नहीं हुआ। करीब 4 घंटे तक तेज धूप में टावर पर८ मौजूद छात्र की सुरक्षा को लेकर सभी छात्रों और प्रशासनिक अधिकारियों की चिंता बढ़ रही थी। काफी समझाने और मां मनौवल और के बाद छात्र सुरक्षित नीचे उतर आया। वहीं छात्रा ने प्राचार्य पर परीक्षा में शामिल करने के नाम पर ₹12000 मांगने का भी आरोप लगाया। उसने कहा कि वर्ष 2022 26 बच के छात्रों के साथ लगातार अभद्र व्यवहार किया जाता है तथा उसे जानबूझकर परीक्षा से वंचित करने की कोशिश की जा रही है। इधर प्राचार्य भवानी भारती ने छात्रा के आरोपी को निराधार बताते हुए कहा कि उसके विरुद्ध अनुशासनहीनता और अभद्र व्यवहार के कारण कार्रवाई की गई थी। उन्होंने रुपए के लेनदेन के आप को पूरी तरह निराधार बताया। पुलिस के द्वारा छात्र को डीएमसीएच के अधीक्षक डॉक्टर (प्रोफेसर) जगदीश चंद्र ने आश्वासन दिया कि मामले की जांच करवा कर परीक्षा में शामिल किया जाएगा। आश्वासन के बाद छात्र छात्रावास चले गए।

## संक्षिप्त खबरें

### नशा मुक्त भारत अभियान - विकसित भारत की पहचान विषय पर जन जागरूकता



**समस्तीपुर (एनएसबी)।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली एवं सामाजिक सुरक्षा निदेशालय बिहार के आदेशानुसार नशा मुक्ति सप्ताह अंतर्गत नशा मुक्त भारत अभियान - विकसित भारत की पहचान विषय पर जन जागरूकता हेतु समस्तीपुर जिला के मध्य विद्यालय बेला पंचरुखी में प्रधानाध्यापक मुकेश कुमार के नेतृत्व में निबंध और पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। समापन सत्र में शपथ ग्रहण कराया गया,जिसमें बच्चों ने संकल्प लिया कि अपने देश को नशा मुक्त करने के लिए अपनी क्षमता के अनुसार हर संभव प्रयास करूंगा। जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग द्वारा जारी तिथि बार कार्यक्रम के तहत आज नोडल पदाधिकारी जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी जूही कुमारी एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यक्रम कामेश्वर गुप्ता के नेतृत्व में जिले के शिक्षण संस्थानों में क्विज, निबंध, पेंटिंग एवं खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन करने का आदेश दिया गया था। इसी के आलोक में शिक्षक विमल कुमार साह के नेतृत्व में बच्चों ने नशा मुक्ति ताली एवं परिवार व समाज में नशा करने वालों को प्रणाम कर इसके दुष्परिणाम की जानकारी देने का प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर शिक्षक मो. सादुल्लाह, कैलाश राम, दिवाकर कुमार सिंह, अंजुमन शाहीन, खुशबू राय, विभा कुमारी, इंदिरा कुमारी, बाल संसद की प्रधानमंत्री अनन्या कुमारी आदि ने सहयोग किया। इस अवसर पर शिक्षक संजीव कुमार झा के नेतृत्व पौधारोपण कराया गया।

### मारपीट व सड़क दुर्घटना में चार घायल, एक की हालत गंभीर

**समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)।** जिले के कल्याणपुर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में हुई मारपीट और सड़क दुर्घटना की अलग-अलग घटनाओं में चार लोग घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कल्याणपुर में भर्ती कराया गया। इस बाबत प्राप्त जानकारी के अनुसार सड़क दुर्घटना में बेगूसराय जिले के बछ्वाड़ा निवासी 21 वर्षीय अमन कुमार घायल हो गए। वहीं मारपीट की अलग-अलग घटनाओं में हरिहरपुर जखड़ा गांव निवासी श्याम नंदन सिंह, गोपालपुर निवासी 35 वर्षीय छ्पेंद्र पाल तथा विरसिंहपुर निवासी 47 वर्षीय जितेंद्र कुमार घायल हो गए। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. हैदर ने बताया कि सभी घायलों का इलाज किया जा रहा है। हालांकि श्याम नंदन सिंह की स्थिति गंभीर होने के कारण उन्हें बेहतर उपचार के लिए सदर अस्पताल समस्तीपुर रेफर कर दिया गया है। पुलिस मामले की जानकारी जुटाने में लगी हुई है तथा संबंधित घटनाओं की जांच की जा रही है।

### भाई राजू सहनी ने पहुंचाई बेटी की शादी में मदद, की आर्थिक सहायता



**समस्तीपुर (एनएसबी)।** जिले के उजियारपुर प्रखंड स्थित चंदौली में गरीब विधवा महिला की बेटी की शादी में गरीबों के मसीहा भाई राजू सहनी ने एक बार फिर मदद का हाथ बढ़ाया। समस्तीपुर जिले के उजियारपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत रामचंद्रपुर अंधौला पंचायत के चंदौली वार्ड संख्या 12 निवासी, स्वर्गीय उपेन्द्र सहनी व की विधवा, इसावती देवी की तीन पुत्री में सबसे छोटी पुत्री नमीता की शादी तय हुई थी। लेकिन परिवार बेहद गरीबी में जीवन यापन कर रहा है। शादी की सामग्री जुटाने में असमर्थ, गरीब विधवा महिला ने मदद की उम्मीद में इसकी जानकारी पूर्व मुखिया उमेश प्रसाद सहनी को दी। श्री साहनी ने टेलीफोन की माध्यम से, गरीबों के मसीहा कहे जाने वाले मशहूर समाजसेवी भाई राजू सहनी को मामले की जानकारी दी। जिसके बाद समाजसेवी भाई राजू सहनी ने शादी के दिन फर्नीचर, रजाई, गद्दा, ट्रंक, कपड़े, आदि सहित आर्थिक मदद उपलब्ध करा दिया। गरीब परिवार की बेटी की शादी में मदद मिलने के बाद वहां मौजूद ग्रामीण उमेश प्रसाद सहनी, महेश सहनी, बैजनाथ सहनी, सत्यदेव सहनी, पूर्व मुखिया राजन देवी, ने राजू सहनी का आभार जताते हुए कहा कि, भाई राजू सहनी लगातार हर जरूरतमंद गरीबों की मदद कर रहे है, और भी समाजसेवी को आगे आकर गरीबों को मदद करना चाहिए।

### बहू सुचिता कुमारी बनी आरडीओ, क्षेत्र में खुशी की लहर



**समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)।** जिले के खानपुर प्रखंड अंतर्गत रेबड़ा वार्ड संख्या-1 निवासी एवं जदयू अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष विशुन देव सहनी की पुत्रवधू सुचिता कुमारी ने बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा में सफलता हासिल कर क्षेत्र, जिला एवं राज्य का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि पर परिवार सहित पूरे गांव में खुशी का माहौल है।सुचिता का चयन राजस्व विभाग में राजस्व पदाधिकारी (आरडीओ) के पद पर हुआ है। सफलता के बाद उन्होंने अपनी उपलब्धि का श्रेय परिवार के सदस्यों, विशेषकर ससुराल पक्ष को दिया। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के दौरान परिवार का पूरा सहयोग और प्रोत्साहन मिलता रहा, जिसके कारण यह सफलता संभव हो सकी। सुचिता के पति सुनील कुमार सहनी एक निजी कंपनी में सीनियर मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं। वहीं उनके जेठ भारतीय रेलवे में टेक्नीशियन तथा जेठानी शिक्षिका हैं। मायके पक्ष में भी शिक्षा और सरकारी सेवा की मजबूत पृष्ठभूमि रही है। उनके भाई विजय कुमार सहनी उद्योग विस्तार पदाधिकारी, अजित कुमार सहनी शिक्षक, सुजीत कुमार सहनी लोको पायलट तथा सुमित कुमार सहनी स्टेशन मास्टर के पद पर कार्यरत हैं। सबसे छोटे भाई रितेश सहनी उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। सुचिता कुमारी की इस उपलब्धि पर ग्रामीण राम लखन सहनी, सगुण कुमार राय समेत बड़ी संख्या में लोगों ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### विधि-व्यवस्था संधारण को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित



**समस्तीपुर (एनएसबी)।** अनुमंडल पदाधिकारी, सदर, दिलीप कुमार के नेतृत्व में आगामी मुहर्रम पर्व एवं विधि-व्यवस्था संधारण को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य पर्व के अवसर पर शांति, सौहार्द एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ शहर की विभिन्न जनसमस्याओं के समाधान हेतु संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित करना था। बैठक में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर समस्तीपुर, ट्रैफिक पुलिस पदाधिकारी, नगर निगम के पदाधिकारी, विद्युत विभाग के पदाधिकारी, विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि एवं व्यवसायी संघ के सदस्य उपस्थित थे। बैठक के दौरान व्यवसायी संघ के प्रतिनिधियों द्वारा शहर में यातायात व्यवस्था, अतिक्रमण, विद्युत आपूर्ति, ओवरब्रिज से संबंधित समस्याएं, साफ-सफाई, जलनिकासी एवं अन्य जनहित से जुड़े विषयों को प्रमुखता से उठाया गया। व्यवसायी संघ के प्रतिनिधियों ने कहा कि शहर में बढ़ते यातायात दबाव के कारण आमजनों एवं व्यवसायियों को कई प्रकार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इसके अतिरिक्त, कुछ स्थानों पर विद्युत आपूर्ति एवं अधोसंरचनात्मक समस्याओं के कारण भी लोगों को परेशानी हो रही है। इस पर अनुमंडल पदाधिकारी दिलीप कुमार ने संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि सभी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित निष्पादन सुनिश्चित किया जाए।

# धार्मिक आयोजन से बढ़ेगी सामाजिक समरसता : मुख्यमंत्री

- '24 अवतार धाम' बना आस्था का नया केंद्र, सीएम ने किया उद्घाटन
- प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव सह विष्णु महायज्ञ में शामिल हुए मुख्यमंत्री,
- पूजा अर्चना कर की राज्य के सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना



विजेता टीम के साथ पदाधिकारी।

**पटना/एनएसबी।** मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी आज समस्तीपुर जिले के खानपुर प्रखंड स्थित चकोटी मठ के प्रसिद्ध '24 अवतार धाम पहुंचे, जहां उन्होंने भव्य प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव-सह-विष्णु महायज्ञ एवं संत महाकुंभ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान श्री महाविष्णु के 24 अवतारों तथा अन्य विग्रहों की विधिवत पूजा-अर्चना की और राज्य की सुख-शांति, समृद्धि एवं कल्याण की कामना की। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने चकोटी मठ परिसर में स्थापित श्री महाविष्णु जी के '24 अवतार धाम' का शिलापट्ट अनावरण कर उसका लोकार्पण किया।

मुख्यमंत्री ने उपस्थित संत-महात्माओं, धार्मिक गुरुओं एवं श्रद्धालुओं का अभिवादन करते हुए कहा कि चकोटी मठ का यह '24 अवतार धाम आनेवाले समय में देशभर के श्रद्धालुओं के लिए आस्था और आध्यात्मिक चेतना का प्रमुख केंद्र बनेगा। धार्मिक एवं आध्यात्मिक आयोजन भारतीय संस्कृति और सनातन परंपराओं के संरक्षण एवं संवर्द्धन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं तथा सामाजिक समरसता, संस्कार एवं राष्ट्र निर्माण को मजबूत बनाते हैं।

चकोटी मठ पहुंचने पर सर्वप्रथम श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर राम सेवक दास शास्त्री जी महाराज ने मुख्यमंत्री का फूलों की विशाल माला एवं पाग से हार्दिक अभिनंदन किया। वहीं समस्तीपुर की सांसद शांभवी चौधरी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों, मठ के सेवादारों तथा बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने मैथिल परंपरानुसार मखाना माला, पाग, शॉल एवं पुष्प गुच्छ भेंटकर उनका भव्य स्वागत किया।

कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, स्वास्थ्य मंत्री निशांत, परिवहन मंत्री दामोदर रावत, पूर्व मंत्री सह विधायक महेश्वर हजारी, विधायक राजेश कुमार सिंह, विधायक अश्वमेध देवी, अन्य जनप्रतिनिधिगण, दरभंगा प्रमण्डल के आयुक्त हिमांशु कुमार राय, दरभंगा प्रक्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक मनोज तिवारी, समस्तीपुर के जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा सहित अन्य अधिकारीगण, संत-महात्मा, श्रद्धालु एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

## 'संजीता श्री फूड प्रोडक्ट' का शुभारंभ, रोजगार व शुद्ध उत्पाद की जगी उम्मीद



उद्घाटन करते अतिथि।

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** नगर निगम क्षेत्र के धर्मपुर स्थित मुखिया पट्टी में संजीता श्री फूड प्रोडक्ट प्राइवेट लिमिटेड का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का, स्वागत सम्मान की औपचारिकता के बाद, जिला अध्यक्ष, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) अनुपम कुमार सिंह, प्रोजेक्ट मैनेजर, जिला उद्योग केंद्र जितेंद्र कुमार तथा प्रधानाध्यापक, मध्य विद्यालय बेला पंचरुखी मुकेश कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। तत्पश्चात गायत्री परिवार के सदस्यों द्वारा पूजा-अर्चना बाद मशीनों का संचालन प्रारंभ किया गया।

उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए अनुपम कुमार सिंह ने कहा कि, इस उद्योग के शुरू होने से क्षेत्र के कई परिवारों को रोजगार मिलेगा साथ ही लोगों को शुद्ध खाद्य उत्पाद उपलब्ध होंगे। जिससे स्वस्थ समाज के निर्माण को भी बढ़ावा मिलेगा। वहीं, मुख्य अतिथि जितेंद्र कुमार ने बताया कि यह इकाई पीएमएफवाई योजना के तहत उद्योग विभाग के सहयोग से स्थापित की गई है। विभाग की ओर से तकनीकी, वित्तीय एवं अन्य आवश्यक सहयोग आगे भी मिलता रहेगा। कार्यक्रम का संचालन जिले की प्रसिद्ध नृत्यांगना नेहा कुमारी ने किया। इस मौके पर उद्योग विस्तार पदाधिकारी पी.के. सिंह, वरिष्ठ शाखा प्रबंधक, बैंक ऑफ बड़ौदा डी.के. चौधरी, निदेशक, केशवचंद ज्ञान निकेतन शशिकांत तिवारी, कृषि समन्वयक अनिल कुमार, शाखा प्रबंधक, शिवानी इंटरप्राइजेज रूपेश कुमार सहित सैकड़ों गणमान्य लोग उपस्थित रहे। संस्था के प्रबंधक मुकेश कुमार राय ने बताया कि उनके उत्पादों में सरसों तेल, बेसन, आटा, सत्तू और मसाले शामिल हैं, जिनकी गुणवत्ता और स्वच्छता की पूरी गारंटी दी जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि यह उद्योग सोलर सिस्टम से संचालित है, जो इसे पर्यावरण के अनुकूल बनाता है। अंत में आशीष आनंद ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## डॉ. राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सम्मेलन को लेकर तैयारियां तेज, कुलपति डॉ. पी. एस. पांडेय ने की समीक्षा बैठक



विश्वविद्यालय का विहंगम दृश्य व इनसेट में कुलपति।

**पूसा (एनएसबी)।** डॉ. राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय पूसा में आगामी 27 से 29 जून 2026 तक एक वृहद राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है । "कृषि-खाद्य प्रणालियों में महिलाओं की भूमिका का पुनर्निर्धारणः सतत कृषि विकास के लिए विस्तार रणनीतियाँ" विषय पर आयोजित यह सम्मेलन विश्वविद्यालय तथा इंटरनेशनल सोसाइटी ऑफ एक्सटेंशन एजुकेशन के द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जा रहा है । इस कार्यक्रम के निर्बाध और सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए, विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. पी. एस. पांडेय ने सम्मेलन आयोजन समिति के सभी सदस्यों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। इस बैठक में अतिथियों के सत्कार, तकनीकी सत्रों के प्रबंधन, और आयोजन से जुड़ी अन्य महत्वपूर्ण तैयारियों का विस्तार से जायजा लिया गया। सम्मेलन के सफल आयोजन को लेकर सोलह कमिटी बनाई गई है जिसमें विश्वविद्यालय के विभिन्न वैज्ञानिकों को शामिल किया गया है । सभी समीतियों के कार्यों एवं सम्मेलन के दौरान उनके दायित्वों की कुलपति ने समीक्षा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक को संबोधित करते हुए कुलपति डॉ. पांडेय ने कहा कि कृषि हमारी भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है , और इस निरंतर प्रगति के केंद्र में कृषि क्षेत्र की महिलाएं खड़ी हैं, जो ग्रामीण और कृषि विकास की शक्तिशाली लेकिन मूक चालक हैं । बीज के चयन से लेकर बुवाई, रोपाई, निराई, कटाई, प्रसंस्करण, भंडारण और पशुधन प्रबंधन तक सम्पूर्ण कृषि-खाद्य मूल्य श्रृंखला में महिलाओं का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है । उन्होंने कहा कि यह राष्ट्रीय सम्मेलन महिलाओं के इसी अमूल्य योगदान को रेखांकित करने, उनके समक्ष आ रही नई चुनौतियों पर चर्चा करने तथा कृषि क्षेत्र में उनके नेतृत्व को और अधिक सशक्त बनाने के लिए अभिनव मॉडल तलाशने का एक सार्थक प्रयास है । उन्होंने विश्वास जताया कि समिति के सभी सदस्य इस आयोजन को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाने में अपना शत-प्रतिशत योगदान देंगे। इस तीन दिवसीय सम्मेलन का उद्देश्य देशभर के शोधकताओं, नीति निमार्ताओं, शिक्षाविदों और विभिन्न हितधारकों को एक ऐसा साझा मंच प्रदान करना है, जहाँ समावेशी और टिकाऊ कृषि विकास के लिए एक भविष्योन्मुखी रोडमैप तैयार किया जा सके । कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से कृषि-खाद्य प्रणालियों में बदलाव के वाहक के रूप में महिलाएं, नवाचार और प्रौद्योगिकी, महिला उद्यमिता, मूल्य संवर्धन तथा नीतिगत व सामाजिक नवाचार जैसे अहम विषयों पर शोध पत्र प्रस्तुत किए जाएंगे । कार्यक्रम में देश भर से शिक्षकों एवं वैज्ञानिकों के भाग लेने की संभावना है। सम्मेलन में इंटरनेशनल सोसाइटी ऑफ एक्सटेंशन एजुकेशन से जुड़े सभी वरीय पदाधिकारी और वैज्ञानिक भी सम्मिलित होंगे। सम्मेलन के दौरान कृषि विस्तार के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित भी किया जाएगा।

## नाबालिग लड़की के अपहरण का मामला दर्ज, जांच में जुटी पुलिस

**समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)।** जिले के कल्याणपुर थाना क्षेत्र के एक गांव से 15 वर्षीय नाबालिग लड़की के कथित अपहरण का मामला सामने आया है। घटना के बाद परिजनों में चिंता का माहौल है। अपहृत किशोरी के पिता ने स्थानीय थाना में आवेदन देकर बेटी की बरामदगी की गुहार लगाई है। आवेदन में पिता ने बताया है कि, उनकी नाबालिग पुत्री संदिग्ध परिस्थितियों में घर से लापता हो गई। आशंका है कि, किसी ने उसका अपहरण किया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने तत्काल मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कल्याणपुर थानाध्यक्ष रणवीर कुमार राउत ने बताया कि प्राप्त आवेदन के आलोक में मामले की जांच की जा रही है। पुलिस विभिन्न पहलुओं पर पड़ताल कर रही है तथा किशोरी की शीघ्र बरामदगी के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि जल्द ही किशोरी को सकुशल बरामद कर लिया जाएगा तथा दोषियों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

## गुरु आश्रम में अग्नि जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**दलसिंहसराय (एनएसबी)।** स्थानीय गुरु आश्रम कोचिंग संस्थान में आग से होने वाली घटना के बारे में सुझाव एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित की गयी जिसकी अध्यक्षता आयुष कुमार ने की जिसमें अग्निशमालय पदाधिकारी दलसिंहसराय धनेश यादव प्रधान अग्निक राजेश राम,महेश कुमार अग्निक चालक मुकेश कुमार मौजूद थे अपने संबोधन में श्री यादव ने आए दिन आग से होने वाली घटनाओं पर प्रकाश डालते हुए समाज में ने जागरूकता चलने की बात कही जैकी मुकेश कुमार ने आग बुझाने से संबंधित जानकारी दी। इस दौरान छात्रझ छात्राओं ने अग्निदाह होने पर अग्नि शमन सिलिंडर का प्रयोग करने की विधि सीखकर शेष बच्चों को बताया। कार्यक्रम में अविनाश कुमार, योगेश ठाकुर, कमल कुमार, दीपक, राजेश कुमार, संध्या कुमारी कुंदन कुमार ने भी अपने सुझाव साझा किये।

## वैज्ञानिक तकनीक से कृषि को बनाया जा सकता है अधिक लाभकारी, टिकाऊ और भविष्य उन्मुख : डॉ. रत्नेश कुमार झा

**कृषि जागरण, आईसीएआर एवं कृषि विज्ञान केंद्र, बिरौली द्वारा आयोजित 'समृद्ध किसान उत्सव' में 400 से अधिक किसान हुए शामिल**





उद्घाटन करते अतिथि व उपस्थित किसान।

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** कृषि जागरण एवं आईसीएआर, कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके), बिरौली, एवं डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय (आरपीसीएयू), पूसा के संयुक्त तत्वावधान में ह्लसमृद्ध किसान उत्सवङ्घ (किसान मेला) सफलता पूर्वक सम्पन्न हो गया। इस कार्यक्रम में समस्तीपुर जिले एवं आसपास के क्षेत्रों से 400 से अधिक प्रगतिशील किसानों, कृषि उद्यमियों, वैज्ञानिकों तथा कृषि क्षेत्र से जुड़े विभिन्न हितधारकों ने भाग लिया।

इस विशेष आयोजन का उद्देश्य किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, उन्नत बीजों, जैविक उत्पादों, फसल प्रबंधन एवं कृषि उपयोगी वाहनों की जानकारी प्रदान करना था। ताकि वे खेती की लागत को कम करते हुए उत्पादकता एवं अपनी आय में वृद्धि कर सकें। कार्यक्रम के दौरान किसानों को कृषि क्षेत्र में हो रहे नवीनतम नवाचारों, वैज्ञानिक तकनीकों तथा कृषि व्यवसाय से जुड़ी नई संभावनाओं से अवगत कराया गया।

कार्यक्रम में पार्टनर जायडेक्स एवं टीवीएस मोटर एवं सपोर्टिंग पार्टनर्स के रूप में सोमानी सीड्स, भारतीय स्टेट बैंक तथा इंडो अमेरिकन हाइब्रिड सीड्स (इंडिया) की सक्रिय सहभागिता रही।

कार्यक्रम स्थल पर उपरोक्त कंपनियों द्वारा आकर्षक स्टॉल लगाए गए, जहां किसानों ने उत्पादों एवं तकनीकों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। इस दौरान टीवीएस मोटर ने अपने लोकप्रिय टीवीएस एक्सएल 100 सीरीज के आधुनिक मॉडलों का प्रदर्शन किया, जिसे ग्रामीण क्षेत्रों और किसानों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। इसके अलावा जायडेक्स, इंडो अमेरिकन हाइब्रिड सीड्स (इंडिया) एवं सोमानी सीड्ज ने अपने कृषि उत्पादों और उन्नत बीजों का प्रदर्शन किया, जबकि एसबीआई ने किसानों को कृषि ऋण प्राप्त करने की प्रक्रियाओं, विभिन्न योजनाओं एवं बैंकिंग सुविधाओं के बारे में जानकारी दी।

इस अवसर पर सर्वप्रथम आगत अतिथियों, कंपनी प्रतिनिधियों एवं कृषि वैज्ञानिकों के स्वागत सम्मान एवं उनके द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलन के साथ ह्लसमृद्ध किसान उत्सवङ्घ का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में आईसीएआर-कृषि विज्ञान केंद्र, बिरौली के प्रमुख डॉ. आर. के. तिवारी ने अपने स्वागत संबोधन में किसानों को प्राकृतिक एवं जैविक खेती अपनाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि, जैविक खेती न केवल उत्पादन की गुणवत्ता बढ़ाती है, बल्कि मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने और पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। अपने संबोधन में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. निदेशक प्रसार शिक्षा, डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा रत्नेश कुमार झा, ने किसानों को कृषि क्षेत्र में नवीन तकनीकों और नवाचारों को अपनाने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि, वैज्ञानिक खेती के माध्यम से कृषि को अधिक लाभकारी, टिकाऊ और भविष्य उन्मुख बनाया जा सकता है।

टीवीएस मोटर की ओर से कार्यक्रम में उपस्थित नेहा शॉ, ब्रांड मार्केटिंग प्रतिनिधि, ने किसानों को टीवीएस एक्सएल 100 की विशेषताओं से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि यह वाहन विशेष रूप से ग्रामीण परिवेश और किसानों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर विकसित किया गया है। इसकी मजबूती, ईंधन दक्षता एवं अधिक भार वहन क्षमता इसे किसानों के लिए अत्यंत उपयोगी बनाती है।

कार्यक्रम में जायडेक्स के प्रतिनिधियों ने किसानों को अपने विभिन्न जैविक एवं कृषि उपयोगी उत्पादों की जानकारी दी। वहीं इंडो अमेरिकन हाइब्रिड सीड्स (इंडिया) एवं सोमानी सीड्ज के प्रतिनिधियों ने किसानों को उन्नत बीजों, फसल सुरक्षा तथा आधुनिक कृषि समाधानों के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की।

कार्यक्रम के दौरान किसानों और कृषि विशेषज्ञों के बीच एक विशेष संवाद सत्र का भी आयोजन किया गया। इस सत्र में किसानों ने खेती से जुड़ी विभिन्न समस्याओं और चुनौतियों को वैज्ञानिकों एवं विशेषज्ञों के समक्ष रखा। विशेषज्ञों ने किसानों को मौसम आधारित खेती, जल संरक्षण, एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन, कीट एवं रोग नियंत्रण तथा आधुनिक कृषि पद्धतियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। किसानों ने इस अवसर का लाभ उठाते हुए वैज्ञानिकों से सीधे संवाद किया और अपनी खेती को अधिक लाभकारी बनाने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव प्राप्त किए। अंत में धन्यवाद ज्ञापन और किसानों की समृद्धि और कृषि क्षेत्र के सतत विकास की कामना के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## संक्षिप्त खबरें

### एसडीपीओ सदर-2 कामिनी कौशल के नेतृत्व में फ्लैग मार्च



**खजौली (एनएसबी)।** मुहर्रम पर्व को लेकर एसडीपीओ सदर-2 कामिनी कौशल के नेतृत्व में बुधवार शाम को स्थानीय थाना पुलिस द्वारा रुटमार्च निकाला गया। स्थानीय थाना परिसर से निकला रुटमार्च मंगती हटिया चौक, मंगती स्कूल चौक होते हुए खजौली बाजार का भ्रमण कर पुनः थाना परिसर पहुंच समाप्त हुआ। इस दौरान पुलिस पदाधिकारियों ने मुहर्रम पर्व शांति व सौहार्द के वातावरण में मनाने की अपील आमजन से किया। लोगों को विश्वास दिलाया गया कि पुलिस शांति व सुरक्षा को लेकर पुती तरह मुस्तैद है। शांति भंग करने वाले असामाजिक तत्वों से पुलिस प्रशासन कड़ाई से निपटेगी। रुटमार्च में एसडीपीओ सदर-2 के अतिरिक्त थानाध्यक्ष सपन कुमार, एसआई लोकेश कुमार, एसआई राजेंद्र चौरसिया, एसआई रामपति पासवान सहित थाना पुलिस बल के जवान शामिल थे।

### बिस्फी में आरओ के पद पर कार्यरत सविता कुमारी अब संभालेगी बीडीओ की जिम्मेवारी



**बिस्फी (एनएसबी)।** बीपीएससी की परीक्षा में उत्कृष्ट सफलता प्राप्त कर ग्रामीण विकास पदाधिकारी पद हेतु चयनित होने पर सांसद प्रतिनिधि विष्णुदेव सिंह यादव ने बधाई देते हुए कहा कि आरओ सविता कुमारी की यह उपलब्धि उनकी मेहनत, अनुशासन एवं दृढ़ संकल्प का परिणाम है। सरकारी सेवा में रहते हुए प्रतिस्पर्धी परीक्षा में सफलता अर्जित करना अत्यंत प्रशंसनीय है। यही वजह हैं कि बीपीएससी के 68वीं परीक्षा में आपूर्ति पदाधिकारी, 69वीं में राजस्व पदाधिकारी के साथ ही इसबार 70वीं में ग्रामीण विकास अधिकारी के पद पर परचम लहराई हैं। सांसद प्रतिनिधि ने कहा कि प्रशासनिक सेवा में योग्य एवं कर्मठ अधिकारियों की भूमिका समाज और शासन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने में महत्वपूर्ण होती है। सविता कुमारी ने अपने कार्यकाल के दौरान जनहित के प्रति समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया है तथा अब बीडीओ के रूप में वे ग्रामीण विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण योगदान देंगी। इस सफलता पर राजद सांसद डॉ फैयाज अहमद, स्थानीय विधायक आसिफ अहमद, बीडीओ बसंत कुमार, सीओ संतोष सिंह एवं थानाध्यक्ष अविनाश कुमार ने सहर्ष बधाई दिए हैं।

### मैथिल परशुराम सेना ने निकाला कैंडल मार्च, भरत तिवारी मामले की निष्पक्ष जांच की मांग

**मधुबनी, (एनएसबी)।** मैथिल परशुराम सेना के तत्वावधान में शहीद भरत तिवारी के कथित फर्जी एन्काउंटर के विरोध में सोमवार को स्थानीय गंगासागर चौक से थाना चौक तक कैंडल मार्च निकाला गया। इस दौरान संगठन के कार्यकताओं ने प्रदर्शन करते हुए राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी की तथा मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की। कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन के जिला अध्यक्ष संजय कुमार मिश्रा ने की। मार्च में बड़ी संख्या में संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने भाग लिया। वक्ताओं ने भरत तिवारी की मौत की उच्चस्तरीय जांच कराने, दोषी पुलिसकर्मियों पर कड़ी कार्रवाई करने, पीड़ित परिवार को 10 करोड़ रुपये मुआवजा देने तथा परिवार के एक सदस्य को सारकारी नौकरी प्रदान करने की मांग उठाई।संगठन के संरक्षक इन्द्रशेखर झा, मनोज मिश्रा, प्रकाश चंद्र झा, संतोष झा एवं नलिनी रंजन ने कहा कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों को कानून के अनुसार कड़ी सजा दी जानी चाहिए। जिला प्रवक्ता राजेश झा एवं महासचिव राजू झा ने राज्य की कानून-व्यवस्था पर चिंता व्यक्त करते हुए सरकार से आवश्यक कदम उठाने की मांग की। उपाध्यक्ष मुकेश झा, बिपिन झा, अमित झा एवं सुमन झा ने भरत तिवारी को समाजसेवी बताते हुए कहा कि वे समाज के विभिन्न वर्गों के लिए कार्य करते थे। कार्यक्रम में उप महापौर अमानुल्लाह खान, सोहन पाठक, आलोक झा, अमरेश श्रीवास्तव, ध्रुव नारायण त्रिपाठी, आयुष सिंह, छोटकन झा सहित सैकड़ों लोग शामिल हुए।कैंडल मार्च के दौरान प्रतिभागियों ने हाथों में मोमबत्तियां लेकर शांतिपूर्ण ढंग से अपनी मांगों को प्रशासन एवं सरकार तक पहुंचाने का प्रयास किया।




### अवैध मादक पदार्थ के विरूद्ध पुलिस की त्वरित कार्रवाई,

**68 किलो गांजा बरामद**

**मधुबनी (एनएसबी)।** पुलिस अधीक्षक मधुबनी योगेंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला अंतर्गत सीमावर्ती क्षेत्रों में मादक पदार्थों की तस्करी पर पूर्ण विराम लगाने हेतु पुलिस अधीक्षक, मधुबनी के निदेर्शानुसार लगातार कार्रवाई की जा रही हैं। इसी क्रम में आज दिनांक-23.06.2026 को लदनियां थाना की पुलिस टीम द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए भारत-नेपाल बॉर्डर के समीप ग्राम कटहा बगीचा एवं ग्राम महथा बगीचा में छापेमारी की गई। इस सघन छापेमारी के दौरान पुलिस टीम द्वारा ग्राम कटहा बगीचा के पास से 03 प्लास्टिक के बोरों में छुपाकर रखा गया कुल 52.300 किलोग्राम गांजा तथा ग्राम महथा बगीचा से 01 अन्य प्लास्टिक के बोरे में रखा 15.900 किलोग्राम गांजा जब्त किया गया। इस प्रकार पुलिस टीम द्वारा दोनों स्थलों से कुल 04 प्लास्टिक के बोरों में बंद 68.2 किलोग्राम अवैध गांजा को बरामद किया गया है। पुलिस द्वारा बरामद मादक पदार्थ (गांजा) को विधिवत जब्त करते हुए लदनिया थाना में सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है तथा अवैध तस्करी के नेटवर्क में संलिप्त मुख्य तस्करों की पहचान करने एवं उनकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस द्वारा अग्रिम वैधानिक एवं अनुसंधान की कार्रवाई की जा रही है।

### सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो मामले में त्वरित कार्रवाई, दो सिपाही तत्काल प्रभाव से निलंबित

**मधुबनी (एनएसबी)।** पुलिस अधीक्षक योगेंद्र कुमार ने बुधवार को जानकारी देते हुए बताया है कि सोशल मीडिया के माध्यम से अररिया संग्राम थाना की एक महिला पुलिस पदाधिकारी द्वारा वाहन में रुपए गिनने से संबंधित एक वायरल वीडियो प्राप्त हुआ। उक्त वायरल वीडियो को पुलिस अधीक्षक, मधुबनी द्वारा अत्यंत गंभीरता से लिया गया एवं मामले की त्वरित जांच अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, झंझारपुर के द्वारा कराया गया।जांच सत्यापन के क्रम में यह बात प्रकाश में आई कि उक्त वायरल वीडियो करीब दो माह पूर्व का है। वीडियो में दिख रही महिला पुलिस पदाधिकारी की पहचान अररिया संग्राम थाना में पदस्थापित पु०अ०नि० सोनल कुमारी के रूप में की गई है, जो वर्तमान में अवकाश पर चल रही हैं। इसके साथ ही, गहन जांच में यह भी पाया गया कि उक्त वाहन पर ड्यूटी के दौरान इनके साथ महिला सिपाही सौन्दर्या राय तथा सिपाही गौतम कुमार भी तैनात थे। ड्यूटी के दौरान पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों द्वारा इस प्रकार का आचरण न केवल अत्यंत संदेहास्पद गतिविधि को दशार्ता है, बल्कि इससे आम जनता के बीच पुलिस की छवि भी धूमिल होती है।इस गंभीर अनुशासनहीनता और संदिग्ध आचरण को देखते हुए, पुलिस अधीक्षक, मधुबनी द्वारा त्वरित संज्ञान लेते हुए पु०अ०नि० सोनल कुमारी, सिपाही गौतम कुमार एवं महिला सिपाही सौन्दर्या राय को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया हैं एवं इनके विरूद्ध विभागीय अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू कर दी गई हैं।

# मधुबनी को मिली अत्याधुनिक अटल कला भवन की सौगात, सांस्कृतिक विकास को मिलेगा नया आयाम

**मधुबनी, (एनएसबी)।** मधुबनी जिले के कला, संस्कृति एवं सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल हुई है। बिहार सरकार के कला एवं संस्कृति विभाग द्वारा जिला मुख्यालय, मधुबनी में अत्याधुनिक ह्लअटल कला भवनह्व के निर्माण हेतु 19 करोड़ 73 लाख 26 हजार की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। 620 दर्शक क्षमता वाले इस आधुनिक ऑडिटोरियम एवं सांस्कृतिक परिसर का निर्माण भवन निर्माण विभाग, बिहार द्वारा तकनीकी रूप से अनुमोदित प्राक्कलन के आधार पर कराया जाएगा।यह स्वीकृति न केवल मधुबनी जिले बल्कि सम्पूर्ण मिथिलांचल के लिए गौरव का विषय है। लंबे समय से जिले में बड़े सांस्कृतिक आयोजनों, साहित्यिक कार्यक्रमों, नाट्य मंचनों, संगीत समारोहों, कला प्रदर्शनी, शैक्षणिक संगोष्ठियों तथा विभिन्न सरकारी एवं सामाजिक कार्यक्रमों के लिए पर्याप्त क्षमता वाले आधुनिक सभागार का अभाव महसूस किया जा रहा था। अटल कला भवन के निर्माण से यह कमी दूर होगी और जिले को एक स्थायी एवं अत्याधुनिक सांस्कृतिक मंच प्राप्त होगा।

अटल कला भवन का उद्देश्य बिहार एवं मिथिला की समृद्ध कला, संस्कृति, लोक परंपराओं एवं सांस्कृतिक धरोहरों को संरक्षित करते हुए उन्हें राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाना है। भवन में आधुनिक सुविधाओं से युक्त विशाल सभागार, कला दीर्घा (आर्ट गैलरी), प्रदर्शनी स्थल, अभ्यास कक्ष, सम्मेलन कक्ष तथा विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों के आयोजन की समुचित व्यवस्था विकसित की जाएगी। यह परिसर कलाकारों, साहित्यकारों, रंगकर्मियों, लोकगायकों, लोकनर्तकों, विद्यार्थियों एवं सांस्कृतिक संस्थाओं के लिए एक समर्पित मंच के रूप में कार्य करेगा।विशेष रूप से मिथिला पेंटिंग, लोक संगीत, लोक नृत्य, नाट्य कला एवं अन्य पारंपरिक कलाओं के संरक्षण, संवर्धन और प्रचार-प्रसार को इससे नई गति मिलेगी। स्थानीय एवं उभरती हुई प्रतिभाओं को अपनी कला के प्रदर्शन एवं विकास के लिए बेहतर अवसर उपलब्ध होंगे, जिससे जिले की सांस्कृतिक गतिविधियों को व्यापक विस्तार मिलेगा। इस बहुप्रतीक्षित परियोजना को धरातल पर उतारने में जिलाधिकारी आनंद शर्मा की महत्वपूर्ण एवं सक्रिय भूमिका रही है। जिले में कला एवं संस्कृति के विकास तथा आधुनिक सांस्कृतिक अवसंरचना की आवश्यकता को देखते हुए उन्होंने लगातार इस विषय को प्राथमिकता दी। राज्य सरकार एवं संबंधित विभागों के समक्ष परियोजना की आवश्यकता को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करते हुए उन्होंने निरंतर अनुश्रवण किया तथा विभिन्न स्तरों पर लगातार पहल की। जिलाधिकारी आनंद शर्मा ने कहा कि अटल कला भवन का निर्माण मधुबनी के सांस्कृतिक इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ेगा। यह भवन जिले की सांस्कृतिक पहचान को राष्ट्रीय स्तर पर और अधिक सशक्त बनाएगा तथा कलाकारों एवं युवाओं को अपनी प्रतिभा निखारने का एक उत्कृष्ट मंच प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि यह भवन भविष्य में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के सांस्कृतिक आयोजनों के लिए भी एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में विकसित होगा ।राज्य सरकार द्वारा जारी आदेश के अनुसार निर्माण कार्य भवन निर्माण विभाग, बिहार द्वारा ई-टेंडरिंग प्रक्रिया के माध्यम से कराया जाएगा। निर्माण पूर्ण होने के बाद यह भवन एक बहुउद्देशीय सांस्कृतिक केंद्र के रूप में कार्य करेगा, जहां कला, साहित्य, संगीत, रंगमंच एवं सामाजिक-सांस्कृतिक गतिविधियों का नियमित आयोजन संभव हो सकेगा।अटल कला भवन की प्रशासनिक स्वीकृति मधुबनी जिले के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि एवं सांस्कृतिक क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगी। यह परियोजना न केवल जिले की सांस्कृतिक समृद्धि को नई ऊर्जा प्रदान करेगी, बल्कि मधुबनी को बिहार के प्रमुख सांस्कृतिक केंद्रों में स्थापित करने की दिशा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। यह सौगात आने वाली पीढ़ियों के लिए कला, संस्कृति और विरासत के संरक्षण एवं संवर्धन का एक सशक्त माध्यम बनेगी तथा मिथिलांचल की सांस्कृतिक पहचान को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगी।




**‘620 क्षमता वाले आधुनिक ऑडिटोरियम के निर्माण हेतु 19.73 करोड़ की प्रशासनिक स्वीकृति’**

**‘जिलाधिकारी आनंद शर्मा के सतत प्रयासों से साकार हुई बहुप्रतीक्षित परियोजना’**

## 267 लीटर अवैध शराब के साथ 04 शराब तस्कर को किया गया गिरफ्तार

**मधुबनी(एनएसबी)।** पुलिस अधीक्षक योगेंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया है कि बुधवार को बिस्फी थाना की पुलिस टीम को रात्रि गश्ती के दौरान समय करीब 00:10 गुप्त सूचना प्राप्त हुआ की बालवीर कुमार उर्फ मणीशंकर द्वारा अपने अन्य साथी के साथ अवैध शराब की तस्करी की जा रही है। उक्त सूचना से वरीय पदाधिकारी को अवगत कराते हुए प्राप्त निदेर्शानुसार बिस्फी थाना की पुलिस टीम जब भरण टोल से पूरब उतर आम गाछी के पास पहुँचकर विपरीत दिशा से आ रही 01 संदिग्ध मोटरसाईकिल सवार को रोकने का प्रयास किया गया तो चालक द्वारा मोटरसाईकिल को तेज कर भागने का प्रयास किया गया। जिसे घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। नाम/पता पूछने पर उनके द्वारा अपना नाम रंजन कुमार एवं बलवीर कुमार उर्फ मणीशंकर भारती बताए। तथा इनकी निशानदेही पर इनके घर के पास से उत्तर पूरब गाछी से 147 लीटर अवैध विदेशी शराब बरामद हुआ। पूछ-ताछ के क्रम में इनके द्वारा बताया गया कि हमलोग अवैध शराब का कारोबार करते हैं जो मेरे घर के पास आम गाछी में अवैध शराब का बड़ा खेप मंगाकर रखा गया हैं तथा मांग के अनुरूप शंभू साह को भारी मात्रा में शराब उपलब्ध कराया गया है, जो उनके घर में रखा है तथा एक बड़ा खेप अपने दोस्त के घर ग्राम-गढ़ौल भूसा घर में रखा हुआ है। तदोपरांत पुलिस द्वारा गिरफ्तार युवक की निशानदेही पर गनौर सहनी के घर पहुंचकर घर का विधिवत तलाशी लिया गया तो भारी मात्रा में अवैध विदेशी शराब बरामद हुआ। बरामद शराब के संबंध में गनौर सहनी से पूछताछ करने पर बताया गया की उक्त शराब बालवीर का है जो मेरे भूसा घर में रखा है। जिसके बदले में मुझे मोटी रकम मिलती हैं। तत्पश्चात बरामद अवैध विदेश शराब को विधिवत जब्त करते हुए पकड़ाए अभियुक्त के साथ शम्भु साह के घर विधिवत घेराबंदी कर छापामारी की गई तो 01 व्यक्ति पीछे के रास्ते से भागने का प्रयास किया गया। जिसे पुलिस बल के सहयोग से रोककर नाम/पता पूछने पर अपना नाम शंभू साह बताया तथा तलाशी के क्रम में शंभू साह के घर के अंदर रखे ट्रंक में से भी अवैध विदेशी शराब बरामद हुआ। तत्पश्चात पकड़ाए चारों अभियुक्त को विधिवत गिरफ्तार कर जप्त शराब एवं सामानों के साथ थाना लाया गया। इस संबंध मे बिस्फी थाना द्वारा सुसंगत धाराओं के तहत कांड दर्ज कर गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा हैं एवं विधि सम्मत अग्रिम कार्रवाई की जा रही हैं।



शराब के साथ गिरफ्तार तस्कर

## पुलिस टीम पर हमला करने वाले उपद्रवियों के विरूद्ध कड़ा प्रहार, दो अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार



गिरफ्तार अभियुक्त

**मधुबनी (एनएसबी)।** पुलिस अधीक्षक मधुबनी योगेंद्र कुमार ने बुधवार को जानकारी देते हुए बताया कि 22 जून को नगर थाना को सूचना प्राप्त हुआ कि अर्जुन मंडल पिता सुरेन्द्र मंडल तथा किशन राम अपने गुट के कुछ सदस्यो के साथ अगामी मुहर्रम 2026 में हो-हंगामा एवं शांति-व्यवस्था भंग कर सामप्रदायिक सदभाव बिगाडने का योजना बना रहे है, जो नगर थाना के दागी है एवं पूर्व से ही कई गंभीर काण्डो में आरोप पत्रित है, जो किसी बडी घटना को अंजाम दे सकते है। प्राप्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु वरीय पदाधिकारी को सूचित करते हुए नगर थाना की पुलिस टीम पुरानी बस स्टैंड मधुबनी स्थित अर्जुन मंडल के घर पहुंची तथा विधिवत छापामारी हेतु अर्जुन मंडल के परिजन से दरवाजा खोलने का अनुरोध किया गया तो घर के अन्दर से ही अर्जुन मंडल एवं उसके परिजन के द्वारा छापामारी का विरोध करते हुए पुलिस टीम के साथ अभद्र व्यवहार किया जाने लगा। इस दौरान उसके गैंग के अन्य सदस्य पुलिस बल के मौजुदगी को देखते हुए पीछे के रास्ते भागने लगें। काफी मशक्कत से अर्जुन मंडल के घर के दरवाजा खोलवाया गया तो अर्जुन मंडल व उनके परिजनो द्वारा पुलिस टीम के साथ धक्का मुक्की की गई। अर्जुन मंडल के मुहँ से शराब की दुर्गंध आ रहा था। जब अर्जुन मंडल को शराब जॉच हेतु थाना चलने हेतु बोला गया तो अर्जुन मंडल, किशन राम तथा उनके परिजन के द्वारा थाना ले जाने का विरोध करते हुए पुलिस टीम के साथ हाथापाई की गई। इस दौरान थानाध्यक्ष, नगर तथा 02 सिपाही भी घायल हो गए। काफी मशक्कत से अर्जुन मंडल एवं किशन राम को शराब जॉच हेतु थाना लाया गया। थाना में उपलब्ध ब्रेथ एनालईज जॉच मशीन से जॉचोपरांत अर्जुन मंडल एवं किशन राम का जॉच करने पर अलकोहल की मात्रा पाई गई। तदोपरांत पुलिस द्वारा उक्त दोनों व्यक्ति को सदर अस्पतल मधुबनी में जॉच कराए जाने पर चिकित्सक द्वारा शराब सेवन की पुष्टि की गई। इस संबंध में नगर थाना द्वारा पुलिस बल को सरकारी कार्य में बाधा डालने, पुलिस बल पर जानलेवा हमला करने, शराब का सेवन करने से संबंधित सुसंगत धराओं के तहत कांड दर्ज करते हुए गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया हैं एवं अन्य विधि सम्मत अग्रिम कार्रवाई की जा रही हैं तथा इस घटना में संलिप्त अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु छापामारी जारी हैं।

## मखाना उत्पादन एवं उद्यमिता विकास पर एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण संपन्न

**मधुबनी (एनएसबी)।** मखाना उत्पादन एवं उद्यमिता विकास पर मंगलवार को डॉ. राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा, समस्तीपुर के अंतर्गत क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्र, झंझारपुर द्वारा मधुबनी जिले के भगवतीपुर ग्राम में "मखाना उत्पादन एवं उद्यमिता विकास" विषय पर एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में 50 से अधिक किसानों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान वैज्ञानिकों एवं विशेषज्ञों ने किसानों को मखाना की उन्नत एवं वैज्ञानिक खेती, उत्पादन वृद्धि तथा मूल्य संवर्धन संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान किए। प्रशिक्षण में डॉ. सुनील कुमार मंडल, सहायक प्राध्यापक, ने मखाना फसल में लगने वाले प्रमुख कीटों एवं रोगों की पहचान, उनके प्रभाव तथा प्रभावी नियंत्रण एवं उपचार के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने किसानों को समय पर निगरानी एवं समेकित कीट एवं रोग प्रबंधन अपनाने की सलाह दी। धीरेंद्र कुमार, तकनीकी पदाधिकारी ने मखाना खेती में खेत एवं जलाशय की तैयारी, पौध स्थापना तथा बेहतर उत्पादन हेतु आवश्यक प्रबंधन उपायों के बारे में किसानों को विस्तृत जानकारी प्रदान किए। आशिष राय, एवं सूचना पदाधिकारी, ने मखाना की वैज्ञानिक खेती की तकनीकों पर प्रकाश डालते हुए किसानों को उत्पादन बढ़ाने के उपायों की जानकारी दी। कार्यक्रम में प्रगतिशील किसान, मुरारी झा, भगवती मुखिया तथा परमेश्वर मुखिया सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। किसानों ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा विशेषज्ञों से अपनी समस्याओं के समाधान प्राप्त किए। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम किसानों को मखाना उत्पादन की नवीन तकनीकों से जोड़ने तथा उद्यमिता विकास के माध्यम से उनकी आय बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ।



कार्यक्रम का उद्घाटन करते

### ब्रह्माकुमारी की प्रथम मुख्य प्रशासिका मम्मा की पुण्य स्मृति दिवस मनाया

**मधुबनी (एनएसबी)।** ब्रह्माकुमारीज संस्थान की प्रथम मुख्य प्रशासिका मातेश्वरी जगदम्बा सरस्वती मम्मा का 61वां पुण्य स्मृति दिवस लहेरियागंज स्थित ईश्वरीय सेवा केन्द्र के सर्वदर्शन भवन सभागार में आध्यात्मिक ज्ञान दिवस के रूप में मनाया गया। उनकी याद में ब्रह्ममुहूर्त से पूर्वाह्न तक योग-तपस्या का दौर जारी रहा। सुबह 8 बजे में जगदम्बा सरस्वती के तैल चित्र पर दर्जनों लोगों ने पुष्पांजली अर्पित किया गया। इसमें सेवा केन्द्र की संचालिका संगीता बहन एवं विभा बहन ने मम्मा द्वारा प्रजापिता ब्रह्मा द्वारा बताए गए आदेश पर लाखों लोगों को आध्यात्मिक राह पर चलने का संदेश दिया। साथ ही जिले भर से आए दर्जनों से अधिक भाई-बहनों ने अपने श्रद्धासुमन अर्पित

## स्वस्थ मन, सशक्त शरीर और सकारात्मक जीवन की ओर एक कदम 48वीं वाहिनी एसएसबी में ध्यान एवं योग कार्यक्रम आयोजित

**जयनगर(एनएसबी)।** स्वस्थ मन, सशक्त शरीर और सकारात्मक जीवनशैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बुधवार को 48वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) मुख्यालय जयनगर में अधिकारियों एवं जवानों के लिए विशेष ध्यान एवं योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बल कर्मियों के मानसिक, शारीरिक एवं भावनात्मक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाना तथा उन्हें तनावमुक्त एवं ऊजार्वान जीवनशैली के प्रति प्रेरित करना था।कार्यक्रम की शुरूआत सामूहिक ध्यान सत्र से हुई, जिसमें उपस्थित अधिकारियों एवं जवानों ने एकाग्रता और मानसिक शांति प्राप्त करने के लिए विभिन्न ध्यान तकनीकों का अभ्यास किया। इसके पश्चात प्रशिक्षित योग विशेषज्ञ द्वारा प्राणायाम, श्वास नियंत्रण तथा तनाव प्रबंधन से संबंधित कई महत्वपूर्ण अभ्यास कराए गए। योग विशेषज्ञ ने बताया कि नियमित योग और ध्यान न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाते हैं, बल्कि मानसिक संतुलन बनाए रखने, कार्यक्षमता बढ़ाने और जीवन में सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।इस दौरान प्रतिभागियों को योग के वैज्ञानिक एवं व्यावहारिक लाभों की जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि नियमित योगाभ्यास से तनाव, चिंता एवं थकान को कम किया जा सकता है, जिससे व्यक्ति अधिक आत्मविश्वास और ऊर्जा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन कर सकता है। जवानों ने भी कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम तकनीकों का अभ्यास किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए 48वीं वाहिनी के कमांडेंट राजेन्द्र कुमार ने कहा कि सीमा सुरक्षा जैसे चुनौतीपूर्ण दायित्वों का निर्वहन करने वाले जवानों के लिए शारीरिक फिटनेस के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य भी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि योग और ध्यान भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर हैं, जो व्यक्ति को स्वस्थ, अनुशासित और सकारात्मक बनाए रखने में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं जवानों से नियमित रूप से योग एवं ध्यान को अपनी दिनचर्या में शामिल करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के दौरान कमांडेंट चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनजीत भाटिया ने भी स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा करते हुए योग और ध्यान को बेहतर स्वास्थ्य का प्रभावी माध्यम बताया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने नियमित योगाभ्यास करने का संकल्प लिया। यह आयोजन मानसिक, शारीरिक एवं भावनात्मक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने की दिशा में अत्यंत लाभकारी एवं प्रेरणादायक सिद्ध हुआ।



कार्यक्रम में उपस्थित

## मुजफ्फरपुर चंदवारा पुल निर्माण मामले में सरकार की बड़ी कार्रवाई, अधीक्षण अभियंता के नेतृत्व में पहुंची टीम ने की गड़बड़ी की जांच

# उच्चस्तरीय टीम की जांच में खुली अनियमितता की पोल

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** मुजफ्फरपुर में बूढ़ी गंडक नदी पर बन रहे चंदवारा पुल के निर्माण में हुए महा-भ्रष्टाचार के खिलाफ सामाजिक कार्यकर्ता एवं आरटीआई कार्यकर्ता देवव्रत कुमार सहनी के संघर्ष की बड़ी जीत हुई है। मुख्यमंत्री सचिवालय और मुख्य सचिव को भेजे गए रिमाइंडर लेटर पर त्वरित संज्ञान लेते हुए सरकार ने कड़ा रुख अपनाया है।

इस मामले में उस वक्त नया मोड़ आ गया जब पथ निर्माण विभाग पटना और बिहार राज्य पुल निर्माण निगम के आला अधिकारियो की टीम बुधवार को पुरे मांमले की जांच के लिए अचानक साइट पर पहुँचे। पथ निर्माण विभाग पटना के अधीक्षण अभियंता रानेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय तकनीकी टीम के मुजफ्फरपुर कार्य प्रमंडल पहुंचते ही स्थानीय प्रशासन और अभियंताओ में हड़कंप मच गया। पटना से यहां पहुंची टीम में कार्यपालक अभियंता, एसडीओ और जूनियर इंजीनियर समेत कई अन्य आला अधिकारी शामिल थे। वहीं पूरी टीम ने चंदवारा पुल के क्षतिग्रस्त पिलरों, एक्सपेंशन जॉइंट्स और डेक स्लैब का बारिकी से सघन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों के सामने निर्माण कार्य की जो सच्चाई आई, उसने विभाग के दावों की पोल खोल कर रख दी।

जांच टीम ने ऑन-स्पॉट माना कि पुल के निर्माण के क्रम में व्यापक लापरवाही बरतने के साथ घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग किया

**आरटीआई कार्यकर्ता की शिकायत पर उच्चस्तरीय टीम ने जांचोपरान्त स्वीकारी गड़बड़ी, दोषियों पर लटकी प्राथमिकी की तलवार**

गया है। पिलरों से कंक्रीट क्रैश होकर गिर रहा है और अंदर के लोहे के सरिए बाहर दिखाई दे रहे हैं, जो सीधे तौर पर जनता की जान से खिलवाड़ है। मामले की गंभीरता को देखते हुए तकनीकी जांच टीम का नेतृत्व कर रहे पथ निर्माण विभाग पटना के अधीक्षण अभियंता रानेन्द्र कुमार ने मौके पर ही कड़े दिशा-निर्देश जारी करते हुए



चंदवारा पुल निर्माण कार्य में हुई अनियमितता की जांच को पहुंची पटना की उच्चस्तरीय तकनीकी जांच टीम।



पुल की रेलिंग की जर्जरता की जांच करते टीम में शामिल अधिकारी गण।

निर्माण एजेंसी को पुल में आई सभी तकनीकी कमियों और दरारों को अगले 2 महीने के भीतर पूरी तरह से ठीक करने का निर्देश दिया। साथ हीं कहा कि

इस पूरे चंदवारा पुल निर्माण कार्य की वैज्ञानिक शुद्धता और मजबूती को परखने के लिए इसकी विस्तृत जांच आइआईटी पटना के विशेषज्ञों की टीम से कराई जाएगी। वही सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए तकनीकी जांच टीम ने जबतक आईआईटी पटना या रुड़की से अंतिम सेफ्टी क्लियरेंस सर्टिफिकेट नहीं मिल जाता, तबतक पुल पर भारी वाहनों के परिचालन को पूरी तरह रोकने की सलाह दी। साथ ही उच्चस्तरीय जांच टीम के प्रमुख पथ निर्माण विभाग पटना के अधीक्षण अभियंता रानेन्द्र कुमार ने पुल निर्माण से संबंधित उच्चस्तरीय तकनीकी ऑडिट रिपोर्ट आते ही भ्रष्टाचार और लापरवाही की पुष्टि होने पर संबंधित कंस्ट्रक्शन कंपनी को ब्लैक लिस्टेड करने तथा बिहार राज्य पुल निर्माण निगम के दोषी स्थानीय अभियंताओ के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेजने की तैयारी करने का संकेत दिया।

बताया गया है कि उच्चस्तरीय जांच टीम द्वारा दिए गए संभावित सख्त कार्रवाई आदेश के संकेत मिलने मात्र से दोषी संवेदक और निगरानी करने वाले स्थानीय अभियंताओ के खेमे में हड़कंप मच गया है। उधर, चंदवारा पुल निर्माण में हुई अनियमितता और भ्रष्टाचार का खुलासा करने तथा इस मामले में शामिल निर्माण कंपनी एवं अभियंताओ के खिलाफ सरकार से कार्रवाई की मांग कर रहे आरटीआई कार्यकर्ता देवब्रत सहनी ने चंदवारा पुल निर्माण में सरकारी राशि की हुई लूट और भ्रष्टाचार मामले की जांच के लिए यहां पहुंची उच्चस्तरीय तकनीकी जांच टीम द्वारा की गई जांच का स्वागत किया है।

वही उन्होंने कहा है कि जबतक उच्च स्तरीय आईआईटी विशेषज्ञों की जांच टीम द्वारा सुरक्षा का अंतिम सेफ्टी क्लियरेंस सर्टिफिकेट नहीं मिल जाता और जनता की जेब लूटने वाले भ्रष्ट ठेकेदार व अभियंताओ की टीम सलाखों के पीछे नहीं पहुंच जाते, तबतक उनका संघर्ष जारी रहेगा। क्योंकि यह केवल सरकारी पैसों का गबन या भ्रष्टाचार का मामला नहीं है, बल्कि मुजफ्फरपुर की जनता की जिंदगी को मौत के मुंह में धकेलने की साजिश है।

## संक्षिप्त खबरें

### जनार पीएनबी शाखा को स्थानांतरित करने के प्रस्ताव का विरोध, प्रखंड प्रमुख ने क्षेत्रीय प्रबंधक को भेजा पत्र

**औराई(एनएसबी)।** औराई प्रखंड प्रमुख डॉली कुमारी ने पंजाब नेशनल बैंक की जनार शाखा को वर्तमान स्थान से अन्यत्र स्थानांतरित किए जाने के प्रस्ताव का कड़ा विरोध किया है। इस संबंध में उन्होंने 24 जून को पंजाब नेशनल बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक, मुजफ्फरपुर को पत्र भेजकर शाखा को यथास्थान संचालित रखने की मांग की है। प्रमुख ने अपने पत्र में कहा है कि वर्ष 1987 से संचालित जनार शाखा क्षेत्र के हजारों ग्राहकों, किसानों, महिलाओं, विद्यार्थियों और व्यवसायियों के लिए महत्वपूर्ण वित्तीय केंद्र है। प्रस्तावित नया स्थान वर्तमान शाखा से लगभग 50 मीटर दूर होने के बावजूद ग्रामीणों के लिए असुविधाजनक बताया गया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान शाखा बाजार एवं मुख्य सड़क के निकट होने के कारण लोगों की पहुंच में है, जबकि नए स्थान पर पहुंचने में बुजुर्गों, महिलाओं और दिव्यांगजनों को कठिनाई होगी। पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि बैंक परिसर के आसपास पर्याप्त सार्वजनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। जबकि शाखा के स्थानांतरण से ग्राहकों को अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। प्रमुख ने चेतावनी दी है कि यदि जनभावनाओं की अनदेखी कर शाखा को स्थानांतरित किया गया तो ग्रामीणों द्वारा जनआंदोलन भी किया जा सकता है। उन्होंने बैंक प्रबंधन से जनहित को सर्वोपरि रखते हुए स्थानांतरण प्रक्रिया पर पुनर्विचार करने और जनार शाखा को वर्तमान स्थान पर ही संचालित रखने की मांग की है। प्रमुख प्रतिनिधि साकेत सुमन ने कहा कि जनार स्थित पंजाब नेशनल बैंक शाखा वर्षों से क्षेत्र के लोगों की आर्थिक जरूरतों का प्रमुख केंद्र रही है। बैंक को वर्तमान स्थान से हटाने पर ग्रामीणों, किसानों, महिलाओं और बुजुर्गों को परेशानी होगी। जनहित को देखते हुए शाखा को यथास्थान संचालित रखा जाना चाहिए।




पीएनबी का जनार शाखा, जिसके प्रबंधन द्वारा स्थानांतरण से परेशान और असहमत है ग्रामीण।

### मुजफ्फरपुर में दंडी स्वामी सहजानंद सरस्वती पुण्य स्मरण पर्व सह परिचर्चा का आयोजन 26 को

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** महान किसान नेता, स्वतंत्रता सेनानी, समाज सुधारक एवं अखिल भारतीय किसान सभा के संस्थापक दंडी स्वामी सहजानंद सरस्वती की पुण्यतिथि के अवसर पर 26 जून 2026 को अपराह्न 12:30 बजे रेड क्रॉस सोसाइटी हॉल मुजफ्फरपुर में ह्लदंडी स्वामी सहजानंद सरस्वती पुण्य स्मरण पर्व सह परिचर्चाह्व का आयोजन किया जाएगा। परिचर्चा का विषय ह्लकृषि, किसान और बिहार का विकास : स्वामी सहजानंद के विचारों की प्रासंगिकताह्व रखा गया है। आयोजन का उद्देश्य स्वामी सहजानंद सरस्वती के विचारों को वर्तमान परिप्रेक्ष्य में समझना तथा किसानों एवं ग्रामीण भारत के विकास के प्रश्नों पर गंभीर विमर्श करना है। दंडी स्वामी सहजानंद सरस्वती पुण्य स्मृति पर्व समारोह समिति द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम के संबंध में आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि मुजफ्फरपुर का स्वामी सहजानंद सरस्वती के जीवन से विशेष संबंध रहा है। ऐतिहासिक तथ्यों के अनुसार उन्होंने 26 जून 1950 को मुजफ्फरपुर में तत्कालीन वरिष्ठ अधिवक्ता स्वर्गीय मुचकुंद शर्मा के आवास पर अपने नश्वर शरीर का त्याग किया था। वर्तमान में उसी परिसर में ठाकुर नर्सिंग होम अस्पताल स्थित है। इस




कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते आयोजन समिति के लोग।

कारण मुजफ्फरपुर स्वामी सहजानंद सरस्वती की स्मृतियों से विशेष रूप से जुड़ा हुआ है। बताया गया कि कार्यक्रम का उद्घाटन परम पूज्य स्वामी अभिषेक ब्रह्मचारी जी करेंगे। अध्यक्षता बिहार सरकार के पूर्व मंत्री सुरेश कुमार शर्मा करेंगे। मुख्य अतिथि के रूप में बिहार सरकार के शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी एवं पर्यटन मंत्री केदार गुप्ता उपस्थित रहेंगे। विशिष्ट अतिथियों में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र संपर्क प्रमुख अनिल ठाकुर, बोचहां विधायक बेबी कुमारी तथा युवा चेतना के राष्ट्रीय संयोजक रोहित कुमार सिंह शामिल होंगे। जबकि स्वागताध्यक्ष भारत स्काउट एंड गाइड बिहार के सभापति उदय शंकर प्र सिंह होंगे। वही आयोजन समिति सदस्यों में रविंद्र प्रसाद सिंह, डॉ. अशोक शर्मा, डॉ संजय पंकज, देवांशु किशोर, मनोज कुमार सिंह, प्रो अरुण कुमार, रविनन्दन सिंह, अधि अरविन्द कु. सिंह, केशव चौबे, ई संजीव कुमार, रवि शंकर कुशवाहा शामिल है। आयोजन समिति ने जिले के बुद्धिजीवियों, किसानों शिक्षकों, सामाजिक कार्यकताओं एवं युवाओं से कार्यक्रम में भाग लेने का आव्हान किया है।

## मुहर्रम को लेकर डीएम और एसएसपी ने शहर मे भ्रमण कर स्थिति का लिया जायजा

# शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल में मुहर्रम मनाने की अपील

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** मुहर्रम पर्व के शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं व्यवस्थित आयोजन को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय है। पर्व के दौरान विधि-व्यवस्था बनाये रखने तथा सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के उद्देश्य से डीएम कुमार गौरव एवं एसएसपी कांतेश कुमार मिश्रा ने बुधवार को अधिकारियों की टीम के साथ शहर के विभिन्न महत्वपूर्ण स्थलों एवं मार्गो का भ्रमण किया।

इस दौरान उन्होंने संबंधित क्षेत्रों की स्थिति का निरीक्षण किया तथा स्थानीय लोगों से बातचीत कर आवश्यक फीडबैक भी प्राप्त किया। निरीक्षण के क्रम में डीएम एवं एसएसपी ने नगर के कर्बला, कमरा मोहल्ला ईदगाह, दाता कंबल शाह मजार, रोहुआ तथा आपूच गौशाला सहित कई महत्वपूर्ण स्थानों का दौरा किया। वही अधिकारियों ने मुहर्रम के अवसर पर निकलने वाले ताजिया जुलूसों, श्रद्धालुओं की आवाजाही तथा भीड़ प्रबंधन को लेकर की जा रही तैयारियों की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया। साथ ही संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिया। भ्रमण के दौरान जिलाधिकारी ने स्थानीय नागरिकों, समाज के गणमान्य लोगो तथा मुहर्रम आयोजन से जुड़े लोगों से संवाद स्थापित किया। लोगों ने प्रशासन द्वारा की जा रही तैयारियों पर संतोष व्यक्त करते हुए आवश्यक सुझाव भी दिए।



मुहर्रम पर्व के मद्देनजर नगर के विभिन्न स्थलों व मार्गो का भ्रमण कर जायजा लेते डीएम-एसएसपी।



कमरा मोहल्ला ईदगाह के आसपास का जायजा लेती अधिकारियो की टीम।

वही डीएम ने कहा कि मुहर्रम आस्था और परंपरा से जुड़ा महत्वपूर्ण पर्व है, जिसका आयोजन आपसी भाईचारे, शांति एवं सौहार्द के वातावरण में होना चाहिए। प्रशासन की प्राथमिकता है कि पर्व के दौरान कहीं भी किसी प्रकार की असुविधा या विधि-व्यवस्था संबंधी समस्या उत्पन्न न हो। वही एसएसपी कांतेश कुमार मिश्रा ने कहा कि जिले में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए व्यापक तैयारी की गई है। अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती से लेकर क्यूआरटी तथा साइबर सेल सक्रिय एवं तत्पर रहेंगे तथा सभी गतिविधियों पर सतत निगरानी रखी जाएगी।

उन्होंने आम लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल प्रशासन या पुलिस को देने की अपील की। निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों ने साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, बैरिकेडिंग, यातायात प्रबंधन तथा अन्य बुनियादी व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि मुहर्रम से पूर्व सभी आवश्यक तैयारियां समय पर पूरी कर ली जाएं, ताकि लोगों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। इस दौरान नगर आयुक्त ऋतुराज प्रताप सिंह, अपर समाहर्ता (राजस्व) प्रशांत कुमार, एसडीओ पूर्वी तुषार कुमार सहित कई प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

## कांटी नगर परिषद कार्यालय परिसर में बहुप्रतीक्षित जिम का विधायक अजीत कुमार ने किया उद्घाटन



कांँटी नप कार्यालय परिसर में जिम का उद्घाटन करते विधायक अजीत कुमार।

**कांँटी (एनएसबी)।** कांटी नगर परिषद कार्यालय परिसर में लगभग 25 लाख रुपये की लागत से बने बहुप्रतीक्षित जिम का विधायक सह पूर्व मंत्री ई अजीत कुमार ने फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया। मौके पर विधायक अजीत कुमार ने कहा कि नगर वासियों के बेहतर स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए जिम का शुभारंभ किया गया है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में जिम में और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी तथा इसे और विकसित किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि अब स्थानीय लोगों को कम शुल्क पर आधुनिक सुविधाओं के साथ व्यायाम करने का अवसर मिलेगा। विधायक अजीत कुमार ने कहा कि जिम खुलने से युवाओं, महिलाओं एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने वाले लोगों को काफी सुविधा होंगी। अब उन्हें बेहतर फिटनेस के लिए कही और नहीं जाना होगा। ज्ञात हो कि जिम का संचालन निविदा प्रक्रिया के माध्यम से किया जाएगा। निविदा की अवधि दो वर्ष निर्धारित की गई है। इस उद्घाटन समारोह के मौके पर नगर परिषद के सभापति दिलीप कुमार, उप सभापति अजय कुमार गुप्ता, पार्षद इनरदेव राम उर्फ पप्पू राम, संतोष पासवान, संजय साह, चंदन पांडेय, अशोक चौधरी समेत पूर्व मुखिया राजेश पांडे, पूर्व सरपंच नीरज मिश्रा, रामनाथ गुप्ता, शंकर प्रसाद विनय झा, योगेंद्र साह, नंदन महतो, मनोज कुमार सहित बड़ी संख्या में स्थानीय जन प्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# चार दिवसीय पुस्तक मेला का उद्घाटन आज

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** उत्तर बिहार की सांस्कृतिक राजधानी मुजफ्फरपुर में समय इंडिया (ट्रस्ट), नई दिल्ली, पुस्तक मेला समिति (रजि), नई दिल्ली एवं प्रज्ञा रिसर्च एसोसिएशन (प्राण), रांची के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार से शुरू हो रहे चार दिवसीय पुस्तक मेला में किताबों के साथ-साथ साहित्यिक और सांस्कृतिक गतिविधियों की भी भरपूर छटा देखने को मिलेगी। यह जानकारी बुधवार को आयोजित प्रेसवार्ता में समय इंडिया ट्रस्ट के प्रबंध न्यासी चंद्र भूषण ने दी।

उन्होंने कहा कि मुजफ्फरपुर 25 से 28 जून तक ज्ञान, साहित्य, संस्कृति और रचनात्मकता के एक भव्य उत्सव का साक्षी बनने जा रहा है। नगर के कलमबाग रोड स्थित आदर्श छात्रावास परिसर में आयोजित होने वाला चार दिवसीय मुजफ्फरपुर पुस्तक मेला पुस्तक प्रेमियों, विद्यार्थियों, शिक्षकों, अभिभावकों और साहित्यकारों के लिए एक यादगार आयोजन साबित होगा।उन्होंने बताया कि इस बार पुस्तक मेले में श्रद्धालुओं और पुस्तक प्रेमियों के आकर्षण का केंद्र होगी 31 हजार रुपये मूल्य की विशेष दुर्गा सप्तशती। लगभग 13 किलोग्राम वजनी यह दुर्लभ ग्रंथ हिंदी, संस्कृत और अंग्रेजी में प्रकाशित है। अपनी भव्यता, कलात्मक प्रस्तुति और संग्रहणीय स्वरूप के कारण यह पुस्तक मेले में चर्चा का प्रमुख विषय बनेगी।

**31 हजार की दुर्गा सप्तशती होगा पुस्तक मेला का मुख्य आकर्षक**

**अंतरराष्ट्रीय कवयित्री अंकिता सिन्हा के साथ सजेगा कवि सम्मेलन का मंच**

इसके साथ ही 5 रुपये का हनुमान चालीसा से लेकर दुर्लभ धार्मिक ग्रंथों, चर्चित उपन्यासों, प्रतियोगी परीक्षाओं की पुस्तकों और समकालीन साहित्य का विशाल संसार भी पाठकों के लिए उपलब्ध रहेगा। श्री भूषण ने बताया कि पुस्तक मेले के दौरान आयोजित होने वाला भव्य कवि सम्मेलन साहित्य प्रेमियों के लिए विशेष आकर्षण रहेगा।



पुस्तक मेला के आयोजन और आकर्षण के संबंध में जानकारी देते आयोजक मंडल के पदाधिकारी गण।

इस अवसर पर जमशेदपुर की चर्चित अंतरराष्ट्रीय कवयित्री अंकिता सिन्हा अपनी कविता की प्रस्तुति देंगी। उनकी संवेदनशील, भावपूर्ण और समकालीन विषयों पर आधारित कविताएं देशभर के मंचों पर सराही जाती रही हैं। उनके साथ विभिन्न राज्यों से आने वाले एवं स्थानीय कवि और शायर कविता, गीत, गजल, मुक्तक और शेर-ओ-शायरी की प्रस्तुतियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करेंगे। आयोजन समिति का मानना है कि कवि सम्मेलन मेले की सबसे चर्चित साहित्यिक गतिविधियों में शामिल रहेगा। उन्होंने बताया कि पुस्तके मेले में आम पाठकों के प्रवेश की समयावधि प्रातः 11 बजे से रात्रि 9 बजे तक होगी। आयोजन समिति ने मुजफ्फरपुर और आसपास के पुस्तक प्रेमियों से अनुरोध किया है कि अपने व्यस्त समय का थोड़ा हिस्सा किताबों के करीब बिताने के लिए जरूर निकले और मेले में आकर पुस्तकों का आनंद लें। इस प्रेसवार्ता में मेला आयोजन समिति से जुड़े नीलेश कुमार, समय प्रकाशन समूह के विक्रय प्रतिनिधि बीरेंद्र यादव मौजूद थे।

# महंगाई, भ्रष्टाचार व बढ़ते अपराध के खिलाफ एनएसयूआई का धरना

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया (कम्युनिस्ट) के बैनर तले बुधवार को मीनापुर प्रखंड-सह-अंचल मुख्यालय पर महंगाई, बेरोजगारी, प्रश्नपत्र लीक, बढ़ते अपराध, सरकारी अस्पतालों की बदहाली, वृद्धा पेंशन में अनियमितता, अंचल एवं प्रखंड कार्यालयों में व्याप्त भ्रष्टाचार तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के विरोध में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया गया। इस कार्यक्रम में किसान, मजदूर, छात्र, युवा एवं महिलाएं शामिल हुए।

धरना प्रदर्शन सभा को संबोधित करते हुए एसयूसीआई राज्य कमिटी सदस्य अर्जुन कुमार ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकारों की जन विरोधी नीतियों के कारण महंगाई, बेरोजगारी और आर्थिक संकट लगातार बढ़ रहा है। डीजल, पेट्रोल, रसोई गैस एवं आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में लगातार वृद्धि से आम जनता का जीवन कठिन हो गया है। उन्होंने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य को अधिकार के बजाय बाजार की वस्तु बनाया जा रहा है, जिससे गरीब और वंचित तबके इन बुनियादी सुविधाओं से दूर होते जा रहे हैं। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को शिक्षा के निजीकरण और व्यापारीकरण को बढ़ावा देने वाली नीति बताते हुए इसे वापस लेने की मांग की। ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के जिला सचिव लाल बाबू राय ने कहा कि किसानों की स्थिति दिन-प्रतिदिन बदतर होती जा रही है। किसान कर्ज लेकर खेती करने को मजबूर हैं, लेकिन बाढ़, सूखा, प्राकृतिक आपदाओं एवं आवारा पशुओं से फसल नष्ट होने पर उन्हें उचित मुआवजा नहीं मिलता। खाद, बीज, सिंचाई और कृषि लागत लगातार बढ़ रही है, जबकि किसानों को उनकी उपज का लाभकारी मूल्य नहीं मिल रहा है। उन्होंने किसानों और खेत मजदूरों की समस्याओं के समाधान हेतु ठोस सरकारी पहल की मांग की। सभा की अध्यक्षता करते हुए पार्टी के मीनापुर लोकल कमिटी के इंचार्ज शिव कुमार यादव ने कहा कि मीनापुर प्रखंड एवं अंचल कार्यालयों में व्याप्त भ्रष्टाचार, घूसखोरी और प्रशासनिक अराजकता के कारण आम जनता को अपने छोटे-छोटे कार्यो के लिए भी परेशान होना पड़ता है। वृद्धा पेंशन, राशन, आवास एवं अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं में व्यापक अनियमितताएं हैं। उन्होंने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं में बार-बार प्रश्नपत्र लीक की घटनाएं लाखों छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हैं। बढ़ते अपराध, जर्जर सड़कें, बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था और बेरोजगारी के खिलाफ जनता को संगठित होकर संघर्ष तेज करना होगा।




मीनापुर प्रखंड कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन करते एसयूसीआई के लोग।

धरना-प्रदर्शन के उपरांत 5 सदस्यों का प्रतिनिधिमंडल ने बीडीओ एवं सीओ के बड़ा बाबू को 15 सूत्री मांग-पत्र सौंपकर समस्याओं के समाधान की मांग की। इस कार्यक्रम में शिव कुमार यादव, राम प्रसाद राय, राजेश्वर प्रसाद शाही, राम किशोर राय, मदन कुमार वीरेंद्र शरण, राम पहलाद राय, राम पुकार राय, गौरव कुमार, सिकंदर कुमार, सचिन कुमार, अनिल कुमार, राम नंदन साहनी, सुखदेव राम, गौरव कुमार आदि ने संबोधित किया।

## संक्षिप्त खबरें

### सुरसंड के पूर्व विधायक एवं राजद के वरिष्ठ नेता नागेंद्र प्रसाद यादव के आकस्मिक निधन पर शोक

**सुरसंड/सीतामढ़ी (एनएसबी)।** सुरसंड विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं राष्ट्रीय जनता दल के वरिष्ठ नेता स्वर्गीय नागेंद्र प्रसाद यादव के आकस्मिक निधन पर पूर्व सांसद डॉ. अर्जुन राय, राजद जिला अध्यक्ष सुनील कुशवाहा एवं जिला प्रधान महासचिव ने गहरा शोक व्यक्त किया है। नेताओं ने संयुक्त शोक संदेश में कहा कि स्वर्गीय नागेंद्र प्रसाद यादव जी सामाजिक न्याय, धर्मनिरपेक्षता एवं गरीब-गुरबों के अधिकारों की लड़ाई के सशक्त योद्धा थे। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन जनसेवा एवं समाज के वंचित तबकों के उत्थान के लिए समर्पित कर दिया। उनके निधन से राष्ट्रीय जनता दल परिवार सहित पूरे सीतामढ़ी जिले को अपूरणीय क्षति हुई है। पूर्व सांसद डॉ. अर्जुन राय ने कहा कि नागेंद्र प्रसाद यादव जी का राजनीतिक एवं सामाजिक योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। वहीं जिलाध्यक्ष सुनील कुशवाहा ने कहा कि वे एक संघर्षशील, कर्मठ एवं लोकप्रिय जननेता थे, जिनके मार्गदर्शन से अनेक कार्यकताओं ने राजनीति और समाजसेवा की प्रेरणा प्राप्त की। जिला प्रधान महासचिव ने कहा कि स्वर्गीय नागेंद्र प्रसाद यादव जी का सादा जीवन, उच्च विचार एवं जनता के प्रति समर्पण आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बना रहेगा। सभी नेताओं ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की तथा इस दुःख की घड़ी में पूरे राजद परिवार को उनके साथ खड़ा रहने का विश्वास दिलाया।


दिवंगत पूर्व विधायक नागेंद्र प्रसाद यादव।

### सीतामढ़ी में लिपिक निलंबित, रिश्वत मांगने एवं लापरवाही के आरोप में डीएम ने की कार्रवाई

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** डीएम रिची पांडेय द्वारा भूमि सुधार उप समाहर्ता कार्यालय, सीतामढ़ी सदर में कार्यरत लिपिक आलोक कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई परिहार थाना क्षेत्र के गोरहारी निवासी एजाज अहमद द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर की गई है। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि संबंधित मामले में आदेश निर्गत करने के लिए फाइल को दो वर्षों से लंबित रखा गया तथा आदेश जारी करने के एवज में 25 हजार रुपये रिश्वत की मांग की गई। इसके अतिरिक्त संबंधित कर्मी पर भ्रष्टाचार, लापरवाही, वरीय पदाधिकारियों के आदेशों की अवहेलना तथा बिहार सरकारी सेवक आचरण नियमावली, 1976 के प्रावधानों के उल्लंघन के भी आरोप लगाए गए हैं। आरोपों की गंभीरता को देखते हुए लोकहित एवं प्रशासनिक दृष्टिकोण से बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के नियम 9(1) (क) के तहत लिपिक आलोक कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि के दौरान उनका मुख्यालय प्रखंड कार्यालय, चोरौत निर्धारित किया गया है। जिला प्रशासन के आदेश के अनुसार, प्रखंड विकास पदाधिकारी, चोरौत द्वारा निर्गत अनुपस्थिति विवरणी के आधार पर निलंबित कर्मी को नियमानुसार जीवन-निर्वाह भत्ता देय होगा। आदेश की प्रति संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई हेतु भेज दी गई है।

### सीतामढ़ी जिले के 15 नवसृजित प्राथमिक विद्यालयों को संविलियन से मुक्त करने की सरकार से मांग

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** विधान पार्षद वंशीधर ब्रजवासी ने सीतामढ़ी जिले के 15 नवसृजित प्राथमिक विद्यालयों को संविलियन से मुक्त करने की सरकार से मांग की है। उन्होंने प्राथमिक शिक्षा निदेशक को पत्र लिखकर कहा है कि विभागीय निदेश के आलोक में सीतामढ़ी जिले के 96 भूमिहीन विद्यालयों को निकटवर्ती विद्यालयों के साथ संविलयित करने का आदेश दिया गया था जिसके अनुपालन में ऐसे भूमिहीन एवं भवनहीन विद्यालयों को निकटवर्ती विद्यालयों से संबद्ध कर दिया गया। इसी बीच सामाजिक एवं विभागीय प्रयासों से सीतामढ़ी जिले के कुल 19 प्राथमिक विद्यालयों को भूमि उपलब्ध करा दी गई और 15 विद्यालयों के भवन का भी निर्माण करा दिया गया। श्री ब्रजवासी ने कहा कि जिला शिक्षा पदाधिकारी सीतामढ़ी के प्रासंगिक पत्र के माध्यम से विभाग को अवगत कराया गया है कि रुन्नीसैदपुर प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय मुस्लिम टोला दशई, प्राथमिक विद्यालय बिन्द टोला, प्राथमिक विद्यालय कल्याणी टोला, प्राथमिक विद्यालय अनुसूचित जाति टोला तिलक ताजपुर, प्राथमिक विद्यालय बलिगढ़ वार्ड नंबर 2, प्राथमिक विद्यालय बगही टोला, प्राथमिक विद्यालय गंगवारा हरिजन टोला, प्रा. वि. हरनाकर टोला, प्राथमिक विद्यालय थुम्मा पूर्वी टोला, प्राथमिक विद्यालय नोनिया टोला बरहेता, प्राथमिक विद्यालय सुहईगढ़ वार्ड नंबर 1, प्राथमिक विद्यालय नयावास तिलक ताजपुर, प्राथमिक विद्यालय सामुदायिक भवन कोदरिया एवं परसौनी प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय कब्रिस्तान मोहल्ला, परसौनी खिरोधर, तथा प्राथमिक विद्यालय सुन्दरगामा अनु. जा. टोला को भूमि एवं भवन प्राप्त हो चुका है।

वहीं प्राथमिक विद्यालय चैनपुरा, प्राथमिक विद्यालय हौदा टोला गाढ़ा, प्राथमिक विद्यालय रैन विशुनी दुर्गा स्थान एवं प्रा. वि. कौड़िया धुनिया को भूमि प्राप्त हो गई है परंतु, भवन का निर्माण नहीं हो सका है। उपरोक्त वर्णित जिन 15 विद्यालयों के पास भूमि एवं भवन प्राप्त है, का संचालन वर्षों से संबद्ध विद्यालयों में ही किया जा रहा है जिस कारण मूल विद्यालय के बच्चों को कई प्रकार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इनमें से कुछ विद्यालयों में मध्याह्न भोजन योजना भी बंद है। उन्होंने शिक्षा हित में भूमि एवं भवनयुक्त विद्यालयों में शिक्षण व्यवस्था अविलंब शुरू करने की मांग की।

### आध्यात्मिक ज्ञान दिवस के रूप में मनाई गई संस्था की प्रथम मुख्य प्रशासिका मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती का 61वां स्मृति दिवस

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** नगर के आमगोला रोड स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के सुख शांति भवन सभागार में बुधवार को संस्था की प्रथम मुख्य प्रशासिका मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती का 61वां स्मृति दिवस सादगी के साथ आध्यात्मिक ज्ञान दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर ईस्टर्न


स्मृति दिवस कार्यक्रम को संबोधित करती ईस्टर्न जोन इंचार्ज बीके रानी दीदी।

जोन इंचार्ज राजयोगिनी बीके रानी दीदी ने मातेश्वरी जी के साथ का संस्मरण साझा करते हुए कहा कि मातेश्वरी जी ने आध्यात्मिक शक्ति के द्वारा मानवता की सेवा के पथ को उस समय चुना जब नारियों को घर से बाहर निकलने की अनुमति नहीं होती थी। भारतीय संस्कृति उत्थान के लिए मातेश्वरी जी का त्याग, समर्पण और सेवा समस्त भारत और विश्व के लिए अत्यंत गौरव का विषय है।

उन्होंने कहा कि ज्ञान, गुण और शक्तियों को धारण करके लोगों को अनुभव कराने का उन्हें दिव्य वरदान प्राप्त था। उनके दिखाये मार्ग पर चलकर ब्रह्माकुमारी संस्था विश्व सेवा का जो महान कार्य कर रही है, यह उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगो ने उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। साथ ही उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर डॉ एच एन भारद्वाज, डॉ नवीन कुमार विद्याभूषण, वयोश्रेष्ठ समाजसेवी एचएल गुप्ता, बीके पदमा, बीके मीणा, बीके सीता, बीके डॉ फनीश चंद्र, बीके महेश, बीके संजीव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## सामाजिक सुरक्षा, दिव्यांगजन एवं बाल संरक्षण योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित

# लंबित जीवन प्रमाणीकरण शीघ्र पूरा करें : डीएम

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, दिव्यांगजन सशक्तिकरण एवं बाल संरक्षण से संबंधित योजनाओं की संयुक्त समीक्षा बैठक समाहरणालय स्थित विमर्श कक्ष में जिला पदाधिकारी रिची पाण्डेय की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक के दौरान जिला पदाधिकारी ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों (बीडीओ) को लंबित पेंशनधारियों का जीवन प्रमाणीकरण (लाइफ सर्टिफिकेशन) यथाशीघ्र पूर्ण कराने का निर्देश दिया।

उन्होंने वृद्धजन पेंशन योजना, मुख्यमंत्री परिवार लाभ योजना, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना तथा एमटीसी पोर्टल से संबंधित अद्यतन स्थिति की विस्तृत जानकारी प्राप्त की और सभी लंबित मामलों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। दिव्यांगजन कल्याण योजनाओं की समीक्षा करते हुए जिला पदाधिकारी ने कहा कि दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल उपलब्ध कराना केवल एक प्रशासनिक कार्य नहीं, बल्कि एक पुण्य का कार्य है। उन्होंने


समाहरणालय स्थित विमर्श कक्ष में समीक्षा बैठक करते जिला पदाधिकारी रिची पाण्डेय व उपस्थित अन्य अधिकारी।

अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचे। बाल संरक्षण से संबंधित मामलों की समीक्षा के दौरान उन्होंने सभी बीडीओ को प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर बाल संरक्षण समिति की नियमित बैठक आयोजित करने का निर्देश दिया। साथ ही परवरिश योजना के अंतर्गत अनाथ बच्चों, एचआईवी प्रभावित परिवारों के बच्चों तथा कुष्ठ रोग से प्रभावित परिवारों के बच्चों की पहचान कर उन्हें योजना से आच्छादित करने पर विशेष बल दिया। बैठक में अपर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी एवं सहायक निदेशक बाल संरक्षण इकाई लालकृष्ण राय, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी सुश्री जया भारद्वाज, बाल संरक्षण पदाधिकारी गोविंद राम, विधिक सह परिवीक्षा पदाधिकारी ओम प्रकाश पाण्डेय, प्रथम संस्था के जिला समन्वयक सुधीर कुमार, बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष कृति कुमारी, अदिति संस्था के प्रतिनिधि मनीष कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। जिले के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में शामिल हुए।

**दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल उपलब्ध कराना पुण्य का कार्य : रिची पाण्डेय**

## बैरगनिया क्षेत्र में फ्लैग मार्च, लोगों से पर्व को सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने की अपील

**बैरगनिया/सीतामढ़ी (एनएसबी)।** मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर स्थानीय पुलिस प्रशासन एवं एसएसबी जवानों ने संयुक्त रूप से बैरगनिया क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाल कर लोगों से पर्व को सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने की अपील की है। फ्लैग मार्च के दौरान जवानों ने शहरी क्षेत्र के विभिन्न सड़कों, चौक-चौराहों तथा संवेदनशील क्षेत्रों का भ्रमण कर लोगों से आपसी भाईचारा एवं शांति बनाए रखने की अपील की।

प्रशासनिक, पुलिस पदाधिकारियों ने कहा कि मोहर्रम के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है तथा किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। फ्लैग मार्च के माध्यम से आम लोगों में सुरक्षा का विश्वास कायम करने तथा असामाजिक तत्वों को सख्त संदेश देने का प्रयास किया गया। अधिकारियों ने लोगों से सोशल मीडिया पर भ्रामक संदेशों से बचने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की।

इस अवसर पर स्थानीय थाना के पुलिस पदाधिकारी, एसएसबी के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में जवान मौजूद थे। फ्लैग मार्च के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही। मौके पर बैरगनिया थानाध्यक्ष अरविंद कुमार गिरी, अपर थानाध्यक्ष अनुराग कुमार, एएसआई बलराम प्रसाद, मृत्युंजय चौधरी सहित कई पुलिसकर्मी शामिल थे।


शहरी क्षेत्र में निकले फ्लैग मार्च में शामिल पुलिस पदाधिकारी व पुलिस एवं एसएसबी के जवान।

## सीतामढ़ी में भीषण गर्मी का असर : 27 जून तक कक्षा आठवीं तक के स्कूल बंद

**बड़ी कक्षाएं सुबह 10 बजे तक संचालित होंगी**

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिले में लगातार बढ़ रहे तापमान और दोपहर के समय पड़ रही भीषण गर्मी को देखते हुए जिला दंडाधिकारी रिची पाण्डेय ने एहतियातन महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा-163 के तहत जारी आदेश के अनुसार, 25 जून 2026 से 27 जून 2026 तक जिले के सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों तथा प्री-स्कूलों में कक्षा आठवीं तक की शैक्षणिक गतिविधियों पर रोक लगा दी गई है।

जिला दंडाधिकारी ने विद्यालय प्रबंधन को निर्देश दिया है कि वे उक्त अवधि में शैक्षणिक गतिविधियों को पुनर्निर्धारित करें। साथ ही, कक्षा नौवीं से ऊपर की कक्षाओं का संचालन पूर्वाह्न 10:00 बजे तक ही किया जाएगा।

आदेश में जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (आईसीडीएस) को भी निर्देशित किया गया है कि आंगनबाड़ी केंद्रों पर सुबह 9:00 बजे से पहले ही पोषाहार का वितरण सुनिश्चित किया जाए तथा वितरण के बाद केंद्रों को बंद कर दिया जाए।

जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह आदेश 25 जून से 27 जून 2026 तक प्रभावी रहेगा। प्रशासन ने अभिभावकों, विद्यालय प्रबंधन और संबंधित अधिकारियों से बच्चों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए आदेश का अनुपालन सुनिश्चित करने की अपील की है।

## ग्रीष्मावकाश के बाद विद्यालय खुलने पर शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति की हुई जांच

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** ग्रीष्मावकाश समाप्त होने के बाद विद्यालयों के पुनः संचालन प्रारंभ होने पर जिलाधिकारी के निर्देश पर जिले के विभिन्न विद्यालयों में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति की विशेष जांच कराई गई। जांच के दौरान यह पाया गया कि शिक्षकों की उपस्थिति शत-प्रतिशत रही तथा जो शिक्षक विद्यालय में उपस्थित नहीं थे, वे विधिवत स्वीकृत अवकाश पर थे।

विद्यालयों में उपस्थिति की यह जांच प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों, जिनमें श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सहित अन्य अधिकारियों को शामिल किया गया था, के माध्यम से कराई गई।

जांच के दौरान कई विद्यालयों में नामांकन की तुलना में विद्यार्थियों की उपस्थिति अपेक्षाकृत कम पाई गई। इनमें जोहरी मल उच्च विद्यालय, बैरगनिया में नामांकित 1,244 विद्यार्थियों के विरुद्ध 472 विद्यार्थी उपस्थित पाए गए। इसी प्रकार बाजपट्टी में उच्च माध्यमिक विद्यालय, मदारीपुर में 331 नामांकित विद्यार्थियों के मुकाबले मात्र 18 विद्यार्थी उपस्थित थे। इसके अतिरिक्त प्राथमिक विद्यालय, लोहासी गुलरिया टोला, बेलसंड में 83 के विरुद्ध 38, मध्य विद्यालय, सिरसी, नानपुर में 659 के विरुद्ध 300, उच्च माध्यमिक विद्यालय, गौसनगर, रुन्नीसैदपुर में 446 के विरुद्ध 138, मध्य विद्यालय बछारपुर उर्दू, पुपरी में 672 के विरुद्ध 197, प्राथमिक विद्यालय, गणेशपुर बभनगामा, रीगा में 104 के विरुद्ध 42, मध्य विद्यालय मोहिनी मंडल सुप्पी में 738 के विरुद्ध मात्र 241, जबकि मध्य विद्यालय, पिपराही, सुरसंड में 401 के विरुद्ध 64 तथा मध्य विद्यालय, सुरसंड दक्षिणी में 118 नामांकित विद्यार्थियों के मुकाबले केवल 54 विद्यार्थी उपस्थित पाए गए।

विद्यालयों में विद्यार्थियों की अपेक्षाकृत कम उपस्थिति को गंभीरता से लेते हुए संबंधित सभी प्रधानाध्यापकों से नामांकित विद्यार्थियों की तुलना में कम उपस्थिति के कारणों के संबंध में प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। साथ ही विद्यालयों में विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक कदम उठाने को कहा गया।

## उत्तर बिहार वाणिज्य व उद्योग परिषद में नए आयकर कानून 2025 पर जागरूकता एवं संवाद कार्यक्रम

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** उत्तर बिहार वाणिज्य एवं उद्योग परिषद, मुजफ्फरपुर के सभागार में भारत सरकार द्वारा लागू किए गए नए आयकर कानून 2025 की विस्तृत जानकारी सहयोग कार्यक्रम के माध्यम से प्रदान करने हेतु एक महत्वपूर्ण जागरूकता एवं संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आयकर विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने परिषद के सदस्यों, उद्योगपतियों, व्यवसायियों एवं करदाताओं को नए आयकर कानून की प्रमुख विशेषताओं, प्रावधानों तथा इससे मिलने वाले लाभों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रधान आयकर आयुक्त अभय कुमार ठाकुर ने नए आयकर कानून की अवधारणा एवं उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह कानून कर प्रणाली को अधिक सरल, पारदर्शी एवं करदाता हितैषी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि नए प्रावधानों से उद्योग, व्यापार एवं आम नागरिकों को अनेक प्रकार की सुविधाएं एवं लाभ प्राप्त होंगे।

इस अवसर पर अपर आयकर आयुक्त ललित कुमार, आयकर अधिकारी (छूट) बुधन राय, आयकर अधिकारी संजीव कुमार एवं प्रख्यात चार्टर्ड अकाउंटेंट जय प्रकाश अग्रवाल एवं गोपाल प्रसाद तुलस्यान ने नए कानून के विभिन्न पहलुओं की विस्तृत व्याख्या करते हुए उपस्थित सदस्यों की जिज्ञासाओं का समाधान किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए परिषद के अध्यक्ष श्याम सुंदर भीमसेरिया ने आयकर विभाग के अधिकारियों का स्वागत करते हुए कहा कि इस प्रकार के संवाद कार्यक्रम उद्योग एवं व्यापार जगत के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होते हैं। परिषद के महामंत्री श्री प्रमोद जाजोदिया ने सभी अतिथियों एवं सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में परिषद के सदस्यों में सज्जन शर्मा, अरुण कुमार, अंकित हिसारिया, महेंद्र तुलस्यान, मुकेश रुंगटा, आनंद केडिया, विनोद केजरीवाल, राजीव केजरीवाल, निशांत केजरीवाल, मुकेश अग्रवाल, भारत अग्रवाल एवं राजीव लोचन गुप्ता सहित अन्य उद्योगपति, व्यवसायी एवं करदाता उपस्थित रहे। नए आयकर कानून 2025 से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त की। उपस्थित सदस्यों ने इस उपयोगी कार्यक्रम की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने का अनुरोध किया।


दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ करते आयकर अधिकारी व परिषद के प्रतिनिधि।

# 'सकारात्मक पुरुषत्व' विषय पर प्रशिक्षण आयोजित, किशोरों एवं अभिभावकों को किया गया जागरूक

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग, यूनिसेफ एवं प्रथम संस्था के संयुक्त तत्वावधान में जिला पंचायत संसाधन केंद्र, डुमरा में किशोर-किशोरी सशक्तिकरण परियोजना के अंतर्गत 'सकारात्मक पुरुषत्व (पॉजिटिव मस्क्यूलिनिटी)' विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में पंचायत स्तर पर गठित किशोर समूहों के किशोरों एवं उनके अभिभावकों ने भाग लियोप्रशिक्षण का उद्देश्य किशोरों एवं अभिभावकों के बीच लैंगिक समानता, सकारात्मक सोच, उत्तरदायी व्यवहार तथा बाल अधिकारों के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को सम्मानजनक व्यवहार, लैंगिक संवेदनशीलता, जिम्मेदार नागरिकता तथा समाज में सकारात्मक भूमिका निभाने के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी गई। इस अवसर पर अनुमंडल कल्याण पदाधिकारी अजित कुमार तिवारी ने कहा कि सकारात्मक पुरुषत्व केवल एक विषय नहीं, बल्कि एक ऐसी सामाजिक सोच है जो सम्मान, समानता, जिम्मेदारी और संवेदनशीलता जैसे मूल्यों को प्रोत्साहित करती है। उन्होंने कहा कि किशोरावस्था में विकसित होने वाले दृष्टिकोण और व्यवहार भविष्य के समाज की दिशा तय करते हैं, इसलिए किशोरों एवं उनके अभिभावकों को इस विषय पर जागरूक करना अत्यंत आवश्यक है।


कार्यक्रम में मंचासीन अतिथि व उपस्थित प्रतिभागी।

यूनिसेफ व प्रथम संस्था के जिला समन्वयक सुधीर कुमार ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य किशोरों में लैंगिक समानता, सकारात्मक व्यवहार, बाल अधिकारों के प्रति सम्मान तथा जिम्मेदार नागरिकता की भावना को सुदृढ़ करना है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण में प्राप्त सीख को प्रतिभागी अपने परिवार, विद्यालय एवं समुदाय तक पहुंचाकर एक अधिक समावेशी, सुरक्षित एवं समानतापूर्ण समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में डुमरा, परसौनी, परिहार एवं सुरसंड प्रखंडों के किशोर एवं अभिभावक शामिल हुऐ कार्यक्रम के दौरान यूनिसेफ के परामर्शी डॉ. अमन कुमार ने किशोरों को साइबर सुरक्षा (साइबर सेफ्टी) से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की तथा डिजिटल माध्यमों के सुरक्षित उपयोग के प्रति जागरूक किया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्रथम संस्था के प्रखंड समन्वयक बीरेंद्र कुमार, नवीन कुमार, मुकेश पासवान एवं हरिशंकर कुमार ने महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम में आदर्श कुमार, सत्येंद्र कुमार, रजनीश राम, रुपेश कुमार, रामा, सुधांशु, प्रिंस, सत्यजीत, सूरज, अनमोल, बादल, रधुनंदन सहित अन्य प्रतिभागी उपस्थित रहे।

## सम्पादकीय

## जेपी गंगा पथ समग्र उद्यान, बिहार पर्यटन को मिलेगी नई पहचान

राजधानी पटना के गंगा तट पर विकसित किया जा रहा जेपी गंगा पथ समग्र उद्यान। राज्य के शहरी विकास, पर्यटन संवर्धन, सांस्कृतिक पुनर्जागरण और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है। राज्य सरकार की यह महत्वाकांक्षी योजना गंगा के तट को विश्वस्तरीय सार्वजनिक स्थल के रूप में विकसित करते हुए पाटलिपुत्र की गौरवशाली विरासत को आधुनिक स्वरूप प्रदान करेगी। प्रथम चरण में लगभग 6 किलोमीटर लंबे ग्रीन-पार्क कॉरिडोर का विकास किया जा रहा है। द्वितीय चरण में इसका विस्तार लगभग 26 किलोमीटर तक विकसित किया जाएगा, जिससे ऐतिहासिक पटना सिटी का क्षेत्र भी इससे जुड़ेगा। इससे गंगा तट के साथ एक, सतत एवं एकीकृत हरित-पर्यटन गलियारे का निर्माण होगा। इस कारिडोर का विकास केवल सौंदर्यीकरण तक सीमित न रहकर पर्यटन, संस्कृति, पर्यावरण संरक्षण और जनसुविधाओं के एकीकृत मॉडल के रूप में किया जाए।

परिकल्पना के अनुसार यह क्षेत्र केवल मनोरंजन स्थल तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि जल-आधारित पर्यटन, सांस्कृतिक आयोजनों, सार्वजनिक गतिविधियों, प्रकृति अवलोकन, स्थानीय उद्यमिता और विरासत आधारित पर्यटन का प्रमुख केंद्र बनेगा। वाटर मेट्रो जेट्टी, पर्यटन घाट, गंगा चैनल, पटना हाट, वेस्ट-टू-वंडर पार्क, स्वतंत्रता सेनानी पार्क, बॉटनिकल गार्डन, बटरफ्लाई गार्डन और अन्य सार्वजनिक सुविधाएँ इसे एक बहुआयामी शहरी गंतव्य का स्वरूप प्रदान करेंगी।

गंगा पथ के किनारे विकसित की जाने वाली लगभग 50 दुकानों के लिए 'गंगा एवं पाटलिपुत्र थीम' पर आधारित एक विशिष्ट आइकन विकसित किया जाएगा। इसके चयन के लिए राज्यस्तरीय डिजाइन प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी, जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार 51 हजार 21 हजार और 11हजार रूपये प्रदान किए जाएंगे। विकास आयुक्त ने निर्देश दिया कि सम्पूर्ण क्षेत्र की पहचान गंगा एवं पाटलिपुत्र की ऐतिहासिक विरासत से जुड़ी हो तथा विकसित होने वाली संरचनाओं, साइनेज, सार्वजनिक स्थलों और दुकानों में बिहार की सांस्कृतिक पहचान स्पष्ट रूप से परिलक्षित हो।

हरित विकास को इस पहल की मूल अवधारणा में शामिल किया गया है। विशेष रूप से पीपल, बरगद एवं पाकड़ जैसे भारतीय मूल के वृक्षों को प्राथमिकता दी जाएगी, जो स्थानीय पारिस्थितिकी को सुदृढ़ करने के साथ-साथ दीर्घकालिक हरित आवरण प्रदान करेंगे। वहीं अमलतास, गुलमोहर एवं सेमल जैसे पुष्पीय वृक्षों के माध्यम से आकर्षक थीम आधारित पुष्प उद्यान विकसित किए जाएंगे। गंगा तट की ओर उन्मुख बैठने की विशेष व्यवस्था भी की जाएगी, जिससे आगंतुक प्राकृतिक परिवेश और नदी के मनोरम दृश्यों का आनंद ले सकें। भारतीय मूल की प्रजातियों को प्राथमिकता देने पर बल देते हुए हरित विकास स्थानीय पारिस्थितिकी, सांसतिक विरासत और पर्यावरणीय संतुलन के अनुरूप होना चाहिए।

स्वतंत्रता सेनानी पार्क को इस समग्र विकास का एक प्रमुख आकर्षण बनाया जाएगा, जहां बिहार के स्वतंत्रता संग्राम और उसके महानायकों के योगदान को आधुनिक एवं आकर्षक स्वरूप में प्रस्तुत किया जाएगा। यह स्थल नई पीढ़ी को राज्य के गौरवशाली इतिहास से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम बनेगा।

पर्यटकों एवं नागरिकों को बेहतर अनुभव उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विकास पार्किंग व्यवस्था, प्रवेश एवं निकास मार्गो, अंडरपास, दुकानों एवं अन्य सार्वजनिक सुविधाओं की विस्तृत एवं समन्वित योजना तैयार करने का निर्देश है। साथ ही परियोजना के वर्तमान स्वरूप एवं भावी विकास को स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करने के लिए ड्रोन इमेजरी तथा रेंडर्ड विजुअल्स तैयार होगा, ताकि नागरिकों एवं पर्यटकों के समक्ष इसकी व्यापक परिकल्पना को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया जा सके।

इस बहु-विभागीय पहल के अंतर्गत विभिन्न एजेंसियां अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन कर रही हैं। पर्यटन विभाग की ओर से पर्यटन सुविधाओं, वाटर मेट्रो जेट्टी एवं पर्यटन घाटों का विकास किया जा रहा है। जल संसाधन विभाग गंगा चैनल एवं जल-आधारित अवसंरचना के विकास का कार्य करेगा। शहरी विकास एवं आवास विभाग पटना हाट, वेस्ट-टू-वंडर पार्क, दुकानों तथा नागरिक सुविधाओं का विकास कर रहा है। बीयूडीसीओ की ओर से सीवरेज, इंटरसेप्टर ड्रेन एवं उपचारित जल प्रबंधन प्रणाली को सुदृढ़ किया जा रहा है, जबकि पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग हरित क्षेत्रों, बाटनिकल गार्डन एवं बटरफ्लाई गार्डन के विकास का कार्य करेगा।

# आपातकाल में आर्य भवन : लोकतंत्र की रक्षा का गुप्त दुर्ग



गंगा प्रसाद

पूर्व राज्यपाल

आपातकाल को 51 वर्ष पूरे हो चुके हैं लेकिन उस दौर की स्मृतियां आज भी मेरे मन-मस्तिष्क में जीवंत हैं। उस समय का खौफनाक मंजर याद आते ही रोम-रोम सिहर उठता है। लोकतंत्र की सरेआम हत्या कर दी गई थी। नागरिक अधिकारों को कुचल दिया गया था। सरकार के विरुद्ध उठने वाली हर आवाज को दबाने का प्रयास किया जा रहा था। देशभर की जेलें आंदोलनकारियों से भर गई थीं और भय का वातावरण व्याप्त था।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और जनसंघ से सक्रिय रूप से जुड़े होने के कारण मैं भी सरकार की नजर में था। लोकनायक जयप्रकाश नारायण के संपूर्ण क्रांति आंदोलन के दौरान दो बार जेल जा चुका था। आपातकाल लागू होने के बाद जब बड़े पैमाने पर गिरफ्तारियां शुरू हुईं, तब मैं भूमिगत होकर सरकार विरोधी गतिविधियों में जुट गया। गिरफ्तारी वारंट जारी होने के बावजूद कई दिनों तक पुलिस को चकमा देता रहा।

जब मेरी गिरफ्तारी नहीं हो सकी तो प्रशासन ने मेरे घर, खाजपुरा स्थित आर्य भवन, की कुर्की जब्ती कर दी। दानापुर पुलिस घर के सामान के साथ मेरी गायों और बछड़ों को भी जब्त कर ले गई। चारा-पानी देने गए लोगों को भी पुलिस ने भगा दिया। जब मुझे पता चला कि थाने में उन बेजुबान पशुओं को भूखा रखा गया है तो मैं स्वयं को रोक नहीं सका और तत्काल दानापुर थाने पहुंचकर गिरफ्तारी दे दी। रातभर थाने में रखने के बाद मुझे कैंप जेल भेज दिया गया। पटना में लगभग तीन महीने बाद बाढ़ का पानी मेरे घर में घुस जाने के कारण मुझे पेरोल पर रिहा किया गया।

इस संघर्ष में मेरे पिताजी श्रद्धेय मुंदर साह जी की भूमिका अत्यंत प्रेरणादायक रही। वे जानते थे कि सरकार के विरोध का परिणाम कितना गंभीर हो सकता है, फिर भी उन्होंने हर परिस्थिति में मेरा मनोबल बढ़ाया और संघर्ष जारी रखने की प्रेरणा दी।

धीरे-धीरे मेरा आवासीय परिसर आर्य भवन लोकतंत्र सेनानियों की गतिविधियों का एक महत्वपूर्ण केंद्र बन गया। परिसर में प्याज का गोदाम होने के कारण लोगों का आना-जाना स्वाभाविक था, जिससे संदेह की आशंका बना कम रहती थी। उस समय कांग्रेस और साम्यवादी दलों को छोड़ अधिकांश विपक्षी दलों के कार्यालय बंद हो चुके थे। आंदोलन की रणनीति तैयार करने के लिए सुरक्षित स्थानों का अभाव था। ऐसे में आर्य भवन गुप्त बैठकों और योजनाओं का केंद्र बन गया। अर्थात आर्य भवन आपातकाल के दौरान प्रमुख केन्द्र के रूप में स्थापित हुआ था।

गिरफ्तारी से बचने के लिए आंदोलनकारियों ने विशेष रणनीति बनाई। वेशभूषा बदलकर आने-जाने की व्यवस्था की गई और प्रमुख नेताओं तथा कार्यकर्ताओं के लिए रामायण, महाभारत और पंचतंत्र के पात्रों के नाम पर कोड वर्ड तय किए गए। पटना जंक्शन के पास संघ के एक कार्यकर्ता की छोटी सी दुकान से पहला संकेत मिलता था। इसके बाद राजवंशी नगर पहुंचने पर दूसरा कोड दिया जाता था। आर्य भवन के मुख्य द्वार पर प्रवेश भी कोड बताने के बाद ही संभव था।

उस समय कार्यकर्ताओं में रविंद्र वोकिल जी (तत्कालीन संघ के प्रचारक) जैसे साथी भी थे, जो पशु-पक्षियों की आवाजें निकालने में माहिर थे। कई बार इन्हीं संकेतों का उपयोग संदेश पहुंचाने में किया जाता था। आर्य भवन के सामने ही सीआरपीएफ का केन्द्र था। मैं जानता था कि पकड़े जाने या यह जानकारी होने पर कि आर्य भवन संघ की गतिविधियों का मुख्य केन्द्र है, मेरी पूरी सम्पत्ति जब्त हो सकती थी। फिर भी मेरे मन में कोई संशय नहीं था और मैंने निडरता से परिणाम की चिंता किए बिना आपातकाल का सामना किया।



खाजपुरा स्थित आर्य भवन : आपातकाल के दौरान लोकतंत्र सेनानियों की गतिविधियों का एक महत्वपूर्ण केंद्र बन गया था।

आपातकाल समाप्त होने तक आर्य भवन में कई प्रखर राष्ट्रवादी नेताओं का निरंतर आगमन होता रहा। श्रद्धेय रज्जू भैया जी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नाते तथा श्रद्धेय जगदीश चंद्र माथुर जी जनसंघ के नाते श्रद्धेय माधवराव मूले जी, श्रद्धेय कैलाशपति मिश्र जी, श्रद्धेय रविंद्र वोकिल जी के अलावे कई प्रमुख राष्ट्रीय स्तर के संघ एवं जनसंघ के वरिष्ठ कार्यकर्ता यहां बैठकों में शामिल होते रहे। लोकतंत्र की रक्षा के लिए रणनीतियां बनती रहीं और संगठन को सक्रिय बनाए रखने के प्रयास जारी रहे।

आपातकाल के दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख माननीय भाऊराव देवरस जी दो दिन के पटना प्रवास पर आये और आर्य भवन में ही ठहरे। उन्होंने जय प्रकाश नारायण जी से मिलने की इच्छा व्यक्त की। उस वक्त पैरोल पर छूट कर जेपी कदमकुआं स्थित चरखा समिति में रह रहे थे। मुलाकात की योजना प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद के सुपुत्र मृत्युंजय बाबू के घर पर तय हुई। श्रद्धेय जयप्रकाश नारायण जी उधर से आए तथा माननीय भाऊराव देवरस जी को मैं आर्य भवन से लेकर पहुंचा। दोनों महानुभावों में लगभग 45 मिनट एक कमरे में वार्ता हुई। इसके बाद पुनः भाऊराव जी वापस आर्य भवन आए।

प्रवास के दौरान अलग-अलग कार्यक्रम के तहत संघ एवं जनसंघ के कई महानुभावों का आर्य भवन में आना-जाना लगा रहता था। संघ के सरकार्यवाह श्रद्धेय माधव राव मूले जी का तीन दिन का प्रवास आर्य भवन में हुआ जिसमें बिहार राज्य स्तर के कार्यकर्ताओं की बैठक हुई।

इस पूरे अभियान में मेरी धर्मपत्नी स्व. कमला देवी का योगदान अविस्मरणीय है। उन्होंने असाधारण साहस और समर्पण का परिचय दिया। पांच बच्चों में चार उस समय छोटे-छोटे थे। तब घर में गैस चूल्हा नहीं होता था। माता-पिता, बच्चों और परिवार की जिम्मेदारियों के साथ-साथ वे लकड़ी और कोयले के चूल्हे पर 25 से 30 लोगों का भोजन स्वयं तैयार करती थीं। गोपनीयता बनाए रखने के लिए उन्होंने कभी किसी बाहरी महिला की सहायता नहीं ली। उन्हें भली-भांति ज्ञात था कि यदि बैठकों की सूचना लीक हो गई तो कई बड़े नेताओं की गिरफ्तारी हो सकती है। लगभग 21 महीनों तक यह क्रम निरंतर यानी आपातकाल समाप्त होने तक चलता रहा।

आज जब आपातकाल को गुजरे 51 वर्ष हो चुके हैं, तब भी दमन, भय और प्रताड़ना का वह दौर स्मृतियों में ताजा है। मुझे इस बात का संतोष और गर्व है कि अपनी सीमित क्षमता के बावजूद मैंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और जनसंघ के कार्यकर्ताओं के नेटवर्क को संगठित और सक्रिय बनाए रखने का प्रयास किया। यही संगठनात्मक शक्ति लोकतंत्र की पुर्नस्थापना के संघर्ष की आधारशिला बनी।

आज इस अवसर पर मैं उन सभी ज्ञात और अज्ञात नायकों को श्रद्धापूर्वक स्मरण करता हूं जिन्होंने लोकतंत्र की रक्षा के लिए अपने सुख, सुविधा और स्वतंत्रता तक का त्याग किया। उन पत्रकारों, कार्यकर्ताओं और सामान्य नागरिकों को नमन करता हूं जिन्होंने तानाशाही के सामने झुकना स्वीकार नहीं किया और अपने साहस, संघर्ष तथा बलिदान से लोकतंत्र की ज्योति को बुझने नहीं दिया।

"हम तो गुजरता हुआ कल हैं,
भविष्य का कल तो तुम्हारा है
मजबूत कंधों पे उठा लो जिम्मा,
यह नया हिन्दुस्तान तुम्हारा है।"

*(लेखक भाजपा के संस्थापक सदस्य व सिक्किम / मेघालय के पूर्व राज्यपाल हैं।)*

# टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस ने लॉन्च किया मल्टीफैक्टर इंडेक्स फंड, बाजार के उतार-चढ़ाव में निवेशकों को मिलेगी ज्यादा स्थिरता

**बाजार** में उतार-चढ़ाव के कारण निवेशकों के लिए अपने लंबे समय के वित्तीय लक्ष्यों पर टिके रहना मुश्किल हो जाता है। इसी को ध्यान में रखते हुए, टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस ने टाटा एआईए मल्टीफैक्टर इंडेक्स फंड लॉन्च किया है। यह एक यूलिप प्लान है जो ग्राहकों को जीवन बीमा की सुरक्षा देने के साथ-साथ शेयर बाजार से मुनाफा कमाने का मौका भी देता है।

यह फंड निफ्टी 500 की शीर्ष कंपनियों में से 4 मुख्य फैक्टर्स कम उतार-चढ़ाव, बेहतरीन क्वालिटी, सही कीमत, और तेजी की रफ्तार को मिलाकर 50 सबसे मजबूत कंपनियों को चुनता है इसमें कम उतार-चढ़ाव पर सबसे ज्यादा ध्यान दिया जाता है, जिससे केवल उन्हीं कंपनियों को चुना जाता है जिनके शेयरों की कीमतें इतिहास में काफी स्थिर रही हैं। यह रणनीति निवेशकों को शेयर बाजार की बढ़त का पूरा फायदा उठाने का मौका देती है, और साथ ही उनके निवेश को बाजार के जोखिमों से बचाकर एक सुरक्षित और मजबूत सफर प्रदान करती है।

भारत में खपत, विनिर्माण, बुनियादी ढांचा विकास और डिजिटल विस्तार के दम पर लंबे समय में मजबूत बढ़त की बेहतरीन संभावनाएं हैं। हालांकि, शेयर बाजार कभी भी सीधी लकीर में ऊपर नहीं जाता। निवेश में सिर्फ एक ही थीम या एक ही स्टाइल का तरीका अपनाने से जोखिम बढ़ जाता है, जिससे बाजार की किसी खास गिरावट में निवेशकों को बड़ा नुकसान झेलना पड़ सकता है। टाटा एआईए मल्टीफैक्टर इंडेक्स फंड कमाई के कई अलग-अलग जरियों को एक साथ मिलाकर इस समस्या का समाधान करता है। इसका कम उतार-चढ़ाव वाला हिस्सा कीमतों में होने वाले तेज उतार-चढ़ाव के जोखिम को कम करता है, जबकि क्वालिटी, वैल्यू और मोमेंटम जैसे फैक्टर्स लंबे समय में आपके निवेश को बढ़ाने में मदद करते हैं।

### एक अनुशासित दृष्टिकोण

टाटा एआईए के यूलिप प्लान के जरिए उपलब्ध यह फंड ग्राहकों को जीवन बीमा सुरक्षा के साथ-साथ बाजार से जुड़ी कमाई करने का बेहतरीन मौका देता है। इस रणनीति को एक पैसिव और क्वांटिटेटिव (डेटा-आधारित) फ्रेमवर्क के जरिए लंबे समय में बड़ी संपत्ति बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। पूरी तरह से नियमों पर आधारित तरीका अपनाने के कारण, यह फंड किसी फंड मैनेजर के व्यक्तिगत फैसलों या पसंद-नापसंद पर निर्भर नहीं रहता। इससे पोर्टफोलियो को बनाने और समय-समय पर उसमें बदलाव करने में हमेशा एक जैसी सटीकता और निरंतरता बनी रहती है।

बेंचमार्क निफ्टी 500 मल्टीफैक्टर 50 इंडेक्स (कस्टमाइज्ड)

इक्विटी एलोकेशन : 80 प्रतिशत से 100 प्रतिशत (शेयर बाजार में निवेश)

कैश और मनी मार्केट एलोकेशन : 0 प्रतिशत से 20 प्रतिशत (नकद और सुरक्षित सरकारी साधनों में निवेश)

पोर्टफोलियो : निफ्टी 500 में से चुनी गई 50 कंपनियाँ

रणनीति : पैसिव और क्वांटिटेटिव मल्टीफैक्टर दृष्टिकोण (पूरी तरह डेटा और नियमों पर आधारित तरीका)

> यह नया यूलिप फंड जीवन बीमा की सुरक्षा तो देता ही है, साथ ही इसमें शेयर बाजार में निवेश करने की एक ऐसी खास रणनीति का इस्तेमाल किया गया है जो बाजार के उतार-चढ़ाव के जोखिम को कम करती है, ताकि लंबे समय में आपकी कमाई लगातार और सुरक्षित तरीके से बढ़ती रहे।

### नई फंड ऑफर का विवरण

यह एनएफओ निवेश के लिए 23 जून से 30 जून 2026 तक खुला रहेगा। इस अवधि के दौरान लिए गए सभी प्लान 30 जून 2026 से 10 रुपए की नेट एसेट वैल्यू पर जारी किए जाएंगे।

टाटा एआईए मल्टीफैक्टर इंडेक्स फंड उन दीर्घकालिक ग्राहकों के लिए बनाया गया है, जो एक मार्केट-लिंक्ड लाइफ इंश्योरेंस प्लान के जरिए भारत की विकास यात्रा में ज्यादा स्थिरता और सुरक्षा के साथ शामिल होना चाहते हैं। अधिक जानकारी के लिए आप टाटाएआईए डॉट कॉम पर जा सकते हैं।

### उत्पाद की उपलब्धता

टाटा एआईए मल्टीफैक्टर इंडेक्स फंड टाटा एआईए के लगभग सभी प्रमुख यूलिप और एसआईपी प्लान के साथ उपलब्ध कराया गया है। इनमें टाटा एआईए शुभ मुहूर्त, टाटा एआईए शुभ फर्च्यून, टाटा एआईए शुभ हेल्थ प्रो, टाटा एआईए स्मार्ट इंश्योरेंस संपूर्ण रक्षा, टाटा एआईए लाइफ स्मार्ट संपूर्ण रक्षा सुप्रीम, टाटा एआईए शुभ हेल्थ प्लस, टाटा एआईए परम रक्षा लाइफ प्रो, टाटा एआईए प्रीमियर एसआईपी टाटा एआईए परम रक्षा लाइफ एडवांटेज़, परम रक्षा लाइफ मैक्सिमा, टाटा एआईए आई-एसआईपी टाटा एआईए हेल्थ एसआईपी, टाटा एआईए परम रक्षा लाइफ ग्रोथ, टाटा एआईए परम रक्षा लाइफ प्रो, टाटा एआईए स्मार्ट संपूर्ण रक्षा प्रो, टाटा एआईए स्मार्ट एसआईपी टाटा एआईए परम रक्षा लाइफ, टाटा एआईए परम रक्षा प्लस 2.0, टाटा एआईए परम रक्षा लाइफ प्रो एडवांस, टाटा एआईए हेल्थ प्रो, टाटा एआईए प्रो-फिट, टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस फर्च्यून प्रो, टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस फर्च्यून मैक्सिमा, टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस वेल्थ प्रो, टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस वेल्थ मैक्सिमा, टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस स्मार्ट संपूर्ण रक्षा प्लस, और टाटा एआईए स्मार्ट फर्च्यून प्लस शामिल हैं।चाहे आपका लक्ष्य टर्म सुरक्षा हो, हेल्थ फंड बनाना हो या संपत्ति बढ़ाना, आप इसे अपनी पसंद के प्लान में चुन सकते हैं। यह फंड सुरक्षा, बचत और वेल्थ क्रिएशन की सभी श्रेणियों के ग्राहकों को अपनी दीर्घकालिक वित्तीय योजना में इस आधुनिक इटी निवेश को शामिल करने का मौका देता है।

ग्राहक इन सभी प्लान की उपलब्धता और फंड से जुड़ी विस्तृत जानकारी टाटा एआईए डॉट कॉम देख सकते हैं।

### असेट्स अंडर मैनेजमेंट में मजबूत बढ़त

31 मार्च 2026 तक, टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस का असेट्स अंडर मैनेजमेंट यानी कुल प्रबंधित संपत्ति बढ़कर 1,45,617 करोड़ पर पहुंच गया है, जो सालाना आधार पर 18 प्रतिशत की मजबूत बढ़त को दर्शाता है। कंपनी की इस तरक्की को नए व्यक्तिगत बिजनेस प्रीमियम से मिलने वाली शानदार कमाई और इसके सभी फंड पोर्टफोलियो के लगातार बेहतरीन प्रदर्शन से काफी मदद मिली है।

### जोखिम चेतावनी

यह फंड एक उच्च-जोखिम श्रेणी में आता है, इसलिए निवेशकों को निवेश करने से पहले अपनी जोखिम उठाने की क्षमता का सावधानीपूर्वक मूल्यांकन कर लेना चाहिए। पिछला प्रदर्शन भविष्य के परिणामों का संकेत नहीं है।

# विश्वस्तरीय कैरावैन बस का बढ़ा क्रेज

**पर्यटन** विभाग की विश्वस्तरीय सुविधाओं से लैस कैरावैन बस पर्यटकों के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रही है। देशी-विदेशी सैलानी इस लग्जरी कैरावैन के जरिए न सिर्फ बिहार, बल्कि पड़ोसी देशों और अन्य राज्यों के प्रमुख पर्यटन एवं धार्मिक स्थलों की सैर का आनंद ले रहे हैं।

कैरावैन बस के माध्यम से अब तक पर्यटकों ने नेपाल, काठमांडू, पोखरा, बोधगया, राजगीर, बनारस और अयोध्या समेत कई प्रमुख पर्यटन स्थलों का भ्रमण किया है। पर्यटकों की बढ़ती रुचि को देखते हुए विभाग ने अब पटना वासियों और बाहर से आने वाले पर्यटकों के लिए विशेष 'पटना दर्शन' पैकेज शुरू किया है। इस लग्जरी कैरावैन के जरिए पर्यटक शहर के ऐतिहासिक, धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों के साथ गंगा में स्पीड बोट राइड का भी आनंद ले सकेंगे। खासकर गर्मी की छुट्टियों में इस अनोखी पर्यटन सेवा की मांग में काफी वृद्धि हुई है। विभाग को इससे अच्छा राजस्व भी प्राप्त हो रहा है, जिससे राज्य में पर्यटन की नई संभावनाएं खुल रही है।

**महज 16 हजार रुपये में पटना दर्शन :** विभाग ने पटना के ऐतिहासिक, धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहरों से लोगों को रूबरू कराने के लिए विशेष टूर पैकेज तैयार किया है। महज 16 हजार रुपये में पर्यटक विश्वस्तरीय सुविधाओं से लैस कैरावैन बस में सफर करते हुए शहर के प्रमुख आकर्षणों का आनंद ले सकेंगे। इस पैकेज के तहत पर्यटक तख्त श्री हरिमंदिर जी पटना साहिब, बिहार म्यूजियम, बापू टवर, गोलघर और सभ्यता द्वार का भ्रमण करेंगे। इसके अलावा गंगा नदी में स्पीड बोट राइड का रोमांचक अनुभव भी इस पैकेज का ही हिस्सा होगा।

> कैरावैन से राज्य के पर्यटन स्थलों के साथ पड़ोसी देश का भी भ्रमण कर रहे पर्यटक'
>
> महज 16 हजार रुपये में शुरू हुआ 'पटना दर्शन' स्पेशल पैकेज, धार्मिक, ऐतिहासिक और सांसतिक धरोहरों के साथ गंगा में स्पीड बोट राइड का भी उठा सकेंगे आनंद

**बिहार पर्यटन को मिल रही नई पहचान :** विभाग के अनुसार कैरावैन राज्य में पर्यटन को नई दिशा दे रही है। एक ही यात्रा में आरामदायक आवागमन, आधुनिक सुविधाएं और कई पर्यटन स्थलों के भ्रमण की सुविधा मिलने से पर्यटक इसे खूब पसंद कर रहे हैं। यही वजह है कि बिहार की यह पहल देशी-विदेशी पर्यटकों के बीच आकर्षण का केंद्र बनती जा रही है। कैरावैन न केवल बिहार की ऐतिहासिक, धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत को नई पहचान देगा, बल्कि स्थानीय पर्यटन, रोजगार और राज्य की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती प्रदान करेगा। आने वाले दिनों में इस तरह के और आकर्षक टूर पैकेज शुरू होने की संभावना है, जिससे बिहार पर्यटन को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिल सकती है।

**इस बस की खासियत :** बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम ने पर्यटन को नई दिशा देने के लिए दो आधुनिक कैरावैन बसें खरीदी हैं। इन बसों की कुल लागत लगभग 2 करोड़ 18 लाख रुपये है। भारत बेंज चेसिस पर बनी प्रत्येक कैरावैन बस में 8 लोगों के बैठने की क्षमता तथा 4 स्लीपर बेड हैं, जो दो परिवारों के आरामदायक सफर के लिए काफी है। बस में चार 360 डिग्री रिवल्विंग चेयर, एक सोफा, बाथरूम, किचन, टीवी, कैंपिंग के लिए जेनसेट और कैनोपी जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। प्रत्येक स्लीपर बेड पर रीडिंग लाइट और टीवी भी लगाए गए हैं। सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी कैमरा और एसओएस बटन की व्यवस्था की गई है। पर्यटक इन कैरावैन बसों को 75 रुपये प्रति किलोमीटर की दर से न्यूनतम 250 किलोमीटर के लिए बुक कर सकते हैं, जिसमें 5 प्रतिशत जीएसटी अतिरिक्त होगा।

## प्रवचन

# माया दिखती नहीं, लेकिन सभी तत्वों पर प्रभावी : जीयर स्वामी

> सत्य न हो, लेकिन सत्य प्रतीत हो वही माया है
>
> माया पर विजय पाएं, मुक्ति संभव नहीं



श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी।

माया तव दिखाई नहीं देती, लेकिन परमात्मा के अलावे सभी तवों पर प्रभावी है। इससे मुक्त नहीं हुआ जा सकता, लेकिन विजय प्राप्त किया जा सकता है। विजय से तात्पर्य सभी वस्तुओं को परमात्मा की देन मानकर उनके उपयोग करने से है। उपरोक्त बातें श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी ने चंदवा चातुर्मास्य ज्ञान-यज्ञ में श्रीमद् भागवत कथा के दरम्यान कहीं।

श्री जीयर स्वामी ने कपिल-देवहूति संवाद की चर्चा करते हुए कहा कि परमात्मा के साथ अन्य तत्वों का ज्ञान आवश्यक है। दुनिया के तत्वों को बनाने एवं विकसित करने वाले को नहीं जानने से मानव में अभिमान आ जाता है। तत्व के कर्त्ता एवं तत्व के गुणदाता को जानें। सभी चौबीस तत्व मिलकर एक अंड के नाम से जाने जाते हैं। अंड सात आवरण से घिरे रहते हैं। इनमें पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश, अहंकार एवं महत् तत्व शामिल हैं। प्रकृति द्वारा ये सातों आवृत हैं। वह प्रकृति माया से अच्छादित है। प्रकृति का विस्तार अनंत है। पृथ्वी का क्षेत्रफल 50 करोड़ योजन है। इससे दस गुणा अधिक क्षेत्रफल जल का है। इनके समान अनेक लोक हैं। प्रकृति को माया कहते हैं। जो सत्य न हो, लेकिन सत्य प्रतीत हो वही माया है। अंधेरी रात में रस्सी में सर्प का ज्ञान, तेज प्रकाश में सीप में चांदी का भान माया है। क्षणिक सांसारिक सम्बन्धों को स्थायी मान लेना माया है। परमात्मा की भक्ति से माया डरती है। जो परमात्मा के भक्त हैं, उनको माया नहीं सताती। माया से पार होने के लिए परमात्मा की भक्ति आवश्यक है। इस संसार में परिवार के साथ रहते हुए माया से बचने के लिए कुछ साधन शास्त्रों में वर्णित हैं। उन साधनों को आत्मसात् करने से माया पर विजय पाया जा सकता है। स्वामी जी ने इसके लिए 15 सूत्र की चर्चा की। भगवान में श्रद्धा और विश्वास, प्राणायाम, भगवान की कथा बार-बार सुनना, सम भाव में रहना, किसी से बैर नहीं करना, आसक्ति का त्याग, भगवान में पूर्ण निष्ठा, सत्य को जीवन में उतारना, ब्रह्मचर्य का पालन, अनावश्यक वार्तालाप नहीं करना, अल्प भोजन, परिवार और वस्तु के प्रति राग नहीं रखना तथा मानसिक एवं व्यावहारिक पूजा आदि हैं।

स्वामी जी ने कहा कि विश्वास उसी पर करें, जो विश्वास पात्र हो। अन्यथा जीवन में संकट आता है। सीता जी ने रावण पर विश्वास किया। उन्हें संकट का सामना करना पड़ा। जगत में जो जैसा है, उसके साथ वैसा व्यवहार करना ही साम्यवाद है। स्त्री तो सब एक हैं। लेकिन अपनी पत्नी के साथ जो व्यवहार किया जाता है, वही व्यवहार अन्य महिलाओं से नहीं। बच्चा और युवा के साथ एक जैसा भोजन और व्यवहार उचित नहीं। भगवान राम ने राम राज्य में साम्यवाद की स्थापना की थी। लंका से लौटकर आये तो माता को प्रणाम किये। भाई से गले मिले। गुरू जी के चरणों को पखारे। यही साम्यवाद है। राजतंत्र में प्रजातंत्र की व्यवस्था। आज प्रजातंत्र में राजतंत्र चल रहा है। सभी प्राणी में सम दृष्टि रखते हुए यथायोग्य मर्यादापूर्ण अलग-अलग व्यवहार करना ही साम्यवाद, समदृष्टि या समदर्शिता है। समानता का अर्थ बराबरी नहीं है। समता का तात्पर्य आवश्यकता के अनुरूप पूर्ति से है। यदि दो भाईयों में एक भाई पहलवान है, तो उसकी खुराक दूसरे भाई की खुराक से अवश्य ही अधिक और बलदायिनी होगी। अभिभावक की समदर्शिता इस बात में निहित है कि वे दोनों भाईयों को उनकी आवश्यकता एवं स्वास्थ्य के अनुरूप भोजन सामग्री उपलब्ध करावें।

*'सान्निध्य का संस्मरण' पुस्तक से साभार*

दैनिक नवसंदेश

वायस 4 बिहार डॉटकाम के यूनिट दैनिक नवसंदेश ( डिजिटल डेली न्यूज पेपर) स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक यू सिंह के द्वारा वार्ड-28, नियर पानी टंकी रानीपुर, ब्रह्मपुर, फुलवारीशरीफ , पटना-801505 से डिजिटली प्रकाशित और संपूर्ण बिहार में प्रसारित ।
इस डिजिटल समाचार पत्र में प्रकाशित सामग्री से संपादक, मुद्रक, प्रसारक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। प्राप्त स्पष्टीकरण प्रकाशित किया जायेगा। समाचारों से संबंधित सभी विवादों का न्याय क्षेत्र पटना न्यायालय (बिहार) ही होगा। (सभी पद अवैतनिक है।)

## संक्षिप्त खबरें

### जीवधारा में सरकारी जमीन पर चला बुलडोजर

**पीपराकोठी।** जीवधारा में बुधवार को राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे सरकारी भूमि पर बने अवैध निर्माणों पर प्रशासन का बुलडोजर चला। अंचलाधिकारी सुनील कुमार और थानाध्यक्ष ब्रजेश कुमार सिंह के नेतृत्व में चले इस अभियान में वर्षो पुराने पक्के मकानों सहित अन्य स्थायी निर्माणों को ध्वस्त कर दिया गया। कार्रवाई सुबह पुलिस बल के साथ शुरू हुई। जेसीबी मशीनों ने देखते ही देखते ईंट-सीमेंट के मकानों की दीवारों को ढहा दिया, जिससे अवैध कब्जे का क्षेत्र मलबे में बदल गया। इस दौरान कुछ लोग अपना सामान बचाने में जुटे रहे। सीओ सुनील कुमार ने बताया कि संबंधित अतिक्रमणकारियों को पूर्व में नोटिस जारी कर भूमि खाली करने का पर्याप्त अवसर दिया गया था। इसके बावजूद सरकारी जमीन पर कब्जा बरकरार रहने के कारण प्रशासन ने यह सख्त कदम उठाया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सरकारी भूमि पर कब्जा करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि सरकारी जमीन पर अवैध निर्माण करने या दोबारा कब्जा करने की कोशिश करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।राष्ट्रीय राजमार्ग की भूमि से वर्षो पुराने अतिक्रमण को हटाने का यह अभियान क्षेत्र में चर्चा का विषय बना रहा। इस कार्रवाई ने यह संकेत दिया है कि सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे के प्रति प्रशासन की नीति श्शून्य सहनशीलताश की है।

### झखरा चौक मंदिर में सात देवी-देवताओं की प्राण-प्रतिष्ठा

**पीपराकोठी।** झाखरा चौक स्थित मंदिर परिसर में बुधवार को सात देवी-देवताओं की पत्थर निर्मित प्रतिमाओं की विधिवत प्राण-प्रतिष्ठा की गई। इनमें माता दुर्गा, माता लक्ष्मी, माता सरस्वती, भगवान गणेश, भगवान कार्तिकेय, संकटमोचन हनुमान जी और भैरव बाबा शामिल हैं। प्राण-प्रतिष्ठा अनुष्ठान वैदिक मंत्रोच्चार, शंखनाद और जयघोष के बीच संपन्न हुआ। इससे पूर्व सभी प्रतिमाओं का पूरे गांव में भव्य नगर भ्रमण कराया गया। शोभायात्रा में श्रद्धालु भजन-कीर्तन और जयकारों के साथ शामिल हुए। ग्रामीणों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर देवी-देवताओं का स्वागत किया। इस दौरान ष्जय माता दीष और ष्हर-हर महादेवष के उद्घोष से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा। मंदिर परिसर में आचार्य महामाया दत्त पराशर के नेतृत्व में वैदिक रीति-रिवाज और मंत्रोच्चार के साथ प्राण-प्रतिष्ठा अनुष्ठान संपन्न हुआ। यज्ञ, हवन और पूजा-अर्चना के दौरान श्रद्धालुओं ने क्षेत्र की सुख-शांति, समृद्धि और कल्याण की कामना की। इस अवसर पर मुखिया संतोष शर्मा, उप प्रमुख योगी मांझी, उपमुखिया सुधीर शर्मा, कर्पूरी ठाकुर, श्रीकांत यादव, सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। मंदिर में सात देवी-देवताओं की स्थापना को लेकर क्षेत्र में उत्सव का माहौल बना रहा और देर शाम तक भक्तों की भीड़ लगी रही।

### मंडुआडीह ट्रेन की चपेट में आने से एक वृद्ध की मौत

**चकिया ।** मुज्जफरपुर-नरकटियागंज रेल खंड पर बुधवार को शाम में चकिया रेलवे स्टेशन व गुमटी संख्या 137 के बीच एक अज्ञात वृद्ध व्यक्ति की मडुआडीह एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट आने से मौत हो गई। घटना के संबंध में रेल ओपी प्रभारी राजेश कुमार ने बताया कि मृतक लूंगी व कुर्ता पहना हुआ है। उम्र करीब 60 वर्ष है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम में भेजने के लिये कागजी प्रक्रिया चल रही है। समाचार प्रेषण तक शव की पहचान नहीं हो पाई थी।

# जुलाई से लागू होगा 'विकसित भारत- रोजगार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन', मोतिहारी में दो दिवसीय कार्यशाला शुरू

**मोतिहारी(एनएसबी)।** ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार एवं आजीविका सुरक्षा को सशक्त बनाने के उद्देश्य से 1 जुलाई 2026 से लागू होने वाले ष्विकसित भारत- रोजगार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन (ग्रामीण) वीबी-जी राम जी अधिनियम, 2025ष के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर पूर्वी चंपारण समाहरणालय स्थित ड़ राजेंद्र प्रसाद सभागार में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ किया गया।

कार्यशाला में पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, गोपालगंज एवं शिवहर जिलों के कुल 51 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं।कार्यशाला का उद्घाटन जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव, अपर समाहर्ता मुकेश कुमार सिन्हा एवं उप विकास आयुक्त ड़ प्रदीप कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन मास्टर ट्रेनरों द्वारा किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि यह अधिनियम 1 जुलाई 2026 से पूरे बिहार में लागू होगा।उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव ने कहा कि अधिनियम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अधिकतम अवसर सृजित कर लोगों को स्थानीय स्तर पर ही रोजगार उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि दो दिवसीय प्रशिक्षण का उद्देश्य अधिनियम को प्रभावी, पारदर्शी एवं जवाबदेह तरीके से धरातल पर लागू करना है, ताकि वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद मिल सके।जिलाधिकारी ने बताया कि नए अधिनियम के तहत प्रत्येक पात्र ग्रामीण परिवार को प्रति वित्तीय वर्ष 125 दिनों के वैधानिक मजदूरी रोजगार की गारंटी दी जाएगी। यदि आवेदन के 15 दिनों के भीतर रोजगार उपलब्ध नहीं कराया जाता है तो संबंधित परिवार को बेरोजगारी भत्ता दिया जाएगा। साथ ही मजदूरी का भुगतान साप्ताहिक अथवा अधिकतम 15 दिनों के भीतर सुनिश्चित किया जाएगा तथा भुगतान में विलंब होने पर क्षतिपूर्ति का भी प्रावधान किया गया है।प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि योजना के तहत कुल 318 प्रकार के कार्यो को स्वीति दी गई है। इनमें जल संरक्षण एवं सुरक्षा से जुड़े 107 कार्य, ग्रामीण आधारभूत संरचना के 90 कार्य, आजीविका अवसंरचना के 86 कार्य तथा जलवायु अनुकूलन एवं आपदा प्रबंधन से संबंधित 35 कार्य शामिल हैं।

इसके अलावा व्यक्तिगत लाभार्थी आधारित योजनाओं और परिसंपत्तियों के रखरखाव को भी प्राथमिकता दी जाएगी।जिलाधिकारी ने अधिकारियों को पंचायत स्तर पर व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाने, क्षमता निर्माण, डिजिटल प्रणाली के प्रभावी उपयोग तथा विभागीय समन्वय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि योजना का सफल संचालन सुनिश्चित हो सके। उप विकास आयुक्त ड़ प्रदीप कुमार ने कहा कि अधिनियम के सभी प्रावधानों को प्रभावी ढंग से लागू किया जाएगा तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।कार्यक्रम में निदेशक एनईपी ड. कुंदन कुमार, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी राजेश कुमार सहित विभिन्न जिलों के अधिकारी एवं प्रतिभागी उपस्थित थे।



उद्घाटन करते अतिथि।

# डीएम ने स्वास्थ्य विभाग के साथ की समीक्षात्मक बैठक, पोलियो टास्क फोर्स की गहन समीक्षा

**मोतिहारी(एनएसबी)।** जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव ने स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए स्वास्थ्य विभाग की समीक्षात्मक बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में स्वास्थ्य योजनाओं की प्रगति के साथ-साथ जिला पोलियो टास्क फोर्स की गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की गई। डीएचएस स्थित आरोग्य सदन (पंडित दीनदयाल उपाध्याय भवन) में आयोजित इस बैठक के दौरान कई मामलों में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों से जवाब-तलब किया गया। पकड़ीदयाल के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी की अनुपस्थिति को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने सिविल सर्जन को उनसे स्पष्टीकरण मांगने का निर्देश दिया। वहीं, ढाका प्रखंड में नियमित टीकाकरण की कम उपलब्धि पर भी संबंधित प्रभारी से जवाब-तलब करने के निर्देश दिए गए। बैठक के उपरांत जिलाधिकारी ने सदर अस्पताल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आईसीयू एवं पीकू वार्ड की व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा अस्पताल परिसर की साफ-सफाई, जैव चिकित्सा अपशिष्ट के उचित निष्पादन और मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने स्पष्ट रूप से कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी स्वास्थ्य कार्यक्रमों, विशेषकर टीकाकरण अभियानों के प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर जोर दिया। इस बैठक में सिविल सर्जन, अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जिला अनुश्रवण पदाधिकारी, जिला योजना समन्वयक, जिला सामुदायिक उत्प्रेरक सहित डब्ल्यूएचओ, पीएसआई एवं पिरामल ब3 के जिला प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।




समीक्षा बैठक में उपस्थित लोग।

# कोचिंग संस्थानों में फायर सेफ्टी जांच तेज 1 दर्जन से ज्यादा संस्थानों की सूची तैयार

**मोतिहारी (एनएसबी)।** दिल्ली के मुखर्जी नगर अगिकांड के बाद जिले में कोचिंग संस्थानों की अगि सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। इसी क्रम में अनुमंडल अगिशमनालय मोतिहारी द्वारा चाँदमारी चौक क्षेत्र में संचालित 13 कोचिंग संस्थानों की सूची तैयार कर जांच प्रक्रिया तेज कर दी गई है।

जांच अभियान का नेतृत्व सहायक जिला अगिशमन पदाधिकारी जय जय राम मंडल एवं अनुमंडल अगिशमन पदाधिकारी अंबिका कुमारी के द्वारा किया जा रहा है। दोनों पदाधिकारियों द्वारा अलग-अलग कोचिंग संस्थानों का निरीक्षण कर फायर सेफ्टी मानकों की जांच की जा रही है। निरीक्षण दल में अगि चालक सूरज कुमार एवं अगिक पुनित कुमार ठाकुर भी शामिल हैं।

13 कोचिंग संस्थान सूची में शामिल अगिशमन विभाग द्वारा तैयार सूची में ष्टि कम्पिटिटिव एकेडमी, मार्ग दर्शन हिन्दी क्लासेस, कमेस्ट्री रामशरण द्वार, कन्हैया केमेस्ट्री क्लासेस, दिशा क्लासेस, केटिम बायलोजी, इंग्लिश पइंट स्पोकेन सेंटर, ज्ञान भारती, ब्रिलियंट फिजिक्स ट्यूटोरियल, दक्ष क्लासेस, बायलोजी पइंट, कन्सेप्ट क्लासेस एवं मैथमेटिक टुडे सहित कुल 13 कोचिंग संस्थान शामिल हैं, जो चाँदमारी चौक एवं रामशरण द्वार क्षेत्र में संचालित हैं।




जांच करते अधिकारी।

# सद्भाव और शांति के साथ मनाएं मुहर्रम : जिलाधिकारी

**मोतिहारी(एनएसबी)।** मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक शुक्रवार को समाहरणालय स्थित ड़ राधाष्णन सभागार में जिलाधिकारी श्री सौरभ सुमन यादव एवं पुलिस अधीक्षक श्री स्वर्ण प्रभात की संयुक्त अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जिले के सभी छह अनुमंडलों से शांति समिति के प्रतिनिधि, प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे।

बैठक में जिलाधिकारी ने सभी प्रतिनिधियों से मुहर्रम की तैयारियों की जानकारी ली तथा किसी भी प्रकार की समस्या होने पर समय रहते अवगत कराने की अपील की। शांति समिति के सदस्यों ने भरोसा दिलाया कि पूर्वी चंपारण की गंगा-जमुनी तहजीब को कायम रखते हुए पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से मनाया जाएगा। साथ ही बताया गया कि थाना एवं अनुमंडल स्तर पर शांति समिति की बैठकें संपन्न हो चुकी हैं तथा ताजिया की ऊंचाई सीमित रखने और डीजे के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध के निर्देश समितियों को दे दिए गए हैं।बैठक में जानपुल, ज्ञान बाबू चौक, मधुबन छावनी चौक एवं धर्म समाज चौक जैसे ताजिया मिलन स्थलों को संवेदनशील बताते हुए वहां विशेष चौकसी बरतने की आवश्यकता पर बल दिया गया। उप महापौर ड़ लालबाबू प्रसाद गुप्ता ने बताया कि नगर निगम द्वारा साफ-सफाई, पेयजल एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था की जा रही है।

जिलाधिकारी ने बताया कि चांद दिखने के आधार पर मुहर्रम 26 जून 2026 को मनाए जाने की संभावना है। पर्व के दौरान जिले में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए कुल 576 स्थानों पर दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। इनमें मोतिहारी अनुमंडल में 181, सिकरहना में 129, पकड़ीदयाल में 48, अरेराज में 59, चकिया में 105 तथा रक्सौल में 54 स्थान शामिल हैं। उन्होंने बताया कि जिला एवं अनुमंडल स्तर पर 24 घंटे कार्यरत कंट्रोल रूम स्थापित किए गए हैं। जिला कंट्रोल रूम का दूरभाष नंबर 06252-242418 रहेगा, जहां किसी भी प्रकार की सूचना देकर तत्काल सहायता प्राप्त की जा सकती है।जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि बिना लाइसेंस कोई भी जुलूस नहीं निकाला जाएगा तथा निर्धारित मार्ग और समय का सख्ती से पालन करना होगा। सभी संवेदनशील स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं तथा ड्रोन कैमरों से भी निगरानी की जाएगी। इसके अलावा सभी जुलूसों की वीडियोग्राफी कराने का निर्देश दिया गया है।पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने कहा कि पर्व के दौरान सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह चाक-चौबंद रहेगी और किसी भी असामाजिक तत्व को माहौल बिगाड़ने का अवसर नहीं दिया जाएगा। सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखी जा रही है तथा साइबर सेल और साइबर सेनानी सक्रिय हैं। उन्होंने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत प्रशासन को देने की अपील की।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मुहर्रम के अवसर पर हथियारों के प्रदर्शन पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। तलवार, भाला, गड़ासा सहित किसी भी प्रकार के हथियार का प्रदर्शन नहीं किया जाएगा। साथ ही संवेदनशील एवं असामाजिक तत्वों के विरुद्ध बाउंड डाउन की कार्रवाई भी की गई है।बैठक में अपर समाहर्ता मुकेश कुमार सिन्हा, उप विकास आयुक्त ड़ प्रदीप कुमार, नगर आयुक्त आशीष कुमार, विभिन्न अनुमंडलों के पदाधिकारी, थाना प्रभारी तथा शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे।

बैठक के अंत में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने जिलेवासियों से मुहर्रम का पर्व शांति, सद्भाव और भाईचारे के साथ मनाने की अपील करते हुए सभी को शुभकामनाएं दीं।



बैठकक में शामिल अधिकारी।

## संक्षिप्त खबरें

### मोतिहारी में 531 प्रशिक्षु सिपाहियों का भव्य दीक्षांत परेड समारोह संपन्न

**मोतिहारी(एनएसबी)।** आज मोतिहारी जिला में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे कुल 531 प्रशिक्षु सिपाहियों का भव्य दीक्षांत परेड समारोह उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस उप-महानिरीक्षक, चंपारण क्षेत्र, बेतिया श्री हर किशोर राय उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिलाधिकारी श्री सौरभ सुमन यादव एवं पुलिस अधीक्षक श्री स्वर्ण प्रभात की गरिमामयी उपस्थिति भी रही।दीक्षांत परेड में प्रशिक्षु सिपाहियों ने अनुशासन, समर्पण और उत्ष्ट प्रशिक्षण का प्रभावशाली प्रदर्शन किया, जिसकी उपस्थित अतिथियों ने सराहना की। मुख्य अतिथियों द्वारा प्रशिक्षु सिपाहियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दी गईं तथा कर्तव्यनिष्ठा और ईमानदारी के साथ सेवा करने का संदेश दिया गया।इस अवसर पर उत्ष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षु सिपाहियों एवं बाह्यध्अंतःविषय के अनुदेशकों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सभी के अथक प्रयास एवं मेहनत की विशेष सराहना की गई। समारोह के दौरान पूरा वातावरण गौरव और उत्साह से परिपूर्ण रहा। कार्यक्रम का समापन राष्ट्र सेवा के संकल्प के साथ किया गया।



कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

### मोतिहारी में शीघ्र शुरू होगा 'आम्रपाली प्रशिक्षण केंद्र' स्थानीय प्रतिभाओं को मिलेगा निःशुल्क कला प्रशिक्षण

**मोतिहारी(एनएसबी)।** कला एवं संस्ति विभाग, बिहार सरकार एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में जिले में शीघ्र ही 'आम्रपाली प्रशिक्षण केंद्र' का विधिवत संचालन शुरू होने जा रहा है। इस केंद्र के माध्यम से स्थानीय प्रतिभाओं को शास्त्रीय गायन, कथक नृत्य एवं तबला वादन का निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।जिला कला एवं संस्ति पदाधिकारी फहद सिद्दीकी ने जानकारी दी कि जून माह के अंतिम सप्ताह में इस प्रशिक्षण केंद्र का भव्य शुभारंभ किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह केंद्र जिले की छिपी हुई कला प्रतिभाओं को निखारने और उन्हें राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचाने का एक सशक्त माध्यम बनेगा।यह प्रशिक्षण केंद्र शहर के राजा बाजार स्थित महात्मा गांधी प्रेक्षागृह में संचालित किया जाएगा। यहां अनुभवी गुरुओं के माध्यम से युवाओं एवं सभी आयु वर्ग के इच्छुक कलाकारों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रारंभिक चरण में शास्त्रीय गायन, कथक नृत्य और तबला वादन की कक्षाएं आयोजित की जाएंगी।जिला कला एवं संस्ति पदाधिकारी ने बताया कि प्रशिक्षण पूर्णतः निःशुल्क होगा और इसके लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इच्छुक अभ्यर्थी समाहरणालय स्थित जिला कला एवं संस्ति कार्यालय से आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते हैं तथा विस्तृत जानकारी भी प्राप्त कर सकते हैं।प्रशिक्षण की प्रमुख विशेषताएं इस प्रकार हैं प्रशिक्षण के लिए कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। आवेदन हेतु न्यूनतम आयु 6 वर्ष निर्धारित की गई है। कक्षाएं मंगलवार से रविवार तक दोपहर 2 बजे से 4 बजे तथा 4 बजे से 6 बजे तक संचालित होंगी। सोमवार को साप्ताहिक अवकाश रहेगा।कथक नृत्य के लिए चयनित प्रतिभागियों को स्वयं नृत्य परिधान एवं घुँघरू की व्यवस्था करनी होगी।जिला कला एवं संस्ति पदाधिकारी फहद सिद्दीकी ने कहा कि यह केंद्र जिले के उन युवाओं के लिए एक सुनहरा अवसर होगा जो कला के क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहते हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि यह प्रशिक्षण केंद्र स्थानीय कलाकारों के भविष्य निर्माण में मील का पत्थर साबित होगा और उन्हें राज्य एवं राष्ट्रीय मंचों तक पहुँचने में मदद करेगा।

### विशेष लोक अदालत को लेकर तैयारी तेज एनआई एक्ट से संबंधित मामलों के निष्पादन पर जोर

**मोतिहारी(एनएसबी)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी के तत्वावधान में दिनांक 18 जुलाई 2026 को आयोजित होने वाली विशेष लोक अदालत को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इस विशेष लोक अदालत में परक्राम्य लिखत अधिनियम (एनआई एक्ट) से संबंधित मामलों का अधिकाधिक निष्पादन किया जाएगा।विशेष लोक अदालत के सफल आयोजन एवं लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन को लेकर माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी श्री अभिषेक कुमार दास की अध्यक्षता में न्यायालय परिसर में बैठक आयोजित की गई।बैठक में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी श्री पुनीत कुमार तिवारी, अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी-1 श्री प्रसेनजीत सिंह सहित अन्य न्यायिक पदाधिकारी उपस्थित रहे।बैठक के दौरान माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश महोदय ने सभी न्यायिक पदाधिकारियों से अपील की कि छप् ।बज से संबंधित अधिक से अधिक मामलों को चिन्हित कर विशेष लोक अदालत के माध्यम से उनका निष्पादन सुनिश्चित किया जाए, ताकि पक्षकारों को शीघ्र एवं सुलभ न्याय मिल सके।इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी के सचिव नितिन त्रिपाठी की उपस्थिति में विशेष लोक अदालत की तैयारियों की समीक्षा की गई।जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा आमजनों से अपील की गई है कि वे इस विशेष लोक अदालत का लाभ उठाकर अपने लंबित मामलों का आपसी सहमति के आधार पर शीघ्र समाधान कराएं।

### प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग पर कार्यशाला आयोजित शिक्षकों को दी गई नवाचारी शिक्षण पद्धति की जानकारी

**अरेराज (एनएसबी)।** सोमेश्वर प्लस टू विद्यालय, अरेराज के सभागार में प्रखंड स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य शिक्षण व्यवस्था को अधिक प्रभावी एवं विद्यार्थियों के लिए रुचिकर बनाना था। इस दौरान प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग (च्ठस्) पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यशाला में बड़ी संख्या में शिक्षकों ने भाग लिया।कार्यशाला का उद्घाटन प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अरेराज सत्यवीर सुमन ने किया। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति के अनुरूप विद्यार्थियों में रचनात्मकता, समस्या समाधान क्षमता एवं व्यावहारिक ज्ञान विकसित करने में प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग एक प्रभावी माध्यम है। उन्होंने शिक्षकों से इस पद्धति को कक्षा शिक्षण में अधिकाधिक अपनाने का आह्वान किया। इसके बाद प्रखंड तकनीकी समूह के सदस्यों ने पीबीएल के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी। मिंटू कुमार मिश्रा ने इसकी अवधारणा एवं आवश्यकता पर चर्चा की, ब्रजभूषण तिवारी ने परियोजना निर्माण की प्रक्रिया समझाई, सतीश भारद्वाज ने विद्यार्थियों की सहभागिता बढ़ाने में इसकी भूमिका बताई तथा बसंत मणि ने मूल्यांकन प्रणाली पर विस्तृत जानकारी दी। कार्यशाला के दौरान शिक्षकों को उदाहरणों एवं गतिविधियों के माध्यम से यह बताया गया कि किस प्रकार कक्षा शिक्षण में प्रोजेक्ट आधारित पद्धति अपनाकर विद्यार्थियों में जिज्ञासा, नवाचार एवं सहयोग की भावना विकसित की जा सकती है। प्रतिभागियों ने भी अपने अनुभव साझा किए तथा प्रश्नोत्तर सत्र में अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। कार्यशाला के सफल आयोजन से शिक्षकों में नई शिक्षण तकनीकों के प्रति उत्साह देखने को मिला। सभी प्रतिभागियों ने इसे उपयोगी बताते हुए विद्यालयों में प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग को प्रभावी रूप से लागू करने का संकल्प लिया।इस अवसर पर सुबोध कुमार उपाध्याय, प्रसून कुमार, सोनू कुमार राय, ज्ञानरंजन तिवारी, ज्योति कुमारी, हेमा कुमारी, सीमा तिवारी, चुन्नू देवी, अनामिका राव, मुकेश कुमार वर्मा सहित सैकड़ों शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

### पीपराकोठी में 306.3 लीटर विदेशी शराब जब्त

**पीपराकोठी।** पुलिस ने बुधवार को एक बड़ी कार्रवाई करते हुए एक कार से 3063 लीटर विदेशी शराब बरामद की है। पुलिस की घेराबंदी देख तस्कर वाहन छोड़कर फरार हो गए। यह कार्रवाई बिहार में लागू शराबबंदी कानून के तहत की गई। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एक सिल्वर रंग की कार में शराब की बड़ी खेप लादकर कोटवा की ओर से पीपराकोठी लाई जा रही है। सूचना मिलते ही पीपराकोठी और कोटवा थाना की पुलिस सक्रिय हो गई और संदिग्ध वाहन का पीछा शुरू किया। पीछा होते देख चालक तेजी से भागने लगा, लेकिन हरपुर गांव स्थित कचरा प्रबंधन इकाई के समीप कार छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने तत्काल कार को अपने कब्जे में ले लिया। तलाशी के दौरान कार से रयल स्टैग व्हिस्की की 750 एमएल की 200 बोतलें, रयल ग्रीन व्हिस्की की 375 एमएल की 400 बोतलें और रयल ग्रीन व्हिस्की की 180 एमएल की 35 बोतलें बरामद की गईं। कुल मिलाकर 3063 लीटर विदेशी शराब जब्त की गई।

## संक्षिप्त खबरें

### एसपी विक्रम सिहाग ने सेवा संवाद-समाधान कार्यक्रम में सुनी गईं दर्जनों जनसमस्याएँ, त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश

**सहरसा नगर (एनएसबी)।** जिले में पुलिस अधीक्षक विक्रम सिहाग के द्वारा आयोजित सेवा संवाद-समाधान में सीधा संवाद, त्वरित समाधान कार्यक्रम के तहत पुलिस अधीक्षक विक्रम सिहाग ने आम नागरिकों से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी शिकायतों एवं समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना। कार्यक्रम का उद्देश्य जनता और पुलिस के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना रहा। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को पुलिस अधीक्षक के समक्ष रखा। पुलिस अधीक्षक विक्रम सिहाग ने सभी मामलों को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने, त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने तथा प्रभावी समाधान उपलब्ध कराने के संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर पुलिस अधिकारियों ने उपस्थित लोगों को पुलिस प्रशासन द्वारा संचालित जनहितकारी योजनाओं एवं शिकायत निवारण व्यवस्था की जानकारी भी दी। पुलिस अधीक्षक विक्रम सिहाग ने कहा कि आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान प्रशासन की प्राथमिकता है तथा पुलिस-जन संवाद को और अधिक सशक्त बनाने के लिए ऐसे कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाते रहेंगे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष नागरिकों ने भाग लिया तथा अपनी समस्याओं को सीधे पुलिस प्रशासन के समक्ष रखने का अवसर प्राप्त किया। उपस्थित लोगों ने पुलिस अधीक्षक विक्रम सिहाग की इस पहल की सराहना करते हुए इसे जनता और पुलिस के बीच विश्वास बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। इस मौके पर संबंधित अधिकारी, पदाधिकारी व दर्जनों महिला व पुरुष उपस्थित थे।



### प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों में नहर एवं भीसी अतिक्रमण की जद में पदाधिकारी बेखबर।

**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों में मुख्य वितरणी, उपवितरणी नहर एवं भीसी अतिक्रमण की जद में हैं जिससे उसकी मूल संरचना में परिवर्तन आता जा रहा है। जिसके कारण नहर और भीसी का कोई औचित्य नहीं रह जाता है। उसके विपरीत विभागीय पदाधिकारी नहरों को अतिक्रमण से मुक्त कराने के प्रति उदासीन रवैया अपनाए हुए है। जबकि बिहार अभियंत्रण के मुख्य सचीव के निर्देश पर त्रिवेणीगंज के कार्यपालक अभियंता द्वारा अतिक्रमण कारियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने हेतू विभाग के एसडीओ को नामित किया गया है। नहर व भीसी पर अतिक्रमण की स्थिति इतनी खराब है कि मोकमा पंचायत के वार्ड 7 के लोगों ने भीसी पर मिट्टी भर कर बकायदा सडक व शौचालय बना दिया है। मोकमा पंचायत में भीसी का जाल बिछा है। लेकिन सभी जगहों पर अतिक्रमण की चपेट में आकर भीसी सिर्फ जलसंशाधन विभाग के नक्शे पर ही रह गया है। स्थानीय लोगों ने धरातल पर इसका वजूद ही खत्म कर दिया है। इसी तरह मंगवार पंचायत के नासिक टोला स्थित उपवितरणी में स्थानीय लोगों द्वारा मवेशियों का चारागाह बना कर रखा गया है।पडडिया में नहर की जमीन पर सरकारी शौचालय बना है।जबकि अरसी से मंगनमा होते मक्कर्री नहर के बांध को जोत आबाद कर खेती की जा रही है।मोकमा से निकलने वाली बेलदौर वितरणी नहर भी अतिक्रमण की चपेट में अपना स्वरुप खोता जा रहा है। दरअसल जिस तरह जल संशाधन विभाग द्वारा अभियान चलाकर नहरों की उराही व मरम्मती करण किया गया था। उसी तरह अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान चलाने की जरुरत है अन्यथा कुछ अरसों में सम्पूर्ण नहर प्रणाली की संरचना ही बदल जाएगी। उक्त बाबत मुरलीगंज सिंचाई के एसडीओ नीलाभ आनंद ने कहा की सम्बंधित कनिय अभियंता को भेजकर जांच कर अतिक्रमणकारियों पर समुचित कानुनी कारवाई की जाएगी।



### पुष्कर कुमार सिंह उर्फ गमन बने सिमरी बख्तियारपुर प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष।

**सिमरी बख्तियारपुर (सहरसा) (एनएसबी)।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी ने संगठन विस्तार को लेकर सिमरी बख्तियारपुर में महत्वपूर्ण नियुक्ति की है। जिला कांग्रेस कमेटी सहरसा के अध्यक्ष मुकेश कुमार झा ने पुष्कर कुमार सिंह उर्फ गमन को सिमरी बख्तियारपुर प्रखंड कांग्रेस कमेटी का प्रखंड अध्यक्ष मनोनीत किया है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश कुमार झा द्वारा जारी मनोनयन पत्र में कहा गया है कि कांग्रेस पार्टी के प्रति पुष्कर कुमार सिंह की निष्ठा, सक्रियता एवं संगठन के प्रति समर्पण को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। मनोनयन के साथ ही उनसे अपेक्षा की गई है कि वे कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी तथा प्रदेश कांग्रेस नेतृत्व के निर्देशों एवं नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। साथ ही पार्टी की मजबूती और संगठन विस्तार के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। प्रखंड अध्यक्ष मनोनीत होने पर पुष्कर कुमार सिंह उर्फ गमन ने कांग्रेस नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी द्वारा दी गई जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी ईमानदारी और समर्पण के साथ करेंगे तथा संगठन को मजबूत बनाने के लिए कार्यकताओं को साथ लेकर चलेंगे। कांग्रेस कार्यकत्ताओं एवं समर्थकों ने उनके मनोनयन पर खुशी जताते हुए उन्हें बधाई दी है।



### जिला कांग्रेस कार्यालय में नवनियुक्त प्रखंड अध्यक्षजनों को पाग और चादर से किया सम्मानित

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** जिला कांग्रेस नें अपने संगठन को मजबूत व सुदृढीकरण हेतु योग्य कर्मठ व जुझारू लोगों को दायित्व देकर नई रणनीति तैयार की है।इस क्रम में मंगलवार को जिला कांग्रेस कार्यालय में नवनियुक्त प्रखंड अध्यक्षजनों को पाग और चादर देकर सम्मानित करते हुये प्रखंडो की कमान का पत्र दिया गया। जिलाध्यक्ष मुकेश कुमार झा ने सम्मानित करते हुये इस आशय का मनोनयन पत्र दिया और बधाई एवं शुभकामनायें देते हुए कहा कि सात दिनों के अंदर प्रखंड कमिटी का गठन करने का आग्रह कर बताया कि प्रखंड अध्यक्ष जिला का रीढ़ होता है और प्रखंड मजबूत होगा तो जिला समेत प्रदेश कांग्रेस भी मजबूत होगी। इसके लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़के, जन नायक राहुल गाँधी और प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम को प्रखंड अध्यक्ष मनोनीत करने के लिए धन्यवाद दिया।इस अवसर पर नव मनोनीत प्रखंड अध्यक्ष के अंतर्गत कहरा प्रखंड अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह,बनमा ईटहरी राम कुमार पासवान,सौर बाजार रामशरण कुमार,सोनबरसा संजय कुमार सिंह ,सत्तर कटैया महेश यादव,सिमरी बख्तियारपुर पुष्कर कुमार सिंह श्गमन,नवहट्टा अशोक यादव,पतरघट नवीन शंकर झा,महिषी नागेंद्र पासवान,सलखुआ मो असजद को प्रखंड अध्यक्ष का दायित्व सौप सम्मानित किया गया।आज के कार्यक्रम में सभी नव निर्वाचित प्रखंड अध्यक्ष के साथ साथ प्रदेश प्रतिनिधि मो नईम उद्दीन,वरीय उपाध्यक्ष-कुमार हीरा प्रभाकर, इंटक अध्यक्ष सत्य नारायण चैपाल, शोभा कांत झा, डॉ अबूल फराह सालजी, मृतुन्जय कुमार सिंह, प्रतिभा सिंह डोली, जवाहर झा,अविनाश कुमार यादव,दीपक कुमार ठाकुर, बैधनाथ झा, कौशल किशोर सिंह मंगल झा, शिव कुमार, अमन कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

# सदर अस्पताल में 3 सदस्यीय टीम करेगी मॉनिटरिंग, मरीजों की भर्ती से डिस्चार्ज तक हर कदम पर रहेगी नजर, शिकायतों पर होगा एक्शन

**स्थानीय स्तर पर ही समुचित इलाज सुनिश्चित किया जाना चाहिए, स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव भी इस पूरे मामले पर नजर बनाए हुए हैंः विधायक इंद्रजीत प्रसाद गुप्ता**

**सहरसा कार्यालय (एनएसबी)।** अस्पताल के कामकाज पर नजर रखने के लिए एक तीन सदस्यीय टीम का गठन किया गया है। यह टीम मरीजों के अस्पताल में भर्ती होने से लेकर उनके इलाज और डिस्चार्ज तक की पूरी प्रक्रिया की निगरानी करेगी। टीम सीधे मरीजों और उनके परिजनों की शिकायतें भी सुनेगी। उक्त बाते सहरसा इंद्रजीत प्रसाद गुप्ता उर्फ आईपी गुप्ता ने कही। उन्होंने कहा कि सदर अस्पताल में अब मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी और अस्पताल की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता आएगी। इलाज और डिस्चार्ज तक की पूरी प्रक्रिया की निगरानी होगी। बुधवार शाम विधायक इंद्रजीत प्रसाद गुप्ता उर्फ आईपी गुप्ता ने अस्पताल का निरिक्षण किया। निरीक्षण दौरान उन्होंने बताया कि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। विधायक ने उम्मीद जताई कि इस पहल से अस्पताल की कार्यशैली में सुधार होगा और मरीजों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। विधायक ने स्वास्थ्य मंत्री के निदेशों का भी जिक्र किया, जिसमें स्पष्ट कहा गया है कि मरीजों को अनावश्यक रूप से रेफर न किया जाए। विभागीय व्यवस्था के तहत, किसी भी मरीज को तीन दिन से पहले रेफर करने से बचना चाहिए और पहले स्थानीय स्तर पर ही समुचित इलाज सुनिश्चित किया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव भी इस पूरे मामले पर नजर बनाए हुए हैं। विधायक आईपी गुप्ता अस्पताल में एक मारपीट के मामले में पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे थे, लेकिन इसी दौरान उन्होंने अस्पताल की व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया।



सदर अस्पताल जायजा लेते विधायक।

## अनियंत्रित टोटो पुल से गिरा 9 लोग घायल, चार की हालत गंभीर, सभी को किया रेफर

**उक्त मामले में एक महिला व 6 पुरुष को हिरासत में लिया, पुलिस सभी पहलुओं पर कर रही जांच**

**सोनवषार्राज (साहरसा) (एनएसबी)।** बसनही थाना क्षेत्र अंतर्गत मौरा-अतलखा मुख्य मार्ग पर गोंदराम महथबा पुलिया के समीप बुधवार दोपहर एक टोटो अनियंत्रित होकर पुल के नीचे पलट गया। इस हादसे में टोटो पर सवार करीब 9 महिला, पुरुष एवं बच्चे घायल हो गए। सभी घायलों को आनन-फानन में इलाज के लिए सीएचसी सोनवर्षा राज में भर्ती कराया गया। सभी लोग एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। घायलों में संजू देवी, गीता देवी, मिथुन कुमार, अरुण साह, विनीता देवी, संदीप कुमार एवं 8 वर्षीय प्रियांशु सहित अन्य लोग शामिल हैं। मिली जानकारी के अनुसार नगर पंचायत क्षेत्र के दक्षिण टोला से एक ही परिवार के करीब एक दर्जन लोग टोटो पर सवार होकर बसनही थाना क्षेत्र के पिपरा बासा में एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। इसी दौरान गोंदराम पुल के समीप चालक केशव उर्फ छोटू कुमार का वाहन से नियंत्रण हट गया और टोटो सड़क किनारे पुल के नीचे पलट गया। घटना में चालक समेत कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। चिकित्सकों ने चार घायलों की स्थिति गंभीर देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल सहरसा रेफर कर दिया। बसनही थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त टोटो को कब्जे में ले लिया गया है तथा घायलों का इलाज कराया जा रहा है।




घायल का रिपोर्ट दर्ज पुलिस, घटना स्थल भीड़

## प्रथम मुख्य प्रशासिका का 61वां पुण्य स्मृति दिवस, आध्यात्मिक ज्ञान दिवस के रूप में आयोजित

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के बनगांव रोड स्थित शांति अनुभूति भवन में संस्थान की प्रथम मुख्य प्रशासिका मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती का 61वां पुण्य स्मृति दिवस आध्यात्मिक ज्ञान दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बीके स्नेहा बहन ने कहा कि मातेश्वरी जी बचपन से ही कुशाग्र बुद्धि और प्रतिभावान थीं। उन्होंने परमात्मा द्वारा दी गई शिक्षा को सुनते ही कर्म में लाया। वे ज्ञान वीणावादिनी, ईश्वरीय ज्ञान, गुण और शक्तियों का स्वरूप व विश्व-कल्याण की मातृवत भावना से ओत-प्रोत रहती थीं। उन्होंने मात्र 16 वर्ष की आयु में आध्यात्मिक शक्ति के द्वारा मानवता की सेवा के पथ को उस समय चुना, जब नारियों को घर से बाहर निकलने की अनुमति नहीं होती थी। उन्होंने अपनी त्याग, तपस्या और सेवा से समस्त मानव समुदाय को जीवनमुक्ति की राह दिखाई तथा नारियों को अध्यात्म के पथ पर चलते हुए समाज की सेवा करने के लिए प्रेरणा प्रदान की। भारतीय संस्कृति के उत्थान के लिए मातेश्वरी जी का यह त्याग, समर्पण और सेवा समस्त भारत तथा विश्व के लिए अत्यंत गौरव का विषय है। मातेश्वरी जी ने अपने मातृत्व और वात्सल्यपूर्ण नेतृत्व कौशल से सभी के दिलों पर राज किया। उनका नियमित और मयार्दापूर्ण जीवन सभी के लिए आज भी आदर्श मिसाल है। उनकी वरदानी दृष्टि से अनेकों की कमी-कमजोरियाँ सदा-सदा के लिए समाप्त हो जातीं। उन्होने परमात्मा की मत पर भारत को फिर से स्वर्ग बनाने की दिशा में अपना समय-संकल्प-श्वांस सर्वस्व न्यौछावर कर दिया और ईश्वरीय विश्व विद्यालय के सभी सदस्यों के लिए प्रेरणा स्रोत बनीं। उन्होंने अपना नश्वर शरीर 24 जून, 1965 को त्यागकर सम्पूर्ण स्थिति को प्राप्त किया। आज उनके पदचिन्हों पर चलकर हजारों समर्पित बहनों सहित लाखों भाई-बहन भारत को स्वर्ग बनाने की दिशा में निरंतर कार्यरत हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी ने मातेश्वरी जी को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राधेश्याम अग्रवाल, ओम प्रकाश चैधरी, शत्रुघ्न चैधरी, इंजीनियर शशिकांत सिंह, अवधेश भाई, सदानंद भाई, मनोज भाई, रजनीश भाई, बृजेश भाई, चंद्रभूषण भाई, संजय भाई सहित सैकड़ों भाई-बहन उपस्थित थे।



श्रद्धांजलि अर्पित करते सभी अतिथि व अन्य

## 5 कट्ठा जमीन से हो रहा 70 हजार का मुनाफा

**यूट्यूब से सीखी ड्रैगन फ्रूट की खेती, 3 बार लगा चुके है ड्रैगन फ्रूट की फसल**

**सौरबाजार (सहरसा) (एनएसबी)।** प्रखंडे के नादो पंचायत स्थित मधुरा गांव स्थित वार्ड 7 के किसान अजीम और उनके बेटे ने पारंपरिक खेती से हटकर आधुनिक तकनीक अपनाई है। उन्होंने यूट्यूब पर वीडियो देखकर ड्रैगन फ्रूट की खेती शुरू की है। किसान अजीम ने कोलकाता और हरियाणा से पौधे मंगवाकर अपनी करीब 5 कट्ठा जमीन पर ड्रैगन फ्रूट लगाए। पहली ही कोशिश में उन्हें अच्छी सफलता मिली है। अब उन्हें न केवल खेती से बेहतर मुनाफा हो रहा है, बल्कि बाहर से भी फलों के बड़े ऑर्डर मिलने लगे हैं। अजीम ने बताया कि वे अब तक तीन बार ड्रैगन फ्रूट की फसल लगा चुके हैं, जिससे उन्हें अच्छी आमदनी हो रही है। उनके बेटे ने कोलकाता और हरियाणा से पौधे लाए थे। इस फसल में साल के छठे महीने से लेकर 11वें महीने तक फूल और फल आते हैं। वर्तमान मौसम में फूल गिरने के बाद बारिश आते ही पौधों में फल आने शुरू हो जाते हैं। यहां तैयार होने वाले प्रत्येक फल का वजन लगभग 250 ग्राम से लेकर 500 ग्राम तक होता है। इस खेती से सालाना करीब 60 से 70 हजार रुपए की बचत हो रही है। मधुरा गांव में ड्रैगन फ्रूट की सफल खेती को देखकर आसपास के अन्य किसान भी काफी प्रभावित हो रहे हैं और इसे देखने पहुंच रहे हैं। जिला कृषि विभाग भी इस पहल की सराहना कर रहा है। जिला कृषि पदाधिकारी संजय कुमार ने बताया कि जिले में ड्रैगन फ्रूट की खेती के विस्तार के लिए विभाग और कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण द्वारा लगातार प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अजीम की खेती देखकर अन्य किसान भी प्रेरित हो रहे हैं, जिससे उनका उत्पादन बढ़ रहा है और बाजार में अच्छे दाम भी मिल रहे हैं। बताते चले कि अजीम की खेती देखकर क्षेत्र के कई किसान खेती के लिए तैयार है।



ड्रैगन फ्रूट की फसल।

### भूतपूर्व सैनिकों की बैठक में बड़ा निर्णय, नायब सूबेदार गुण सागर यादव बने लीगल नोडल ऑफिसर

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** जिला सैनिक कार्यालय के प्रांगण में बुधवार को भूतपूर्व सैनिकों की एक अत्यंत आवश्यक और महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में पूर्व सैनिकों के हितों की रक्षा और संगठन को कानूनी रूप से अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से कई अहम चचाएं हुई। बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों और सदस्यों ने सर्वसम्मति से एक बड़ा फैसला लेते हुए नायब सूबेदार गुण सागर यादव को संगठन के लीगल नोडल ऑफिसर के रूप में मनोनीत किया। उपस्थित सदस्यों ने उम्मीद जताई कि उनके अनुभव और मार्गदर्शन से संगठन के कानूनी मामलों को एक नई दिशा और मजबूती मिलेगी। इस महत्वपूर्ण बैठक में मुख्य रूप से संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं सक्रिय सदस्य उपस्थित रहे। जिसमें प्रमंडलीय अध्यक्ष प्रवीण झा, जिला अध्यक्ष दिनेश यादव, पन्ना चैधरी, गगन कुमार, चिरंजीवी कुमार राय, रंजीत कुमार राय, रोशन कुमार यादव, विनोद कुमार यादव सहित मौजूद रहे। बैठक के समापन पर सभी सदस्यों ने नवनियुक्त लीगल नोडल ऑफिसर को बधाई दी और भूतपूर्व सैनिकों के कल्याण के लिए निरंतर एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया।



## ओलंपिक दिवस पर पटेल मैदान में एकदिवसीय ट्रायल हांकी खेल प्रतियोगिता आयोजित

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** ओलंपिक दिवस के शुभ अवसर पर 23 जून को सहरसा के पटेल मैदान पर बिहार के हॉकी मुख्य कोच गेविन फरेरा जो 1996 के ओलंपिक खेल मे अटलांटा मे अपना बेहतर प्रदर्शन कर चुके हैं,की उपस्थिति में जिला स्तर पर एक दिवसीय ट्रायल लिया गया। जिसमें सहरसा जिला के हॉकी के बालक बालिका मौजूद थे।कहरा के प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अभिलाषा पाठक ने भी बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि दिल से खेले, मन से आगे बढे, पढ़ाई के साथ-साथ खेल भी जरूरी है। सहरसा जिला में हॉकी को आगे बढ़ाने में सबसे ज्यादा सहरसा के जिला पदाधिकारी दीपेश कुमार सर का बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान है और साथ ही जिला खेल पदाधिकारी का भी बहुत ही योगदान है।अभी वर्तमान में मौजूद खेल पदाधिकारी कुमारी तोषी मैडम ने भी इस खेल को बेहतर करने के लिए अपना हर संभव योगदान दिए हैं। हॉकी एसोसिएशन जिला अध्यक्ष सुनील कुमार झा के वजह से आज हॉकी इस मुकाम तक पहुंचा है जो आगे बढ़ता और खेलता दिख रहा है। सचिव प्रमोद कुमार झा भी अपना बहुबूल्य समय देकर इन हॉकी के खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। मौके पर उपस्थित शारीरिक शिक्षक शारीरिक शिक्षक सदानंद ठाकुर,शशि भूषण एवं अन्य कई अभिभावक बच्चों के माता-पिता यथा कुमार गौरव, रंजना देवी ने फूल का गुलदस्ता बिहार के मुख्य कोच गेवीन फरेरा को बधाई एवं शुभकामनाएं दिए। सहरसा जिला हॉकी संघ के संरक्षक डॉ रेणु सिंह चेयरमैन, डॉ अजय कुमार सिंह एमएलसी कोशी, वाइस चेयरमैन डॉ रमन कुमार झा, संरक्षक टी एन सिंह,कुमार अनिर्बन चैधरी, अमित कुमार ठाकुर, मोहन साह,लाजवंती झा, उपाध्यक्ष डॉ शशी शेखर सम्राट, शंभू प्रसाद यादव,प्रभाकरण देव, संयुक्त सचिव कुमार अमर ज्योति,ब्रजेश कुमार कोषाध्यक्ष गोपाल चैधरी ,सर्वेश कुमार आशीष रंजन सिंह बलवीर,अंशु मिश्रा, मनोहर स्कूल के प्राचार्य मिथिलेश कुमार, पूरब बाजार गर्ल्स हाई स्कूल के प्राचार्य शुभाशीष झा, जिला स्कूल के प्राचार्य कपिल देव यादव प्रशंसा करते हुए बहुत ही बधाई एवं शुभकामनाएं दिए। खिड़की में प्रमुख रूप से मौजूद प्रियांशु कुमार, ओबैदुर रहमान असादुल्लाह, प्रिंस, राजकुमार, आदर्श कुमार, कुमार गौरव, संजना, प्रियांशी, शिवानी, निहारिका, मोनिका आदि मौजूद थे अंपायर के रूप में राजू कुमार मौजूद थें।



ओलंपिक खिलाड़ी, कोच व अन्य।

### शारदीय खरीफ महाअभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**फुलपरास (एनएसबी)।** प्रखंड कार्यालय के किसान भवन में मंगलवार को कृषि विभाग द्वारा शारदीय खरीफ महाअभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रमुख राम पुकार यादव, अनुमंडल कृषि पदाधिकारी कृत्यानंद,प्रखंड कृषि पदाधिकारी सुमन कुमार व कृषि वैज्ञानिक के संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस खरीफ महाअभियान में किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, वैज्ञानिक खेती एवं कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई, जिसमें अनुदानित बीजों की वितरण तथा कृषि यंत्रों पर मिलने वाली सब्सिडी की जानकारी दिया गया। कार्यक्रम में अनुमंडल कृषि पदाधिकारी ने कहा कि किसानों को नई तकनीकों और कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ उठाकर खेती को अधिक लाभकारी बनाना चाहिए। प्रखंड कृषि पदाधिकारी श्री कुमार ने कहा कि इस खरीफ मौसम में किसानों के लिए उपलब्ध कराए गए अनुदानित बीजों की जानकारी देते हुए किसानों से कहा कि विभागीय योजनाओं का लाभ उठाने की अपील किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### महिला ने लगाई पुलिस से न्याय की गुहार

**बेलदौर (दैनिक नवसंदेश)।** डुमरी गांव निवासी अजय कुमार शर्मा की 21 वर्षीया पत्नी निशा कुमारी ने बेलदौर थाना अध्यक्ष को आवेदन देकर शिकायत की है कि बुधवार को 30 वर्षीय सुमित कुमार, 25 वर्षीय अमित कुमार, 20 वर्षीय अभिषेक कुमार और 18 वर्षीय प्रह्लाद कुमार लाठी-डंडा से लेस होकर मेरे दरवाजे पर चढ़कर अभद्र गाली गलौज का प्रयोग करते हुए घर में घुसकर मेरे परिवार के सभी लोगों के साथ मारपीट की। इस संबंध में थाना अध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि आवेदन मिला है, मामले की छानबीन कर रहे हैं।

### मोहर्रम को लेकर असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई

**बेलदौर (दैनिक नवसंदेश)।** मोहर्रम के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने और विवादों को रोकने के लिए असामाजिक तत्वों के खिलाफ 107 की कार्रवाई की गई। बताते चलें कि प्रशासन ने संवेदनशील जगहों को चिह्नित किया है, साथ ही समाज के वैसे लोग जो समाज में तनाव कर सकते हैं उनके खिलाफ 107 की कार्रवाई की गई। थाना अध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि क्षेत्र में गरीब 10 जगहों पर ताजिया के अलावे मेले का आयोजन किया जाएगा। शांतिपूर्ण वातावरण में पर्व को संपन्न कराने के लिए करीब ढाई सौ लोगों पर 107 की कार्रवाई की गई है।

### बिजली चोरी के मामले में जेई ने थाने में दिया आवेदन

**बेलदौर (दैनिक नवसंदेश)।** बिजली विभाग के जेई भगीरथ झा की लिखित शिकायत पर पीरनगरा गांव के तीन एवं तेलिहार गांव के एक उपभोक्ता पर बिजली चोरी करने एवं राजस्व वसूली के लिए प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। जानकारी के मुताबिक, जेई के नेतृत्व में पांच सदस्यीय टीम ने पीरनगरा पंचायत के वार्ड नंबर पंद्रह निवासी सुभाष यादव एवं पवन यादव के यहां छापेमारी कर टोका लगा कर बिजली चोरी करने, इसी गांव के बबलू यादव को स्मार्ट मीटर के इनकमिंग तार में बिजली तार जोड़ कर बिजली चोरी करने एवं तेलिहार पंचायत के इकसठ बासा निवासी मणिकांत सिंह को टोका लगा कर अवैध तरीके से बिजली चोरी करते पकड़ाने की बाते कही गयी थी। इसी मामले को लेकर जेई ने थाना में शिकायत की थी।

### दो वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बेलदौर (दैनिक नवसंदेश)।** बारूण एवं बेला नौबाद गांव में पुलिस ने छापामारी कर दो वारंटी को गिरफ्तार कर बुधवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। गिरफ्तार वारंटी की पहचान इतमादी पंचायत के बारूण गांव निवासी कारेलाल सिंह के पुत्र अशोक सिंह एवं बेला नौबाद गांव निवासी सिताबी यादव के पुत्र दीपनारायण यादव के रूप में की गई है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक गिरफ्तार आरोपी पर कोर्ट से वारंट निर्गत था, जिसमें पुलिस उसकी तलाश कर रही थी।

### जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट

**बेलदौर (दैनिक नवसंदेश)।** पक्का मकान बनाने के दौरान 62 वर्षीय व्यक्ति को मारपीट कर घायल कर दिया गया। घायल अवस्था में राहगीरों ने वृद्ध को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बेलदौर पहुंचाया जहां डॉक्टर उसका उपचार कर रहे हैं। इस मामले में पचोत गांव निवासी 62 वर्षीय उधो सिंह ने बेलदौर थाना अध्यक्ष को आवेदन देकर कहा है कि बुधवार को वह अपनी निजी बासडीह जमीन पर पक्का मकान बनवा रहे थे। इसी दौरान 50 वर्षीय नागमणि सिंह ने घर बनाने का विरोध करते हुए कुदाल से मेरे दरवाजे पर चढ़कर मारने लगा। शोरसराबा होने पर राहगीरों ने उठाकर उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बेलदौर पहुंचाया। आवेदन में कहा गया है कि नागमणि सिंह दबंगता पूर्वक उसे घर बनाने से रोक रहा है जबकि उक्त जमीन पर हम लोग वर्षों से बसे हुए हैं। थाना अध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि आवेदन मिला है, मामले को छानबीन कर कार्रवाई की जाएगी।

### सशक्त समिति की बैठक में लिए गये कई निर्णय

**बेलदौर (दैनिक नवसंदेश)।** नगर पंचायत कार्यालय में सशक्त कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता नगर पंचायत के चेयरमैन ममता कुमारी ने किया। मालूम हो कि बुधवार को नगर पंचायत कार्यालय में आम जनों से प्राप्त आवेदन के आधार पर गांधी इंटर विद्यालय के मैदान में इंडोर स्टेडियम बन जाने के कारण छोटे-छोटे बच्चों का खेलने के लिए कोई मैदान नहीं बचा हुआ है,जिस कारण सशक्त कमेटी की बैठक की गई। वहीं बैठक के दौरान सभी सदस्यों के साथ विचार विमर्श किया कि जल्द से जल्द खेल मैदान के लिए करीब 5 एकड़ सरकारी भूमि उपलब्ध कराने को लेकर अंचलाधिकारी बेलदौर को प्रस्ताव भेजने का निर्णय लिया गया। बताते चलें कि गांधी इंटर विद्यालय के मैदान में इंडोर स्टेडियम का निर्माण करीब एक वर्षो से हो रहा है, इंडोर स्टेडियम का निर्माण होने के कारण कोई भी खेल नहीं हो पाई। मौके पर कार्यपालक पदाधिकारी अमर प्रकाश, सशक्त कमेटी के सदस्य विपिन यादव, सिंकु कुमार, सोनी कुमारी, सहायक लोक स्वच्छता पदाधिकारी अंकित शरण, कनीय अभियंता चंदन कुमार, प्रधान सहायक मोहम्मद अब्दुल आलम मौजूद थे।

### चौथम में भीषण गर्मी का प्रकोप, बारिश के इंतजार में लोग

**चौथम (दैनिक नवसंदेश)।** प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों भीषण गर्मी और उमस से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित है। तेज धूप और लगातार बढ़ते तापमान के कारण सड़कों, बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर सन्नाटा पसरा हुआ है। दिन के समय लोग घरों में रहने को मजबूर हैं और आवश्यक कार्य होने पर ही बाहर निकल रहे हैं। गर्मी का असर केवल लोगों पर ही नहीं, बल्कि पशुओं पर भी साफ दिखाई दे रहा है। खेतों और गांवों में मवेशी गर्मी से बेहाल होकर हांफते नजर आ रहे हैं। इससे पूर्व हुई बारिश से थोड़े से जमा हुए जलस्रोतों के पानी भी अब सूखने लगे हैं और तापमान बढ़ने से पशुपालकों की चिंता भी बढ़ गई है। किसान और आम लोग आसमान की ओर टकटकी लगाए बारिश का इंतजार कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि अच्छी बारिश होने से जहां भीषण गर्मी से राहत मिलेगी, वहीं खेती-किसानी के कार्यों में भी तेजी आएगी। फिलहाल पूरे क्षेत्र में गर्म हवाओं और उमस भरे मौसम ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। स्थानीय चौथम बाजार के लोगों ने प्रशासन से पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा गर्मी से बचाव के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग की है। वहीं मौसम में बदलाव और जल्द बारिश होने की उम्मीद के साथ लोग राहत मिलने का इंतजार कर रहे हैं।

### बिजली की समस्या को लेकर वार्ड पार्षद सक्रिय

**गोगरी (दैनिक नवसंदेश)।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत गोगरी पंचायत के वार्ड चार के वार्ड सदस्य ममता उपाध्याय द्वारा लगातार विकास का कार्य करते हुए बुधवार को जरूरत के हिसाब से विद्युत् विभाग से बात कर विभिन्न जगहों पर बिजली का खंभा गलवाया। हालांकि वार्ड सदस्य द्वारा अपने पंचायत के मुखिया पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा की मुखिया द्वारा विकास के कार्य से वार्ड चार के साथ भेदभाव किया जा रहा है। कई ऐसे जगह है जहाँ पर सड़क की आवश्यकता है लेकिन मुखिया द्वारा कोई रूचि नहीं दिखाई जा रही है। पुरुषोत्तम मिश्रा के घर से बड़ी काली मंदिर, हेमंत दुबे के घर से फुच्ची दुबे के घर तक का सड़क सहित दिवाकर मिश्रा, लड्डू पाण्डेय के घर से गोपाल पोद्दार के घर तक सड़क बनना निहायत ही जरुरी है। इस जगह के लोग का हाल बरसात मे काफी परेषानी हुआ करता है। कई सड़क योजना मे भी है लेकिन जब सड़क बनने के बात आती है तो मुखिया द्वारा फंड नहीं रहने का बहाना बनाया जाता है। वार्ड सदस्य ने कहा की इसके उपरांत भी उन्होंने कई विकास के कार्य मे पीछे नहीं हटी। लोगों का जन्म प्रमाण पत्र, वृद्धा पेंशन, बिजली आदि के क्षेत्र मे विकास किया है और आगे भी करते रहेंगे। वार्ड चार के कुछ लोगों के घर मे बिजली पोल की आवश्यकता थी जिसे बुधवार को पूरा कर लिया गया है। अन्य कार्य के लिए भी पदाधिकारी से संपर्क कर रही है।

# स्लुइस गेट से आबादी की ओर बह रहा पानी

दैनिक नवसंदेश

## कोसी नदी का पानी घुसा गांव में, लोगों में दहशत



**पसराहा।** कोसी नदी के जलस्तर में हो रही लगातार वृद्धि ने पसराहा थाना क्षेत्र के लोगों की चिंताएं बढ़ा दी हैं। स्थिति यह है कि बुधवार को कोसी बांध मिरकेल में निर्माणाधीन स्लुइस गेट के रास्ते कोसी का पानी अब गांव की आबादी की तरफ उल्टा बहने लगा है, जिससे स्थानीय निवासियों में भारी दहशत व्याप्त है। ग्रामीणों का आरोप है कि विभागीय लापरवाही के कारण समय रहते इस गेट को पूरी तरह सुरक्षित नहीं किया गया, जिसका खामियाजा अब आम लोगों को भुगतना पड़ रहा है।

स्थानीय जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं के अनुसार, लगभग दो करोड़ पचास लाख रुपये की लागत से फरवरी माह से स्लुइस गेट का निर्माण कार्य चल रहा था। काम लगभग अंतिम चरण में था और गेट में केवल फाटक (शटर) लगाया जाना शेष था, लेकिन लेटलतीफी के कारण कार्य अधूरा रह गया। जिला परिषद क्षेत्र संख्या 15 के भ्रमण के दौरान स्लुइस गेट पर पहुंचे देवठा पंचायत के मुखिया आलोक कुमार, भाजपा कार्यसमिति सदस्य स्वस्तिका मेहता और सामाजिक कार्यकर्ता मंटू सिंह आदि ने संयुक्त रूप से कहा कि यदि युद्धस्तर पर गेट को बंद नहीं किया गया, तो अगले दस दिनों के भीतर यहां बाढ़ जैसे विकट हालात पैदा हो जाएंगे। इससे न केवल लोगों के घरों में पानी घुसने का खतरा है, बल्कि किसानों की कड़ी मेहनत से तैयार मक्के की फसल भी पूरी तरह डूबकर बर्बाद हो जाएगी, जिससे क्षेत्र के कृषकों को भारी आर्थिक क्षति का सामना करना पड़ेगा। गोगरी के अंचलाधिकारी दीपक कुमार ने बताया है कि विभाग को सूचना दे दी गई। शाम तक गेट में शटर लगा दिया जाएगा। घटना की सूचना पर मैकेनिकल इंजीनियर खगड़िया सौरभ कुमार मौके पर पहुंच कर आनन फानन में क्रेन के माध्यम से गेट में शटर को शाम तक में लगा दिया। शटर लगते ही क्षेत्र के लोगों ने राहत की सांस ली।

**फरवरी माह से शुरू हुआ था स्लुइस गेट का निर्माण कार्य**

**गेट बनकर तैयार हो गया था केवल शटर लगाना था बाकी**

**आबादी में पानी घुसने के बाद शाम तक लगा दिया गया गेट जिससे लागों ने ली राहत की सांस**

# आग लगने से दो भुसखार और एक घर राख, लाखों की संपत्ति स्वाहा



**परबत्ता (दैनिक नवसंदेश)।** नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड संख्या-21 स्थित यादव टोला, जानकीचक में बुधवार को भीषण आगजनी की घटना से अफरा-तफरी मच गई। आग की लपटें इतनी भयावह थीं कि दूर-दूर से दिखाई दे रही थीं। इस घटना में दो भुसखार एवं एक घर जलकर राख हो गया, जिससे लाखों रुपये की संपत्ति का नुकसान हुआ है।

जानकारी के अनुसार, आग से प्रभावित दोनों भुसखार क्रमशः सुनील यादव एवं अखिलेश यादव के थे, जबकि बबली देवी (पति-अनिल यादव) का घर भी आग की चपेट में आ गया। ग्रामीणों ने तत्काल दमकल विभाग को इसकी सूचना दी। ग्रामीणों एवं दमकल कर्मियों के संयुक्त प्रयास से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। पीड़िता बबली देवी ने बताया कि मकई बेचकर प्राप्त एक लाख नकद राशि घर में रखी हुई थी, जो जलकर राख हो गई। इसके अलावा घर में रखा सारा सामान भी नष्ट हो गया। आगजनी की इस घटना में लाखों रुपये की क्षति का अनुमान लगाया जा रहा है।

**मकई बेचकर घर में रखे नकद एक लाख रुपए भी जलकर नष्ट हो गए**

घटना की पुष्टि करते सीओ हरिनाथ राम ने बताया कि अग्निपीड़ित परिवारों को तत्काल सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि राजस्व कर्मचारी की रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद सरकारी प्रावधानों के अनुसार मुआवजा एवं अन्य आवश्यक सहायता दी जाएगी। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत और मायूसी का माहौल है।

# सांसद और विधायक ने किया उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय का उद्घाटन

**परबत्ता (दैनिक नवसंदेश)।** प्रखंड क्षेत्र के मड़ैया गांव में बुधवार का दिन शिक्षा के इतिहास में एक महत्वपूर्ण अध्याय के रूप में दर्ज हो गया। वर्षों से बेहतर शैक्षणिक संस्थान की मांग कर रहे क्षेत्रवासियों को उस समय बड़ी सौगात मिली, जब खगड़िया सांसद राजेश वर्मा एवं परबत्ता विधायक बाबूलाल शौर्य ने नवनिर्मित उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय, मड़ैया पिपरा लतीफ का विधिवत उद्घाटन किया। विद्यालय परिसर में आयोजित समारोह में बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। इस दौरान पूरा क्षेत्र उत्साह एवं विकास के नारों से गूंज उठा। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे सांसद राजेश वर्मा और विधायक बाबूलाल शौर्य का ग्रामीणों एवं विद्यालय परिवार ने ढोल-नगाड़ों, तिलक-चंदन और माल्यार्पण के साथ भव्य स्वागत किया। समारोह को संबोधित करते हुए सांसद राजेश वर्मा ने कहा कि एनडीए सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य और आधारभूत संरचना के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराना सरकार की प्रतिबद्धता है। यह विद्यालय हजारों छात्र-छात्राओं के सपनों को नई उड़ान देगा और उन्हें उच्च शिक्षा के लिए दूर-दराज नहीं जाना पड़ेगा। वहीं विधायक बाबूलाल शौर्य ने कहा कि शिक्षा समाज और राष्ट्र निर्माण की सबसे मजबूत नींव है। उन्होंने बताया कि मड़ैया में विद्यालय निर्माण क्षेत्र की वर्षों पुरानी मांग थी, जिसे अब पूरा कर दिया गया है। उन्होंने आश्वासन दिया कि आने वाले दिनों में विद्यालय में और भी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी ताकि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य पुनीता सिंह, पूर्व जिला परिषद सदस्य शैलेश सिंह, पूर्व मुखिया पवन कुमार चौधरी सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।



विद्यालय का उद्घाटन करते सांसद व विधायक।

# जिले के 91 कलाकारों के नाम पेंशन के लिए भेजे जाएंगे

**खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)।** कला और संस्कृति के क्षेत्र में खगड़िया जिला एक बार फिर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराने जा रहा है। मुख्यमंत्री कलाकार पेंशन योजना की तीसरी सूची के लिए जिले से कुल 91 कलाकारों के आवेदन विभाग को भेजे जाने की तैयारी पूरी कर ली गई है। यह जानकारी जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी घनश्याम कुमार ने दी।

उन्होंने बताया कि तीसरी सूची के लिए सभी आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी कर ली गई हैं और जल्द ही कलाकारों के आवेदन विभाग को प्रेषित किए जाएंगे। विशेष बात यह है कि मुख्यमंत्री कलाकार पेंशन योजना के तहत सर्वाधिक आवेदन भेजने वाले जिलों में खगड़िया लगातार अपनी पहचान बनाए हुए है। गौरतलब है कि इससे पहले जारी पहली सूची में जिले के 27 कलाकारों तथा दूसरी सूची में 61 कलाकारों का चयन किया गया था। अब तीसरी सूची में 91 कलाकारों के नाम शामिल किए गए हैं, जो जिले की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा और कलाकारों की सक्रिय भागीदारी को दर्शाता है। जिले के कलाकारों में इस पहल को लेकर उत्साह का माहौल है। कलाकारों का मानना है कि मुख्यमंत्री कलाकार पेंशन योजना उनके कला-साधना के प्रति सरकार की सकारात्मक सोच और सम्मान का प्रतीक है। तीसरी सूची में बड़ी संख्या में आवेदन भेजे जाने से जिले के कला जगत में खुशी की लहर है।

# राज्य खाद्य सुरक्षा आयोग के सदस्य से मिले जदयू के नेता

**गोगरी (दैनिक नवसंदेश)।** जदयू जिला प्रवक्ता आचार्य राकेश पासवान शास्त्री एवं जदयू तकनीकी एवं श्रम प्रकोष्ठ, खगड़िया नगर परिषद के अध्यक्ष डॉ. धीरेंद्र कुमार ने बुधवार को गोगरी प्रखंड मुख्यालय से सटे बड़ी चक स्थित राज्य खाद्य सुरक्षा आयोग के सदस्य अंगद कुशवाहा के आवास पर पहुंचकर उनसे आत्मीय शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर दोनों नेताओं ने पुष्पगुच्छ, पौधा, अंगवस्त्र एवं माला भेंट कर श्री कुशवाहा का सम्मान किया।



मुलाकात के दौरान सामाजिक सरोकार, जनकल्याणकारी योजनाओं, संगठनात्मक मजबूती तथा समसामयिक राजनीतिक विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। आचार्य राकेश पासवान शास्त्री एवं डॉ. धीरेंद्र कुमार ने कहा कि अंगद कुशवाहा का स्नेहिल सान्निध्य, दूरदर्शी सोच और दीर्घ सार्वजनिक जीवन का अनुभव समाजसेवा एवं जनहित के कार्यों को नई दिशा प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि उनके मार्गदर्शन से सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र में सक्रिय कार्यकर्ताओं को निरंतर प्रेरणा एवं सकारात्मक ऊर्जा मिलती रही है। वहीं, अंगद कुशवाहा ने जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने, संगठन की मजबूती तथा सकारात्मक राजनीतिक सहभागिता पर बल दिया। उन्होंने युवाओं एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं से जनहित के मुद्दों के प्रति संवेदनशील रहकर समाज के सर्वांगीण विकास में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। मुलाकात के दौरान जदयू तकनीकी एवं श्रम प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष विनय सिंह रोशन, रालोमो नेता रविश अन्ना सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# उर्वरक कालाबाजारी पर शिकंजा, नौ लाइसेंस रद्द

**छपरा (दैनिक नवसंदेश)।** खरीफ मौसम को देखते हुए किसानों को आवश्यक कृषि संसाधनों की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय है। इसी क्रम में जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव की अध्यक्षता में जिला कृषि टास्क फोर्स की बैठक हुई, जिसमें कृषि एवं संबद्ध विभागों की योजनाओं और गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी ने बताया कि जिले में वर्तमान में उर्वरकों की उपलब्धता सामान्य है तथा किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराई जा रही है। समीक्षा के दौरान यह जानकारी दी गई कि 1 अप्रैल, 2026 से अब तक उर्वरक की कालाबाजारी एवं जमाखोरी रोकने के लिए जिले भर में 895 छापेमारी की गई है। जांच के दौरान 44 मामलों में अनियमितताएं पाई गईं, 2 प्राथमिकी दर्ज की गईं तथा 9 उर्वरक विक्रेताओं के लाइसेंस रद्द किए गए हैं।

**किसानों को समय पर खाद, बीज और सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराना प्राथमिकता : डीएम**

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी वास्तविक किसान को उर्वरक प्राप्त करने में परेशानी नहीं होनी चाहिए। जिन प्रतिष्ठानों में स्टॉक संबंधी गंभीर विसंगति पाई जाए, उनके विरुद्ध तत्काल प्राथमिकी दर्ज कर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने नियमित निरीक्षण अभियान जारी रखने पर भी बल दिया। बैठक में फार्मर रजिस्ट्री की समीक्षा करते हुए बताया गया कि जिले में अब तक 1.56 लाख से अधिक एफआर आईडी का सृजन किया जा चुका है। वहीं खरीफ फसल के लिए बीज वितरण कार्य को एक सप्ताह के भीतर पूरा करने का निर्देश दिया गया ताकि किसानों को समय पर गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध हो सके। कृषि विद्युत आपूर्ति, सिंचाई व्यवस्था एवं मत्स्य क्षेत्र की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने किसानों के बीच कृषि विद्युत कनेक्शन को लेकर जागरूकता अभियान चलाने और नहरों की सफाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

# श्रद्धांजलि सभा में जनसंघर्षों को आगे बढ़ाने का लिया संकल्प



**चौथम (दैनिक नवसंदेश)।** भाकपा के पूर्व राज्य सचिव, पूर्व विधायक सत्यनारायण सिंह की धर्मपत्नी सुशीला देवी की श्रद्धांजलि सभा उनके पैतृक गांव कैथी-देवका में आयोजित की गई। श्रद्धांजलि सभा में खगड़िया सहित बिहार के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता, सामाजिक-राजनीतिक कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि, बुद्धिजीवी एवं ग्रामीण उपस्थित हुए। कार्यक्रम की शुरुआत स्व. सत्यनारायण सिंह एवं स्व. सुशीला देवी के पुत्र डॉ. अंकित कुमार के स्वागत भाषण से हुई।

इस अवसर पर उपस्थित नेताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं तथा ग्रामीणों ने सत्यनारायण सिंह एवं सुशीला देवी के चित्रों पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाकपा के पूर्व जिला सचिव एवं राज्य कार्यकारिणी सदस्य प्रभाकर प्रसाद सिंह ने की। उन्होंने बताया कि जून 1960 में सुशीला देवी का विवाह सत्यनारायण सिंह से हुआ था। वर्ष 1974 में उन्होंने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की और महिला आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभानी शुरू की। वर्ष 1995 में वे बिहार महिला समाज की खगड़िया जिला अध्यक्ष चुनी गईं तथा नेशनल फेडरेशन ऑफ इंडियन वूमेन के

**भाकपा के पूर्व राज्य सचिव सत्यनारायण सिंह की पत्नी सुशीला देवी की श्रद्धांजलि सभा उनके पैतृक गांव कैथी-देवका में आयोजित की गयी**

राष्ट्रीय सम्मेलनों में प्रतिनिधि के रूप में भाग लिया। वर्ष 2006 से 2016 तक वे मध्य बोरने पंचायत की मुखिया रहीं। भाकपा के राष्ट्रीय सचिव संजय यादव और पार्टी के राज्य सचिव एवं पूर्व विधायक रामनरेश पांडेय ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। पांडेय ने कार्यकर्ताओं और समर्थकों से 15 जुलाई को पटना में प्रस्तावित बिहार विधानसभा मार्च तथा 1 सितंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित जनविरोधी नीतियों के खिलाफ रैली में बड़ी संख्या में भाग लेने की अपील की। श्रद्धांजलि सभा को भाकपा के राष्ट्रीय परिषद सदस्य प्रमोद प्रभाकर, ओमप्रकाश नारायण, पूर्व विधान पार्षद उषा साहनी, एटक के महासचिव अजय कुमार, प्रो. अरुण कुमार, रविन्द्र नाथ राय, विजयकांत सिन्हा, सुधीर कुमार, राजश्री किरण, ललिता कुमारी, रामरतन सिंह, सूर्यकांत आदि ने संबोधित किया।

# सारण के नौ प्रखंडों में एक जुलाई से शुरू होंगी डिग्री कॉलेजों की कक्षाएं

**छपरा (दैनिक नवसंदेश)।** सारण जिले के हजारों छात्र-छात्राओं के लिए उच्च शिक्षा के क्षेत्र में नई उम्मीद की किरण दिखाई देने लगी है। बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी योजना 'सात निश्चय-3' के अंतर्गत संचालित 'उन्नत शिक्षा-उज्ज्वल भविष्य' संकल्प को धरातल पर उतारने के लिए जिला प्रशासन की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। इसी कड़ी में जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने बुधवार को सभी नामित प्राचार्यों एवं संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर एक जुलाई से डिग्री कॉलेजों का संचालन हर हाल में शुरू कराने का निर्देश दिया।

जिले के तरैया, मकेर, एकमा, दरियापुर, मढ़ौरा, मशरक, लहलादपुर, पानापुर एवं इसुआपुर जैसे नौ ऐसे प्रखंड, जहां अब तक कोई डिग्री कॉलेज संचालित नहीं था, वहां 1 जुलाई, 2026 से अस्थायी रूप से चिह्नित सरकारी भवनों में कॉलेजों की कक्षाएं शुरू की जाएंगी। यह पहल ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों के विद्यार्थियों को स्थानीय स्तर पर उच्च शिक्षा उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि लंबे समय से इन प्रखंडों के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए अन्य शहरों और जिलों का रुख करना पड़ता था, जिससे आर्थिक और सामाजिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। नए कॉलेजों के शुरू होने से न केवल उच्च शिक्षा तक पहुंच आसान होगी,

**सरकार के संकल्प उन्नत शिक्षा उज्ज्वल भविष्य को मिलेगा नया आयाम**

**चयनित भवनों में आवश्यक सिविल कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करते हुए 28 जून तक भवनों का हस्तांतरण संबंधित प्राचार्यों को सुनिश्चित करने का डीएम का निर्देश**

बल्कि नामांकन दर में भी वृद्धि होगी और विद्यार्थियों को अपने क्षेत्र में ही बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध हो सकेगा।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि कॉलेज संचालन के लिए चयनित भवनों में आवश्यक सिविल कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करते हुए 28 जून तक भवनों का हस्तांतरण संबंधित प्राचार्यों को सुनिश्चित किया जाए। साथ ही सभी नामित प्राचार्यों को 25 जून से अपने-अपने कलेज कार्यालयों का संचालन प्रारंभ करने तथा प्रवेश, पंजीकरण एवं अन्य प्रशासनिक तैयारियों को अंतिम रूप देने का निर्देश दिया गया।

जिलाधिकारी ने जिला शिक्षा पदाधिकारी और नजारत उप समाहर्ता को आवश्यक फर्नीचर, बेंच-डेस्क, टेबल, कुर्सी एवं अन्य शैक्षणिक सामग्रियों की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके अलावा प्रत्येक कॉलेज में इंटरनेट सुविधा, सीसीटीवी कैमरे और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाने को कहा गया। बैठक के अंत में जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि 1 जुलाई से शैक्षणिक गतिविधियां सुचारु रूप से शुरू हों, इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि यह पहल केवल कॉलेज खोलने तक सीमित नहीं है, बल्कि ग्रामीण युवाओं के भविष्य को नई दिशा देने और शिक्षा के माध्यम से सामाजिक परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त करने का महत्वपूर्ण अभियान है।

## संक्षिप्त खबरें

### ऑटो से देसी शराब बरामद चालक गिरफ्तार, ऑटो जब्त

**फतुहा।** नदी थाने की पुलिस ने बुधवार को चेकिंग के दौरान एक सीएनजी अटो से करीब 440 लीटर देसी चुलाई शराब बरामद करते हुए उसके चालक को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष सद्दाम हुसैन ने बताया कि सिक्सलेन पुल के पास चेकिंग लगाई गई थी तभी वैशाली की ओर से आ रहे एक संदिग्ध अटो पर पुलिस की नजर पड़ी। पुलिस को देख अटो चालक अटो के साथ भागने की फिराक में था तभी मुस्तैदी दिखाते हुए पुलिस ने उसे अटो सहित पकड़ लिया। गिरफ्त में आए चालक वैशाली राघोपुर निवासी सोहन कुमार से पूछताछ करते हुए आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### हथियार तस्कर गिरफ्तार देसी कट्टा व कारतूस बरामद

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** बख्तियारपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक कथित हथियार तस्कर को गिरफ्तार किया है। तलाशी के दौरान उसके पास से एक देसी कट्टा एवं एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर हथियार के स्रोत एवं उसके नेटवर्क की जानकारी जुटाने में लगी है। गिरफ्तार व्यक्ति को न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।

### प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के विरुद्ध न्यायालय में परिवाद दायर

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** बख्तियारपुर के एक डिजिटल पत्रकार ने बख्तियारपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के विरुद्ध न्यायालय में परिवाद दायर किया है। इसकी जानकारी अधिवक्ता सतीश कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि मामले को लेकर न्यायालय में विधिसम्मत कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। मामले की सुनवाई न्यायालय के निर्देशानुसार आगे बढ़ेगी।

### कोंदी बस स्टैंड गोलीकांड को लेकर बढ़ा तनाव, वर्चस्व की लड़ाई जारी

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** बाढ़ थाना क्षेत्र के कोंदी बस स्टैंड में 21 जून को हुई गोलीबारी की घटना को लेकर क्षेत्र का माहौल अब भी गर्म बना हुआ है। घटना के बाद से दोनों पक्षों के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर लगातार जारी है, जबकि पुलिस मामले की विभिन्न बिंदुओं पर जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार, 21 जून को बस स्टैंड परिसर में दो पक्षों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हुई, जो देखते ही देखते मारपीट और गोलीबारी की घटना में बदल गई। इस घटना में पूर्वी बेढ़ना पंचायत के वर्तमान मुखिया राज कुमार यादव के पुत्र तथा उनके भाई घायल हो गए। दोनों का उपचार कराया गया और मामले को लेकर प्राथमिकी दर्ज की गई। घटना के बाद क्षेत्र में तनाव की स्थिति बनी हुई है। इस बीच बस स्टैंड परिसर में कुछ वाहनों में तोड़फोड़ की घटनाएं भी सामने आई हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा लाठी-डंडों से कई वाहनों को क्षतिग्रस्त किया गया। हालांकि इन घटनाओं को लेकर भी दोनों पक्ष एक-दूसरे पर आरोप लगा रहे हैं। स्थानीय स्तर पर विभिन्न तरह की चर्चाएं भी सामने आ रही हैं। कुछ लोग इस विवाद को चुनावी रंजिश से जोड़कर देख रहे हैं, जबकि कुछ लोगों का मानना है कि बस स्टैंड संचालन और उससे जुड़े आर्थिक हितों को लेकर दोनों पक्षों के बीच लंबे समय से मतभेद चल रहे थे। हालांकि इन दावों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है तथा सभी पहलुओं पर साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। अभी तक जांच एजेंसियों को कुछ महत्वपूर्ण तथ्यों की पुष्टि करनी है और इसी कारण किसी अंतिम निष्कर्ष पर पहुंचना जल्दबाजी होगी। घटना के बाद क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस की निगरानी बढ़ा दी गई है। प्रशासन लगातार लोगों से शांति एवं संयम बनाए रखने की अपील कर रहा है। वहीं स्थानीय लोगों की निगाहें अब पुलिस जांच और प्रशासनिक कार्रवाई पर टिकी हुई हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन की प्राथमिकता क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखना तथा निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करना है। फिलहाल कोंदी बस स्टैंड गोलीकांड क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है और आने वाले दिनों में पुलिस जांच की दिशा तथा प्रशासनिक कार्रवाई पर सभी की नजरें टिकी हुई हैं।

# कैलाश उर्फ काली के नेतृत्व में दर्जनों युवाओं ने भाजपा का सदस्यता ग्रहण किया

### मुंगेर विधायक प्रणय एवं जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में ग्रहण किया, धीरज एवं अमन सरकार ईस्ट कॉलोनी में बढ़ाएंगे पार्टी का जनाधार





सदस्यता ग्रहण करते कैलाश, विधायक के साथ ग्रुप में शामिल कार्यकर्ता।

**जमालपुर(मुंगेर) (एनएसबी)।** ईस्ट कलोनी जमालपुर में भारतीय जनता पार्टी का जन आधार बढ़ाने को लेकर दर्जनों युवाओं के साथ कैलाश कुमार उर्फ काली ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण मुंगेर विधायक प्रणय कुमार एवं जिला अध्यक्ष डॉ अरुण पोद्दार के उपस्थिति में किया।शक्ति केंद्र के बूथ 166 पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित विधायक एवं जिलाध्यक्ष का अमन सरकार एवं धीरज कुमार के नेतृत्व में युवाओं ने गर्मजोशी के साथ अंग वस्त्र भेंट एवं बुके भेंट कर सम्मानित किया। वही विधायक एवं जिलाध्यक्ष ने मोदी सरकार के बेमिसाल 12 वर्षों के ऐतिहासिक कार्य के बारे में जनता एवं कार्यकर्ताओं को बताया। उन्होंने यह भी कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी के पुण्यतिथि के मौके पर कैलाश उर्फ काली, धीरज कुमार एवं अमन सरकार के नेतृत्व में जो भाजपा को मजबूत करने को लेकर ईस्ट कलोनी जमालपुर में किया जा रहा है उसे एनडीए सरकार काफी मजबूत होगा।मौके पर पूर्वी के मंडल अध्यक्ष बीरेंद्र कुमार भुट्टो, सुरेश कुमार उर्फ पप्पु मंडल,गौतम कुमार गुप्ता,सूरज कुमार,राहुल कुमार,पंकज कुमार,अभिनव कुमार,ण देव कुमार, संजय कुमार मंडल, गौतम कुमार,नीरज कुमार, अमित चौरसिया,रवि कुमार ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण किया।सभी को पदाधिकारियों के द्वारा भाजपा के कमल निशान वाले अंगवस्त्र देकर भाजपा में समाहित किया गया।

## कांग्रेस में युवाओं के सदस्य बनने की प्रक्रिया को किया पारदर्शी

### लोकतांत्रिक एवं पारदर्शी तरीके से कांग्रेस में बनाए जाएंगे पदाधिकारी

**मुंगेर।** युवक कांग्रेस को चुनाव की प्रक्रिया पूरी तरह से पारदर्शी होगी।यह बात युवक कांग्रेस की संगठनात्मक चुनाव प्रक्रिया की जानकारी देते हुए जिला कांग्रेस मुख्यालय, तिलक मैदान में जोनल रिटर्निंग अफिसर सद्दाम शेख ने कही।शेख ने बताया कि युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष, जिला अध्यक्ष और जिला महासचिव पदों के लिए नामांकन, सदस्यता अभियान और मतदान की प्रक्रिया पूरी तरह लोकतांत्रिक एवं पारदर्शी होगी। उन्होंने युवाओं से बड़ी संख्या में सदस्य बनकर संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया।संगठन चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया 18 जून से 28 जून तक चलेगी। उन्होंने बताया कि 18 से 35 वर्ष आयु वर्ग के युवक-युवतियां इसमें भाग लेकर संगठन में सक्रिय भूमिका निभा सकते हैं। नामांकन की पूरी प्रक्रिया मोबाइल अनुप्रयोग के माध्यम से संपन्न होगी, जिसके लिए अभ्यर्थियों को आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन करना होगा।उन्होंने युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील करते हुए कहा कि युवा कांग्रेस नई पीढ़ी को नेतृत्व का अवसर देने के लिए प्रतिबद्ध है। बैठक में उपस्थित युवाओं को नामांकन प्रक्रिया, सदस्यता, चुनावी नियमों तथा आवेदन की तकनीकी जानकारी विस्तार से दी गई। साथ ही उनके प्रश्नों का समाधान कर प्रक्रिया को सरल बनाने का प्रयास किया गया। संगठन से जुड़ने के लिए डिजिटल माध्यम से सदस्यता शुल्क मात्र 75 तय किया गया है।अध्यक्ष पद के लिए सामान्य वर्ग के उम्मीदवारों का नामांकन शुल्क 20,000 है, जबकि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, ओबीसी और महिलाओं के लिए यह 10,000 है।प्रदेश अध्यक्ष, जिलाध्यक्ष, विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष, महासचिव और सचिव पद के लिए चुनाव हो रहे हैं।बैठक में मुंगेर जिला कांग्रेस के ओबीसी अध्यक्ष राकेश कुमार मंडल ने कहा कि उन्होंने युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया और कहा कि युवा कांग्रेस युवाओं को नेतृत्व का अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। बैठक में वरिष्ठ कांग्रेसी एवं पूर्व लोकसभा महासचिव संजय पोद्दार, युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव रोहित मणिभूषण,पियूष कुमार,रवि कुमार,मो नाजिर , मो राविद इफ्तिखार सहित कई कांग्रेसी मौजूद थे।

## पेंशनधारियों का केवाईसी समय पर कराना सुनिश्चित करें : बीडीओ

**जमालपुर (मुंगेर)।** प्रखंड कार्यालय में बीडीओ ड प्रभात रंजन की अध्यक्षता में विकास मित्रों की एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक में बीडीओ ने उपस्थित विकास मित्रों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के सभी प्रकार के पेंशनधारियों का केवाईसी कराना अनिवार्य है।उन्होंने कहा कि निर्धारित समय सीमा के भीतर सभी पेंशनधारियों का केवाईसी कार्य पूरा किया जाए, ताकि लाभुकों को पेंशन राशि का समय पर भुगतान सुनिश्चित हो सके। बीडीओ ने विकास मित्रों को इस महत्वपूर्ण कार्य में तेजी लाने तथा अधिक से अधिक पेंशनधारियों को जागरूक कर केवाईसी प्रक्रिया पूर्ण कराने का निर्देश दिया।बैठक में विभिन्न पंचायतों के विकास मित्रों के अलावा प्रखंड कार्यालय के कर्मचारी भी उपस्थित थे।



बैठक करते बीडीओ।

## बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था पर पुलिस की पैनी नजर

### थानाध्यक्ष ने किया शहर के विभिन्न बैंक का औचक निरीक्षण

**जमालपुर(मुंगेर)।** शहर में विधि-व्यवस्था को सुदृ बनाए रखने एवं बैंकिंग संस्थानों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए जमालपुर पुलिस ने मंगलवार को विभिन्न बैंकों एवं एटीएम केंद्रों का औचक निरीक्षण थानाध्यक्ष पंकज कुमार पासवान ने किया।निरीक्षण के दौरान थानाध्यक्ष ने बैंक प्रबंधकों से सुरक्षा संबंधी तैयारियों की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने बैंक परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, इमरजेंसी अलार्म सिस्टम, सुरक्षा गार्डों की तैनाती, प्रवेश एवं निकास व्यवस्था तथा एटीएम केंद्रों की सुरक्षा का बारीकी से निरीक्षण किया। साथ ही बैंक में मौजूद ग्राहकों एवं एटीएम उपयोगकर्ताओं से बातचीत कर उनकी समस्याओं और सुरक्षा संबंधी सुझावों की जानकारी भी प्राप्त की।थानाध्यक्ष ने बैंक अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी सुरक्षा उपकरणों को हर समय क्रियाशील रखें तथा किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। उन्होंने कहा कि बैंक और एटीएम अपराधियों के निशाने पर रहते हैं, इसलिए सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान एचडीएफसी बैंक, यूनियन बैंक, इंडियन बैंक एवं यूको बैंक सहित कई बैंक शाखाओं का निरीक्षण किया गया। पुलिस की इस कार्रवाई से बैंक कर्मियों एवं ग्राहकों में सुरक्षा का एहसास बढ़ा है। जमालपुर पुलिस ने स्पष्ट किया कि शहर में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए इस प्रकार का निरीक्षण अभियान आगे भी जारी रहेगा।



बैंक का जायजा लेते थानाध्यक्ष।

## प्रशिक्षु महिला पुलिसकर्मियों के भोजन मद में गबन का आरोप

### आरोपित व्यक्ति घर एवं मोबाइल बंद हो गए हैं फरार

### पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जमालपुर थाना में दर्ज हुई प्राथमिकी

**जमालपुर (मुंगेर)।** बीएसएपी-9 जमालपुर में प्रशिक्षु महिला पुलिसकर्मियों के भोजन मद में लाखों रुपये की कथित वित्तीय अनियमितता का मामला सामने आया है। इस संबंध में जीविका महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड, कल्याणपुर की अध्यक्ष फूल कुमारी ने पुलिस अधीक्षक मुंगेर को आवेदन देकर मामले की निष्पक्ष जांच कराने तथा दोषियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की है। जमालपुर थाना में दर्ज हुए प्राथमिक में फूल कुमारी ने बताया गया है कि वर्ष 2025 में बीएसएपी-9 जमालपुर में महिला प्रशिक्षुओं के भोजन की व्यवस्था जीविका से संबद्ध संस्था के माध्यम से की गई थी। भोजन वितरण एवं प्रबंधन की जिम्मेदारी अमन कुमार को सौंपी गई थी। आरोप है कि प्रशिक्षुओं के भोजन मद की राशि बैंक खाते में प्राप्त होने के बावजूद उसके खर्च का पूरा एवं स्पष्ट हिसाब नहीं दिया गया।शिकायतकर्ता के अनुसार बैंक खाते में लगभग 4067 लाख रुपये की राशि प्राप्त हुई थी, जबकि करीब 2550 लाख रुपये ही खर्च दर्शाया गया। शेष राशि के संबंध में कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई है। आरोप लगाया गया है कि लाखों रुपये का गबन कर राशि का दुरुपयोग किया गया।आवेदन में यह भी उल्लेख किया गया है कि आरोपित व्यक्ति वर्तमान में अपने घर से फरार है तथा उसका मोबाइल फोन भी बंद है। शिकायतकर्ता ने आशंका जताई है कि वह जांच और कानूनी कार्रवाई से बचने का प्रयास कर रहा है।फूल कुमारी ने पुलिस अधीक्षक से मामले की गहन जांच कर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है। आवेदन के साथ बैंक खाते और वित्तीय लेन-देन से संबंधित दस्तावेज भी संलग्न किए गए हैं।हालांकि, समाचार लिखे जाने तक आरोपित पक्ष की ओर से कोई प्रतिक्रिया प्राप्त नहीं हो सकी है। इधर पुलिस अधीक्षक के निर्देश के बाद जमालपुर थाना में प्राथमिक की दर्ज कर थानाध्यक्ष पंकज कुमार पासवान मामले की वास्तविक स्थिति जांच के बाद ही स्पष्ट होने की बात कही है।

# आरपीएफ ने बरामद मोबाइल उसके वास्तविक मालिक को सौंपा

**जमालपुर(मुंगेर) (एनएसबी)।** आरपीएफ पोस्ट जमालपुर ने साइबर सेल हावड़ा एवं सीईआईआर पोर्टल के सहयोग से बरामद एक मोबाइल फोन को उसके वास्तविक मालिक को सौंपकर ईमानदारी और तत्परता का परिचय दिया।जानकारी के अनुसार, सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से प्राप्त सूचना के आधार पर आरपीएफ पोस्ट जमालपुर में जमा एक ओप्पो कंपनी का मोबाइल फोन बरामद किया गया था। इस संबंध में मध्य प्रदेश के नीमच निवासी फिरोज खान ने आरपीएफ पोस्ट जमालपुर पहुंचकर मोबाइल पर अपना दावा प्रस्तुत किया।आरपीएफ द्वारा सीईआईआर पोर्टल पर उपलब्ध विवरण एवं संबंधित दस्तावेजों का सत्यापन किया गया। जांच के दौरान फिरोज खान को मोबाइल का वास्तविक मालिक पाया गया। बरामद ओप्पो कंपनी का गोल्डन रंग का मोबाइल फोन सुरक्षित एवं कार्यशील अवस्था में मिला,जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 14 हजार रुपये बताई गई है।सभी आवश्यक कानूनी एवं विभागीय औपचारिकताएं पूरी करने के बाद मोबाइल फोन को विधिवत रसीद प्राप्त कर उसके मालिक फिरोज खान को सौंप दिया गया। मोबाइल वापस मिलने पर फिरोज खान ने खुशी व्यक्त करते हुए आरपीएफ जमालपुर के प्रति आभार जताया तथा मोबाइल की बरामगी और वापसी में किए गए प्रयासों की सराहना की। आरपीएफ इंस्पेक्टर सुजीत कुमार यादव एवं सब इंस्पेक्टर जेआर मीणा ने बताया कि यात्रियों एवं आम नागरिकों के खोए हुए मोबाइल फोन की बरामी और उन्हें उनके वास्तविक मालिकों तक पहुंचाने के लिए सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से लगातार कार्रवाई की जा रही है।



वास्तविक मालिक को मोबाइल देते आरपीएफ।

## संक्षिप्त खबरें

### ऑनलाइन साइबर ठगी का शिकार हुए सेवानिवृत्ति रेलकर्मी खाते से उड़ाये करीब 4,850 रुपये

**जमालपुर(मुंगेर)।** अनलाइन डक्टर का नंबर खोजने के दौरान जमालपुर निवासी एक युवक साइबर ठगी का शिकार हो गया। ठगों ने विभिन्न ट्रांजेक्शन के माध्यम से उसके बैंक खाते से करीब 4,850 रुपये की निकासी कर ली। मामले को लेकर पीड़ित ने राष्ट्रीय साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराई है।प्राप्त जानकारी के अनुसार जमालपुर थाना क्षेत्र के फुलका गांव निवासी सेवानिवृत्ति रेलकर्मी।अनिल कुमार यादव ने बताया कि 21 जून 2026 को पूर्वाह्न लगभग 1 बजे वह गूगल पर डक्टर का मोबाइल नंबर खोज रहे थे। इसी दौरान उन्हें गूगल पर प्रदर्शित मोबाइल नंबर 7439344036 मिला। उक्त नंबर पर संपर्क करने के बाद साइबर अपराधियों ने विभिन्न तरीकों से उनके एसबीआई खाते से कई बार में राशि की निकासी कर ली।पीड़ित के अनुसार उनके एसबीआई खाते संख्या 10907787822 से अलग-अलग ट्रांजेक्शन के माध्यम से 500 रुपये, 499 रुपये, 498 रुपये, 49699 रुपये, 49599 रुपये, 495 रुपये, 49375 रुपये, 49299 रुपये, 44999 रुपये तथा 42016 रुपये की निकासी यूपीआई के जरिए कर ली गई। जब उन्हें खाते से लगातार राशि कटने की जानकारी मिली तो उन्होंने तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराई।साइबर हेल्पलाइन द्वारा उन्हें शिकायत संख्या 30506260077774 प्रदान की गई है। इसके बाद पीड़ित ने संबंधित अधिकारियों को आवेदन देकर मामले की जांच तथा निकाली गई राशि की वापसी की मांग की है।अनिल कुमार यादव ने प्रशासन से दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने तथा आम लोगों को इस प्रकार की अनलाइन ठगी से बचाने के लिए जागरूकता अभियान चलाने की मांग की है। वहीं थानाध्यक्ष पंकज कुमार पासवान ने कार्रवाई करते हुए लोगों से अपील की है कि गूगल पर उपलब्ध किसी भी नंबर की सत्यता जांचे बिना भुगतान संबंधी जानकारी साझा न करें तथा संदिग्ध गतिविधि होने पर तुरंत 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं।



साइबर ठगी का शिकार सेवानिवृत्ति रेलकर्मी।

### अज्ञात ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** जिले के फतुहा थाना क्षेत्र के अंतर्गत महारानी चौक के समीप मंगलवार की देर रात एक भीषण सड़क हादसा सामने आया है। यहाँ एक बेलगाम अज्ञात ट्रक ने मोटरसाइकिल सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसने बाद में इलाज के लिए ले जाने के दौरान रास्ते में ही दम तोड़ दिया। मृतक की पहचान फतुहा थाना क्षेत्र के मिर्जापुर नोहटा निवासी नरेश यादव के 40 वर्षीय पुत्र राजेश कुमार के रूप में की गई है। इस घटना के बाद से मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है। ग्रामीणों के अनुसार, राजेश कुमार मंगलवार की देर रात सोनारू स्थित अपने धर्मकांटा से काम निपटाकर बाइक पर सवार होकर वापस अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान महारानी चौक के पास सड़क से गुजर रहे एक तेज रफ्तार बेलगाम ट्रक ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि राजेश सड़क पर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से जख्मी हो गए। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से आनन-फानन में उन्हें इलाज के लिए फतुहा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। यहाँ प्राथमिक उपचार के बाद डक्टरों ने उनकी नाजुक हालत को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए तुरंत पटना रेफर कर दिया। हालांकि, पटना ले जाने के क्रम में बीच रास्ते में ही राजेश ने दम तोड़ दिया। रात अधिक होने के कारण परिजन शव को वापस अपने घर ले आए। बुधवार की सुबह सूचना मिलते ही फतुहा थाना पुलिस मौके पर पहुँची और कानूनी प्रक्रिया शुरू की। पुलिस ने आवश्यक कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए नालंदा मेडिकल कलेज भेज दिया। मामले के संदर्भ में फतुहा थाना अध्यक्ष श्रीमंत सुमन ने बताया कि पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। घटना को अंजाम देकर फरार हुए अज्ञात वाहन और उसके चालक की पहचान के लिए पुलिस छानबीन कर रही है।

### सोनपुर-मुजफ्फरपुर रेलखंड का मंडल रेल प्रबंधक ने किया निरीक्षण

**सोनपुर (एनएसबी)।** यात्रियों को सुरक्षित, स्वच्छ एवं बेहतर रेल सुविधाएँ उपलब्ध कराने तथा रेलवे की परिचालन एवं संरक्षा व्यवस्थाओं को और सुदृ बनाने के उद्देश्य से पूर्व मध्य रेल, सोनपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री अमित सरन द्वारा मंडल के शाखा अधिकारियों के साथ सराय, भगवानपुर एवं रामदयालु नगर स्टेशन तथा सोनपुर - मुजफ्फरपुर रेलखंड का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सराय स्टेशन परिसर स्थित गुड्स लाइन का विस्तृत निरीक्षण किया गया। माल ढुलाई गतिविधियों, व्यापारियों के आवागमन हेतु उपलब्ध सुविधाओं, मर्चेंट रूम, स्टेशन परिसर की साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था तथा संरक्षा मानकों की समीक्षा किया गया। मंडल रेल प्रबंधक ने संबंधित अधिकारियों को माल ढुलाई कार्यों के सुचारु संचालन एवं रेलवे परिसंपत्तियों के बेहतर रखरखाव हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके उपरांत भगवानपुर स्टेशन का निरीक्षण किया गया, जहां स्टेशन परिसर की स्वच्छता, यात्री सुविधाओं, एफओएसएस व्यवस्था एवं स्टेशन मास्टर पैनल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उपलब्ध सुविधाओं एवं परिचालन व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्धारित मानकों के अनुरूप कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के क्रम में रामदयालु नगर स्टेशन परिसर, स्टेशन मास्टर पैनल एवं अन्य परिचालन व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया गया। साथ ही मंडल रेल प्रबंधक द्वारा सोनपुर रामदयालु नगर रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण कर रेल पथ, सिग्नल एवं दूरसंचार प्रणाली, संरक्षा मानकों तथा परिचालन दक्षता का जायजा लिया गया। मंडल रेल प्रबंधक श्री अमित सरन ने निरीक्षण के दौरान संरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने, स्टेशन परिसरों की स्वच्छता बनाए रखने, यात्री सुविधाओं में निरंतर सुधार करने तथा रेलवे के सुरक्षित एवं समयबद्ध संचालन को सुनिश्चित करने पर बल दिये। उन्होंने अधिकारियों को यात्रियों की अपेक्षाओं के अनुरूप उच्च गुणवत्ता वाली सेवाएं प्रदान करने तथा रेलवे की कार्यक्षमता को और बेहतर बनाने हेतु आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए।ओसोनपुर मंडल यात्रियों को सुरक्षित, आरामदायक एवं गुणवत्तापूर्ण रेल सेवाएं उपलब्ध कराने तथा रेलवे की परिचालन उत्कृष्टता बनाए रखने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है।



मंडल रेल प्रबंधक सहित अन्य।

### सोनपुर मंडल ने यात्री सुविधाओं एवं रेल राजस्व वृद्धि की दिशा में हासिल की महत्वपूर्ण उपलब्धि

**सोनपुर (एनएसबी)।** पूर्व मध्य रेल के सोनपुर मंडल के वाणिज्य विभाग द्वारा यात्रियों को बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर वाणिज्यिक इकाइयों का सफल आवंटन किया गया है। यह पहल यात्रियों की सुविधा, स्टेशन विकास तथा रेलवे की आय में वृद्धि की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।इसी क्रम में सोनपुर मंडल के 'बेगूसराय स्टेशन' पर वाटर वेंडिंग मशीन का सफल आवंटन किया गया है।इस सुविधा के माध्यम से यात्रियों को स्वच्छ एवं किफायती पेयजल उपलब्ध होगा। इस आवंटन से रेलवे को प्रतिवर्ष ₹ '8,64,999/-' तथा पाँच वर्षों की अवधि में कुल ₹ '43,24,995' ₹- का राजस्व प्राप्त होगा। इसके अतिरिक्त'खगड़िया' स्टेशन पर भी वाटर वेंडिंग मशीन का सफल आवंटन किया गया है। इससे यात्रियों को गुणवत्तापूर्ण पेयजल सुविधा उपलब्ध होगी तथा रेलवे को प्रतिवर्ष ₹ '2,55,555/-' एवं पाँच वर्षों में कुल ₹ '12,77,775/-' का राजस्व प्राप्त होगा। वहीं 'विद्यापतिधाम' स्टेशन पर मल्टी पर्पस स्टल का सफल आवंटन किया गया है। यह स्टल यात्रियों को दैनिक उपयोग की आवश्यक वस्तुएँ एवं अन्य सुविधाएँ उपलब्ध कराएगा। इस आवंटन से रेलवे को प्रतिवर्ष ₹ '1,21,111' ₹- तथा पाँच वर्षों की अवधि में कुल ₹ '6,29,777' ₹- का राजस्व प्राप्त होगा। उपरोक्त सभी निविदाओं के सफल आवंटन से सोनपुर मंडल को प्रतिवर्ष कुल ₹ '12,41,665' ₹- तथा पाँच वर्षों में कुल ₹ '62,32,547/-' का अतिरिक्त राजस्व प्राप्त होगा। यह उपलब्धि रेलवे परिसंपत्तियों के प्रभावी उपयोग, यात्री सुविधाओं के विस्तार तथा राजस्व सृजन के प्रति मंडल प्रशासन की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।सोनपुर मंडल निरंतर ऐसे प्रयास कर रहा है जिनसे यात्रियों को बेहतर सेवाएँ उपलब्ध हों, स्टेशनों का समग्र विकास हो तथा रेलवे की आय में सतत वृद्धि सुनिश्चित की जा सके।

# भरत तिवारी को श्रद्धांजलि देने कई राज्यों से पहुंचे लोग

## महापंचायत में भरत के परिजनों को न्याय दिलाने की उठी पुरजोर मांग

**दैनिक नवसंदेश**

**शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)।** भरत तिवारी को श्रद्धांजलि देने एवं उनके परिजनों को न्याय दिलाने की मांग को लेकर बुधवार को बिलौटी गांव में आयोजित महापंचायत में भारी भीड़ उमड़ पड़ी। भीषण गर्मी और प्रचंड धूप के बावजूद हजारों लोग महापंचायत स्थल पर पहुंचे और भरत तिवारी को श्रद्धांजलि अर्पित की।



भरत भूषण तिवारी का फाइल फोटो।

कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं जातीय संगठनों के प्रतिनिधियों ने भरत तिवारी के परिजनों को न्याय दिलाने की मांग दोहराई। महापंचायत में करणी सेना, गोरक्षा दल, हिंदू महासभा, परशुराम सभा, ब्राह्मण सभा सहित अनेक संगठनों के कार्यकर्ता शामिल हुए। साथ ही विभिन्न राजनीतिक दलों के लोग भी दलगत राजनीति से ऊपर उठकर कार्यक्रम में शामिल हुए। महापंचायत में उत्तर प्रदेश, झारखंड, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल, तेलंगाना, दिल्ली तथा बिहार के विभिन्न जिलों से काफी लोग पहुंचे। अधिक संख्या 15 से 25 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं की रही। सम्बोधित करने वाले में बक्सर के पूर्व विधायक मुन्ना तिवारी, डॉ. विजय गुप्ता, गोलू ओझा, राजद नेता हीरालाल ओझा, श्यामनंदन ओझा, मुखिया बलिराम यादव, श्रीधर तिवारी, नंद कुमार ओझा, उतम पटेल, सौरभ सिंह, ललन यादव तथा मानवाधिकार से जुड़े चंदन ओझा सहित कई लोगों ने संबोधित करते हुए भरत तिवारी व उनके पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की बातें कहीं। वक्ताओं ने जगदीशपुर एसडीएम संजीत कुमार पर भी प्राथमिकी दर्ज कर करवाई करने की मांग की। कार्यक्रम में मौजूद मुक्तेश्वर मिश्र, उमेश चंद्र पांडेय, सुनील मिश्रा एवं विजय शंकर पाठक ने कहा कि भरत तिवारी जैसे लोग बिरले होते हैं, जो समाज के लिए अपना जीवन समर्पित कर देते हैं। महापंचायत को लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। आयोजन समिति के पंकज त्रिपाठी, अंजनी तिवारी, राजू ओझा, दीपक तिवारी, मनोज ठाकुर की ओर से श्रद्धांजलि सभा में आवश्यक व्यवस्था की गई थी।

महापंचायत में वक्ताओं ने कहा कि भरत तिवारी ने जवइनिया गांव के कटाव पीड़ित परिवारों की समस्याओं और उनके पुनर्वास स्थल पर बुनियादी सुविधाओं की मांग को लेकर लगातार आवाज उठाई थी। महापंचायत में शामिल लोगों ने मांग की कि जिस स्थान पर जवइनिया गांव के कटाव पीड़ितों का पुनर्वास किया जा रहा है। उस मोहल्ले का नाम भरत तिवारी के नाम पर रखा जाए। इससे उनके सामाजिक संघर्ष और जनसेवा की भावना को स्थायी पहचान मिलेगी। लोगों का कहना था कि कटाव पीड़ितों के अधिकारों के लिए आवाज उठाने वाले भरत तिवारी के सम्मान में यह सबसे बड़ी और सच्ची श्रद्धांजलि होगी। महापंचायत ने प्रशासन से पुनर्वास कॉलोनी का नाम भरत तिवारी नगर रखने की अपील भी की।

### विधायक और पूर्व विधायक की गैरमौजूदगी बनी चर्चा का विषय

**शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)।** महापंचायत में स्थानीय विधायक राकेश रंजन ओझा तथा पूर्व विधायक राहुल तिवारी की अनुपस्थिति चर्चा का विषय बनी रही। महापंचायत में दूर-दराज के जिलों व विभिन्न राज्यों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे लेकिन क्षेत्र के दोनों प्रमुख राजनीतिक चेहरों के कार्यक्रम में नहीं पहुंचने को लेकर लोगों के बीच दिनभर चर्चाओं का दौर चलता रहा।

### एसडीपीओ राजेश शर्मा हटाये गये, पंकज मिश्रा को कमान

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** बहुचर्चित बिलौटी एनकाउंटर मामले में सरकार ने बड़ा एक्शन लिया है। सरकार ने इस मामले में हत्या के नामजद आरोपी बनाए गए जगदीशपुर के एसडीपीओ राजेश कुमार शर्मा को हटा दिया है। उनकी जगह पर पंकज कुमार मिश्रा को जगदीशपुर एसडीपीओ की जिम्मेवारी सौंपी गई है।

## न्याय नहीं मिला तो मुख्यमंत्री आवास का घेराव



**शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)।** बिलौटी गांव में आयोजित महापंचायत में प्रशांत किशोर ने भरत भूषण तिवारी मामले की जांच को लेकर सरकार और प्रशासन पर सवाल उठाए। प्रशांत किशोर ने कहा कि यदि भरत तिवारी को वास्तविक न्याय दिलाना है तो मामले की जांच किसी रिटायर जज नहीं, बल्कि सिटिंग जज की निगरानी में कराई जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि न्यायिक जांच तभी निष्पक्ष मानी जाएगी जब इसके दायरे में गृह मंत्री, डीजीपी समेत मामले से जुड़े सभी जिम्मेदार अधिकारियों और व्यक्तियों को शामिल किया जाए। महापंचायत में कहा गया कि केवल संबंधित दरोगा और डीएसपी को निलंबित कर देने से न्याय नहीं मिल जाता। जनता को न्याय होता हुआ दिखाई भी देना चाहिए। लोगों ने मांग की कि 15 दिनों के भीतर न्यायिक जांच की घोषणा की जाए, अन्यथा आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा। उन्होंने ने चेतावनी दी कि यदि निर्धारित समय सीमा के भीतर सरकार ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया तो आंदोलनकारी पटना कूच करेंगे और वहां प्रदर्शन कर सरकार का घेराव करेंगे। उन्होंने कहा कि भरत भूषण तिवारी और उनके परिवार को न्याय दिलाने के लिए संघर्ष जारी रहेगा तथा जरूरत पड़ने पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के आवास का भी घेराव किया जाएगा।

### न्याय मिलने तक जारी रहेगा आंदोलन : वीर प्रताप



**शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)।** बिलौटी गांव में पुलिस मुठभेड़ में मारे गए भरत भूषण तिवारी को श्रद्धांजलि देने एवं न्याय की मांग को लेकर आयोजित महापंचायत में करणी सेना के प्रमुख वीर प्रताप सिंह (बीरू सिंह) पहुंचे। इस दौरान उन्होंने भरत तिवारी के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी तथा न्याय मिलने तक संघर्ष जारी रखने का भरोसा दिया। महापंचायत को संबोधित करते हुए वीर प्रताप सिंह ने कहा कि भरत तिवारी के परिवार को जल्द से जल्द न्याय मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि पीड़ित परिवार को न्याय नहीं मिला तो देशभर से समाज के लोग एकजुट होकर आंदोलन को और व्यापक बनाएंगे। उन्होंने कहा कि किसी भी निर्दोष व्यक्ति के साथ अन्याय स्वीकार नहीं किया जाएगा तथा दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भरत तिवारी के माता-पिता जिस पीड़ा से गुजर रहे हैं, उसे देखकर पूरा समाज व्यथित है। उन्होंने सरकार और प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की।

## संक्षिप्त खबरें

### करंट से पोल्ट्री फॉर्म संचालक की मौत

**आरा/जगदीषपुर (दैनिक नवसंदेश)।** जगदीशपुर थाना के परसिया गांव में मंगलवार की देर रात विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आने से पोल्ट्री फार्म संचालक की मौत हो गई। मृतक जगदीशपुर थाना क्षेत्र के परसिया गांव निवासी धरीक्षण गोड़ के 42 वर्षीय पुत्र टेंगारी गोड़ है। वह मुर्गी फार्म संचालक थे।

### सड़क हादसे में जख्मी समाजसेवी की मौत

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** दो माह पूर्व सड़क हादसे में जख्मी समाजसेवी की मौत हो गई। इलाज के दौरान पटना के आईजीएमएस में मंगलवार की देर रात उन्होंने दम तोड़ दिया। मृतक पीरो थाना क्षेत्र के रसौली गांव निवासी राज किशोर सिंह के 48 वर्षीय पुत्र भूपेंद्र कुमार निकुंभ उर्फ बबलू सिंह है। वह समाजसेवी सह किसान थे। 1 मई को वे बाइक द्वारा पीरो से घर लौट रहे थे। इसी क्रम में वे नोनार मोड़ के समीप बाइक खड़ी कर सड़क किनारे खड़े थे। तभी अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी थी। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे।

### छापेमारी में अवैध हथियार और कारतूस बरामद

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** बहोरनपुर पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र के बरसिंघा डेरा गांव में छापेमारी कर एक देशी कट्टा एवं तीन जिंदा कारतूस बरामद किया है। हालांकि आरोपी मौके से फरार हो गया। फरार आरोपी बहोरनपुर थाना क्षेत्र के बरसिंघा डेरा गांव निवासी दीपक गोंड़ है। इसकी जानकारी पुलिस अधीक्षक राज ने प्रेस नोट जारी कर दी।

### बाइक चोर गिरोह के तीन शातिर धराए, तीन बाइक बरामद

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** टाउन थाना पुलिस द्वारा चोरी गयी बाइक के साथ चोर गिरोह के तीन सदस्यों को गिरतार किया गया। उनकी गिरफ्तारी बड़हरा थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांव से की गयी। उनके पास से चोरी की तीन बाइक बरामद हुई। गिरफ्तार चोरों में बड़हरा थाना क्षेत्र के नेकनाम टोला गांव निवासी श्रवण कुमार, राजेंद्र कुमार एवं उसी थाना क्षेत्र के लाला के टोला निवासी टुन्नू कुमार शामिल हैं। इसकी जानकारी पुलिस अधीक्षक राज ने बुधवार को प्रेस नोट जारी कर दी।

### झूलन छपरा में श्री हनुमान प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का कल से

**जलालपुर (सारण) (दैनिक नवसंदेश)।** जलालपुर प्रखंड अंतर्गत किशनपुर पंचायत के जदू ब्रह्म स्थान, झूलन छपरा में श्री हनुमान प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का भव्य आयोजन 26 जून से 2 जुलाई तक किया जाएगा। इस धार्मिक अनुष्ठान को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल है तथा ग्रामीणों द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। महायज्ञ के अंतर्गत विभिन्न वैदिक एवं धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम की शुरुआत 26 जून को जल यात्रा एवं विधि-निर्माण से होगी। 27 जून को पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश एवं अरणी मंथन, 28 एवं 29 जून को नित्य पूजन एवं अधिवास, 30 जून को महाान एवं भगवान की नगर परिक्रमा, 1 जुलाई को अचल प्रतिष्ठा, भगवान का कीर्तन एवं विशेष पूजन तथा 2 जुलाई को पूर्णाहुति एवं विशाल भंडारे के साथ महायज्ञ का समापन होगा। महायज्ञ में संत श्री श्री 108 श्री दामोदर दास जी महाराज की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। वहीं संगीतमय प्रवचन का रसपान श्रद्धालुओं को प्रिया प्रियदर्शनी द्वारा कराया जाएगा। यज्ञाचार्य के रूप में विद्वान पंडित मधुसूदन दुबे वैदिक मंत्रोच्चार के साथ समस्त धार्मिक अनुष्ठानों का संचालन करेंगे। आयोजन समिति एवं ग्रामीणों ने क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्म लाभ प्राप्त करने और महायज्ञ को सफल बनाने की अपील की है। इस अवसर पर अयोध्या से पधारे केशव जी, मुखिया तारकेश्वर सिंह, अवधेश सिंह, बच्चा सिंह, टुनटुन सिंह, सीताराम सिंह, बंटी सिंह, कुंदन सिंह, कूड़ेदर सिंह, राजेश तिवारी, वरिष्ठ नागेंद्र भाई, तीर्थराज शर्मा, संजय कुमार, अमित शाह, धर्मवीर प्रसाद सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। ग्रामीणों का कहना है कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों से समाज में आपसी भाईचारा, आध्यात्मिक चेतना एवं सांस्तिक मूल्यों को बढ़ावा मिलता है

### 24 घंटे में सारण पुलिस ने 45 अभियुक्तों को दबोचा

**छपरा सदर (दैनिक नवसंदेश)।** सारण के एसएसस पी विनीत कुमार के निर्देश के आलोक में असामाजिक तत्वों, अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी एवं शराब के सेवन, बिक्री, भंडारण, निर्माण तथा परिवहन आदि पर पूर्ण रूप से पाबंदी लगाने तथा देशी शराब भट्टी ध्वस्त करने हेतु दिए गए निर्देश के तहत 23 जून को विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान में कुल 45 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों में शराब सेवन में 10, शराब कारोबार में 12, वारंट में 4, हत्या के प्रयास में 7, खनन में 3, चोरी में 3, आर्म्स एक्ट में 1 तथा अपहरण मामले के 5 अभियुक्त शामिल हैं। साथ ही जिले में अपराध नियंत्रण एवं यातायात सुरक्षा के दृष्टिकोण से कुल 44 वाहनों से 80,800 रुपए जुर्माना राशि वसूली गई। जिला अंतर्गत विदेशी एवं देशी शराब मिलाकर कुल शराब-682 लीटर, बुलेट मोटर साइकिल 1, सीएनजी टेम्पू-1, टेम्पू-1, कार-1 मोटरसाईकिल-2, बेलोरो-1 एवं ट्रैक्टर-2 बरामद किए गए।

### भगवान शिव को प्रिय श्रावण मास से पूर्व श्री ढोढनाथ धाम को शिव शक्ति सर्किट में शामिल करने की मांग हुई तेज

**एकमा/लहलादपुर (सारण) (दैनिक नवसंदेश)।** भगवान शिव को प्रिय श्रावण मास के आगमन से पहले सारण जिले के एकमा विधानसभा क्षेत्र में प्रसिद्ध श्री ढोढनाथ धाम मंदिर को बिहार सरकार की प्रस्तावित शिव शक्ति सर्किट योजना में शामिल कर विकसित करने की मांग जोर पकड़ने लगी है। एकमा विधान सभा के लहलादपुर प्रखंड के जनता बाजार स्थित यह प्राचीन शिवधाम उत्तर बिहार में विशेष धार्मिक महत्व रखता है और श्रद्धालुओं के बीच द्वितीय काशी नगरी के नाम से प्रसिद्ध है। बिहार अभ्युदय संघ (बिहारवाद) के सदस्यों ने सहयोग पोर्टल के माध्यम से बिहार सरकार को आवेदन भेजकर ढोढनाथ धाम को शिव शक्ति सर्किट में शामिल करने तथा इसे आधुनिक धार्मिक पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की मांग की है। संगठन के पदाधिकारियों के अनुसार श्री ढोढनाथ धाम राज्य एवं जिला प्रशासन द्वारा अधिसूचित पर्यटन स्थल है तथा इसका ऐतिहासिक और पुरातात्विक महत्व भी है। मंदिर परिसर में उत्तर बिहार का सबसे बड़ा शिवलिंग स्थापित है, जहां प्रत्येक माह की त्रयोदशी को बड़ी संख्या में श्रद्धालु जलाभिषेक के लिए पहुंचते हैं। सावन माह में लगने वाले एक माह लंबे मेले में बिहार के अलावा नेपाल, झारखंड व पश्चिम बंगाल से भी हजारों श्रद्धालु यहां दर्शन-पूजन के लिए आते हैं। एकमा प्रखंड के फुचटी कला पंचके तवकली गांव निवासी व बिहार अभ्युदय संघ (बिहारवाद) के सदस्य एवं यूथ वयस सूर्या सूर्यकांत ने कहा कि बिहार की धार्मिक और सांस्तिक विरासत को राष्ट्रीय पहचान दिलाने के लिए ढोढनाथ धाम जैसे महत्वपूर्ण तीर्थ स्थलों का समुचित विकास आवश्यक है।




भरत तिवारी के फर्जी एनकाउंटर के विरुद्ध भोजपुरिया जन मोर्चा के नेतृत्व में माधोपुर से लालू डेरा तक निकाला गया कैंडल मार्च।

## फर्जी इनकउंटर के विरुद्ध कैंडल मार्च

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** भोजपुरिया जन मोर्चा के नेतृत्व में भरत तिवारी के फर्जी एनकउंटर विरुद्ध माधोपुर से लालू डेरा तक कैडिल मार्च निकाला गया, जिसमे फर्जी पुलिसिया इनकउंटर के विरुद्ध खूब नारे लगाय गए। राष्ट्रीय अध्यक्ष भरत सिंह सहयोगी ने कहा कि जब तक दोषी पुलिस पदाधिकारियों पर मुकदमा दर्ज नहीं हो जाता हम लोगो का आंदोलन जारी रहेगा। राष्ट्रीय प्रवक्ता गोरखनाथ अकेला ने कहा कि भरत तिवारी के लाइव वीडिओ से पता चलता है कि वे क्रान्तिकारी स्वभाव के थे। आजाद भारत के कार्यपालिका के भ्रश्ट सिस्टम से समाज को मुक्ति दिलाने के लिए लगातार प्रयास कर रहे थे। मौके पर बिनोद सिंह, जगदीशपुर अनुमडल अध्यक्ष उमेश सिंह, महिला नेत्री सीता देवी, ने भी घटना को फर्जी मुठभेड़ बताया एवं न्यायिक जांच की मांग किये।

## शहरी व ग्रामीण गरीबों को ग्राम जी कानून के तहत काम की मांग

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** भाकपा माले, शहरी गरीब मोर्चा तथा खेग्रामस के बैनर तले आज आरा प्रखंड मुख्यालय पर धरना दिया गया। यह धरना रोजी रोटी से जूझ रहे शहरी व ग्रामीण गरीबों-महिलाओं के लिए ग्रामजीरामजी कानून के तहत तत्काल रोजगार का प्रबंध करने, आरा शहर सहित पूरे बिहार के गरीबों के घरों पर चल रहे बुलडोजर पर रोक लगाने, बिना वैकल्पिक व्यवस्था के गरीबों को उजाड़ने पर रोक लगाने, बिहार में अकुशल मजदूरों के लिए न्यूनतम मजदूरी की दर 700 रुपया करने की मांग, जन वितरण प्रणाली में व्याप्त भ्रष्टाचार पर रोक लगाने, वृद्धा पेंशन व सामाजिक सुरक्षा पेंशन प्रति माह 3000 रुपए करने की मांग के समर्थन में आयोजित था। संचालन रौशन कुशवाहा ने किया। इंसाफ मंच के राज्य सचिव क्यामुद्दीन अंसारी ने कहा कि भाजपा सरकार गरीब विरोधी है। यही वजह है कि भाजपा सरकार में लगातार गरीब गुरबों के घरों, झोंपड़ियों पर बुलडोजर चल रहा है। विजय ओझा ने कहा कि इस बढ़ती मंहगाई में गरीब भूखों मर रहे हैं। ऐसी भयावह स्थिति में बिहार सरकार को रोजी रोटी का प्रबंध करना चाहिए। खेग्रामस नेता कामता प्रसाद बिन्द, हरिशंकर साह, पंचायत समिति सदस्य जनार्दन गोंड, किसान नेता हरेराम सिंह,ऐक्टू नेता बालमुकुंद चौधरी, अशोक कुमार सिंह,संत विलास राम, युवा नेता धनोज यादव, रणधीर राणा, छात्र नेता विकास कुमार, अवरोधन देवी और बबीता देवी ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

## बारह चक्का ट्रक से आठ लाख की शराब जब्त

**आरा/कोईलवरा (दैनिक नवसंदेश)।** जिलाधिकारी के निदेष पर मद्य निषेध एवं उत्पाद विभाग को अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में बड़ी सफलता मिली है। टीम ने एक बारह चक्का ट्रक से भारी मात्रा में अवैध विदेशी शराब बरामद की है। मामले में ट्रक चालक को गिरफ्तार कर न्यायिक प्रक्रिया के लिए न्यायालय भेज दिया गया है। जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया के निर्देश पर जिले में अवैध शराब के विरुद्ध लगातार छापेमारी एवं वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है।

सहायक आयुक्त मद्यनिषेध रजनीश को सूचना मिली कि उत्तर प्रदेश की ओर से एक ट्रक के माध्यम से भारी मात्रा में विदेशी शराब पटना लाई जा रही है। सूचना के आधार पर निरीक्षक प्रकाश चंद्र के नेतृत्व में एक विशेष



उप्र से लायी जा रही थी शराब

टीम का गठन किया गया। बुधवार को बक्सर-पटना फोरलेन स्थित कायमनगर ओवरब्रिज के समीप वाहन जांच के दौरान एक बारह चक्का ट्रक को रोका गया। जांच में ट्रक के अंदर बनाए गए गुप्त तहखाने से भारी मात्रा में अवैध विदेशी शराब बरामद की गई। ट्रक पर पंजीकरण संख्या बीआर-01-जीपी-6740 अंकित थी। गिरफ्तार चालक विंध्याचल यादव, जवही दियर, थाना ब्रह्मपुर, बक्सर का निवासी है। बरामद शराब में "अफिसर्स चइस ओरिजिनल व्हिस्की" की 180 मिलीलीटर क्षमता वाली कुल 3,600 बोतलें शामिल हैं। इसकी कुल मात्रा 648 लीटर है। जब्त शराब का अनुमानित बाजार मूल्य लगभग आठ लाख रुपये बताया गया है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि शराब की खेप उत्तर प्रदेश से पटना ले जाई जा रही थी। छापेमारी दल में निरीक्षक प्रकाश चंद्र, अवर निरीक्षक शिवम कुमार झा, सहायक अवर निरीक्षक राजकुमार राजा सहित मद्यनिषेध विभाग के सिपाही, विशेष सशस्त्र पुलिस बल एवं होमगार्ड के जवान शामिल थे। श्री रजनीष ने बताया कि अवैध शराब के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगी।

## मुहर्रम को लेकर थाने में शांति समिति की बैठक आयोजित

**कोईलवर (दैनिक नवसंदेश)।** आगामी मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर कोईलवर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षता थानाध्यक्ष नरोत्तम चंद्र ने की। बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों एवं विभिन्न समुदायों के गणमान्य लोगों से मुहर्रम के दौरान आपसी भाईचारा बनाए रखने तथा प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गई। थानाध्यक्ष नरोत्तम चंद्र ने कहा कि पर्व के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और किसी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। उन्होंने बताया कि मुहर्रम जुलूस एवं अन्य



धार्मिक कार्यक्रमों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए जाएंगे। प्रशासन की ओर से संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी ताकि पर्व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके। बैठक में उपस्थित लोगों ने भी प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया तथा सौहार्दपूर्ण माहौल में मुहर्रम मनाने की प्रतिबद्धता जताई। इस अवसर पर पुलिस पदाधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं शांति समिति के सदस्य मौजूद रहे।

## प्रो. राम प्रवेश पाठक के निधन पर राजनीति विज्ञान विभाग में शोकसभा

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** काशी हिंदू विश्वविद्यालय के सामाजिक विज्ञान संकाय के संकायाध्यक्ष एवं राजनीति विज्ञान विभाग के वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो राम प्रवेश पाठक के निधन पर राजनीति विज्ञान विभाग, वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा में एक शोक सभा का आयोजन किया गया तथा



दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। वभागाध्यक्ष प्रो. कुंदन कुमार सिंह ने कहा कि प्रो पाठक ने अपने दीर्घ एवं गौरवपूर्ण शैक्षणिक जीवन में राजनीति विज्ञान के अध्ययन-अध्यापन को नई दिशा प्रदान की। उन्होंने न केवल ज्ञान के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया, बल्कि असंख्य विद्यार्थियों को वैचारिक ष्टि, सामाजिक चेतना एवं मानवीय मूल्यों से भी समृद्ध किया। शोक सभा में सहायक प्राध्यापक ड़ चिंटू, ड़ शैलजा सिंह, विनोद कुमार यादव तथा ज्योति प्रकाश, आकिब मुर्तजा, सोनू कुमार एवं सुधीर कुमार पांडेय सहित विभाग के शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## माले के पूर्व राज्य सचिव नंद किशोर प्रसाद को श्रद्धांजलि

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** भाकपा (माले) के पूर्व राज्य सचिव और लंबे समय तक पार्टी के पोलित ब्यूरो सदस्य रहे नंदकिशोर प्रसाद उर्फ जमुना जी के श्राद्धकर्म के मौके पर मंगलवार को शहर के बंधन टोला में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि सभा में सांसद, विधायक, पूर्व विधायक, पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ताओं ने उनके तैल चित्र पर पुष्प चढ़ाएं कर श्रद्धांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने कहा कि नन्द किशोर प्रसाद उर्फ जमुना जी ने अपना पूरा जीवन मेहनतकश जनता, गरीबों, किसानों और मजदूरों के हक



और अधिकारों की लड़ाई के लिए समर्पित कर दिया था। श्रद्धाजंलि अर्पित करने वाले में राज्य सचिव कुणाल, पोलित ब्यूरो सदस्य स्वदेश भट्टाचार्य, अमर जी, एमएलसी शशि यादव, सांसद सुदामा प्रसाद, विधायक अरुण सिंह, पूर्व विधायक ड़ अजीत कुशवाहा एवं शिव प्रकाश रंजन, जिला सचिव अभ्युदय, मीना तिवारी, जवाहर लाल सिंह, मनोहर, राजू यादव, मनोहर सिंह, उमेश सिंह, जिला कार्यालय सचिव दिलराज प्रीतम, राज्य कमिटी सदस्य क्यामुद्दीन अंसारी, सुधीर सिंह, दीना जी, ऐपवा नेत्री शोभा मंडल, इंदु सिंह, कलावती देवी, नीरा जी, शब्बीर कुमार डॉ. बीके प्रसाद, डॉ. बीके शुक्ला, डक़न्हैया सिंह, डॉ. जीवेश कुमार, डॉ. नवीन सिंह, डॉ. राजीव कृष्ण कुमार (पत्रकार), रजनीश कुमार, राजेश्वर लाल, अमन कुमार, सर्वेश कुमार, सौरभ कुमार, नीतीन समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## दुग्ध सहकारिता से जुड़ पशुपालक हो रहे लाभान्वित : सुमन

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** शाहाबाद दुग्ध संघ, आरा से संबद्ध भोजपुर जिला के महुआँव दुग्ध उत्पादक सहयोग समिति लि में दुग्ध उत्पादकों के बीच समारोह आयोजन कर बोनस वितरण किया गया। वर्ष 2022-23 तथा 2023-24 का दसवाँ बोनस वितरण लगभग 400 दुग्ध उत्पादक सदस्यों के बीच किया गया। मुख्य अतिथि सह शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि आरा के अध्यक्ष अजय कुमार ने कहा कि वर्तमान समय में ग्रामीण किसान एवं पशुपालकों के .षि एवं पशुपालन उत्पादों को बेहतर विपणन, नियमित बाजार एवं उचित मूल्य प्रदान करने हेतु 'सहकारिता'' मील का पत्थर है। दुग्ध सहकारिता से जुड़कर आज पूरे प्रदेश के पशुपालक लाभान्वित हो रहे हैं एवं उनके



आर्थिक एवं समाजिक उन्नयन में शाहाबाद दुग्ध संघ अपनी सक्रिय भूमिका निभा रहा है। वर्तमान में महुंव दुग्ध समिति का प्रतिदिन औसत दुग्ध संग्रहण महुआंव लगभग 1200 लीटर है तथा अन्य ग्रामीण पशुपालक भी समिति से जुड़कर लाभ लें एवं समिति के दुग्ध संग्रहण को बढ़ाकर नया कीर्तिमान स्थापित करें। विशिष्ट अतिथि सह शाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि आरा के प्रबंध निदेशक अमित कुमार सुमन ने बताया कि संघ ग्रामीण पशुपालकों से उत्पादित दुग्ध का क्रय उचित मूल्य पर करने एव दुग्ध उत्पादकों को

### 400 दुग्ध उत्पादकों के बीच वितरित किया गया बोनस

समय से दुग्ध मूल्य का भुगतान करने हेतु प्रतिबद्ध है। यहां दो वित्तीय वर्षो में किए गये दुग्ध कारोबार से पशुपालकों को इतनी बड़ी बोनस राशि का अत्यंत सराहनीय है। साथ ही बोनस प्राप्त कर दुग्ध उत्पादकों के मनोबल को भी एक नई उर्जा प्राप्त हुई है, जिससे दुग्ध समिति एवं शाहाबाद दुग्ध संघ का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित होगा। महुआँव समिति के अध्यक्ष नन्दजी सिंह द्वारा बताया गया कि दुग्ध नियमित जाँच कर संग्रहण किया जाता है। समारोह में संघ के निदेशक मंडल के सुभाष सिंह, राजगृही सिंह, सचिव जय प्रकाश सिंह एवं अन्य कर्मी तथा ग्रामीण उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### बुधन बीघा के शव दाह गृह में अज्ञात वृद्ध का शव मिलने से सनसनी

**मेहंदिया (एनएसबी)।** कलेर थाना क्षेत्र के बुधन बिगहा गांव स्थित शव दाह गृह में मंगलवार की देर रात एक वृद्ध व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर कलेर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर बुधवार को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, अरवल भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। कलेर थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि मंगलवार की देर रात ग्रामीणों ने सूचना दी थी कि शव दाह गृह में एक वृद्ध व्यक्ति मृत अवस्था में पड़ा है। पुलिस मौके पर पहुंची तो करीब 65 वर्षीय व्यक्ति मृत मिला। रात में काफी प्रयास के बावजूद उसकी पहचान नहीं हो सकी, इसलिए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। बाद में परिजनों के पहुंचने पर मृतक की पहचान मोहम्मद मंजूर अंसारी के रूप में हुई। परिजनों ने पुलिस को बताया कि वह मानसिक रूप से अस्वस्थ थे और करीब चार-पांच दिन पहले घर से लापता हो गए थे। भटकते-भटकते वह बुधन बीघा पहुंच गए। परिजनों ने आशंका जताई कि भीषण गर्मी और लू लगने के कारण उनकी मौत हुई होगी।थानाध्यक्ष ने बताया कि परिजनों का बयान दर्ज कर लिया गया है। हालांकि, पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है और मौत के वास्तविक कारण का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर लगाया जाएगा। इधर, मंगलवार की रात शव दाह गृह में शव मिलने की खबर पूरे गांव में तेजी से फैल गई। बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और मृतक की पहचान करने का प्रयास करते रहे। पहचान नहीं होने पर ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी की।

### ट्रेन पकड़ने के दौरान हादसा युवक का पैर कटा, आर्थिक तंगी के बीच परिवार ने लगाई मदद की गुहार

**कुर्था (एनएसबी)।** स्थानीय प्रखण्ड क्षेत्र के कुथाडीह गांव निवासी 22 वर्षीय मोहम्मद शामी एक दर्दनाक रेल हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गया हैं। हादसे में उनका एक पैर कट गया, जिसके बाद परिवार पर आर्थिक और मानसिक संकट गहरा गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कुथाडीह गांव निवासी मोहम्मद साहब के पुत्र मोहम्मद शामी तमिलनाडु की एक निजी कंपनी में कार्यरत थे। सोमवार को वह तमिलनाडु से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान वाराणसी रेलवे स्टेशन के समीप ट्रेन रुकने पर वह पानी लेने के लिए नीचे उतर गए। बताया जाता है कि पानी लेकर वापस लौटने के दौरान ट्रेन अचानक खुल गई। ट्रेन में चढ़ने के प्रयास में उनका पैर फिसल गया और वह रेलवे ट्रैक पर गिर पड़े, जिससे उनका एक पैर कट गया। घटना के बाद रेल पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए घायल युवक को तत्काल इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया तथा इसकी सूचना परिजनों को दी। सूचना मिलते ही परिजन वाराणसी पहुंचे। प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से युवक को परिजनों के साथ घर भेज दिया गया। परिजनों का कहना है कि मोहम्मद शामी की स्थिति अभी भी गंभीर बनी हुई है, लेकिन आर्थिक तंगी के कारण उनका समुचित इलाज नहीं हो पा रहा है। मोहम्मद शामी एक गरीब परिवार से आते हैं और परिवार के भरण-पोषण की मुख्य जिम्मेदारी उन्हीं के कंधों पर थी। उनके घायल हो जाने से परिवार के सामने रोजी-रोटी का संकट भी खड़ा हो गया है। परिजनों ने समाजसेवियों, जनप्रतिनिधियों एवं सक्षम लोगों से आर्थिक सहयोग की अपील की है, ताकि घायल युवक का बेहतर इलाज कराया जा सके और परिवार को इस कठिन समय में सहारा मिल सके। गांव के लोगों का कहना है कि मोहम्मद शामी परिवार के मुख्य कमाऊ सदस्य थे और इस हादसे के बाद पूरे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

### सिपाही भर्ती परीक्षा का शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त संचालन, डीएम व एसपी ने किया निरीक्षण

**जहानाबाद (एनएसबी)।** "सिपाही भर्ती परीक्षा, 01/2026" के सफल, निष्पक्ष एवं कदाचारमुक्त संचालन को लेकर जिला पदाधिकारी, जहानाबाद



श्रीमती छिरिङ वाई भूटिया एवं पुलिस अधीक्षक श्री कोटा किरण कुमार ने संयुक्त रूप से विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आदर्श मध्य विद्यालय उटां, जहानाबाद, गौतम बुद्ध इंटर स्तरीय विद्यालय, जहानाबाद तथा राज्य संपोषित बालिका उच्च विद्यालय, जहानाबाद का जायजा लेकर परीक्षा व्यवस्था का अवलोकन किया। इसके अतिरिक्त अन्य परीक्षा केंद्रों पर भी दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों द्वारा लगातार निगरानी रखी गई। निरीक्षण के दौरान सभी केंद्रों पर सुरक्षा, अनुशासन एवं परीक्षा संचालन की व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं। जिला प्रशासन की सतर्कता एवं प्रभावी निगरानी के कारण परीक्षा पूरी तरह शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न हुई। परीक्षा में कुल 4302 अभ्यर्थी शामिल होने वाले थे, जिनमें से 1439 अभ्यर्थी परीक्षा में उपस्थित हुए, जबकि 2963 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा के दौरान किसी भी अभ्यर्थी को निष्कासित नहीं किया गया। जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन द्वारा परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थीं।

### 29 जून से 6 जुलाई तक मनाया जाएगा सहकारिता सप्ताह, सहकार से समृद्धि पर रहेगा विशेष जोर

**जहानाबाद (एनएसबी)।** जिला पदाधिकारी श्रीमती छिरिङ वाई भूटिया की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में 29 जून से 6 जुलाई 2026 तक आयोजित होने वाले राज्यव्यापी सहकारिता सप्ताह को लेकर समीक्षा बैठक




आयोजित की गई। बैठक में कार्यक्रमों के सफल आयोजन एवं व्यापक जनजागरूकता पर चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार की स्थापना 6 जुलाई 2021 को हुसहकार से समृद्धि की अवधारणा को साकार करने तथा सहकारी समितियों के विकास के उद्देश्य से की गई थी। मंत्रालय के निर्देशानुसार पूरे राज्य में सहकारिता सप्ताह के दौरान विभिन्न जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम के तहत 29 जून को पटना में उद्घाटन समारोह आयोजित होगा, जिसमें भारतीय बीज सहकारी समिति लिमिटेड (इइसड) की चयनित समितियों के बीच शेयर वितरण किया जाएगा। 30 जून को राज्यभर में एक लाख पौधारोपण का लक्ष्य रखा गया है तथा सहकारी समितियों के प्रतिनिधियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके अलावा वित्तीय साक्षरता, केसीसी ऋण वितरण, माइक्रो एटीएम वितरण, मधुमक्खी एवं मखाना सहकारी समितियों के सदस्यों का प्रशिक्षण, जागरूकता सेमिनार, क्विज प्रतियोगिता, व्यवसाय विविधीकरण कार्यशाला तथा ह्यमंथनह्ल फिल्म का प्रदर्शन भी किया जाएगा। 6 जुलाई को सभी पैक्सों में विशेष आमसभा आयोजित की जाएगी। पूरे कार्यक्रम के संचालन एवं पर्यवेक्षण के लिए जिला सहकारिता पदाधिकारी को नोडल पदाधिकारी नामित किया गया है।

# मोहर्रम को लेकर पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

**कलेर (एनएसबी)।** मुहर्रम को लेकर कलेर, मेहंदिया व परासी पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च, शांतिपूर्ण पर्व मनाने की अपील।

मेहंदिया निज संवाद दाता ।

मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर बुधवार को कलेर, मेहंदिया एवं परासी थाना पुलिस ने अपने-अपने थाना क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकाला। इस दौरान लोगों से आपसी भाईचारे के साथ मुहर्रम मनाने तथा किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान नहीं देने की अपील की गई।कलेर थानाध्यक्ष अमित कुमार के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के कलेर, जवाहर बीघा, गिरवर बीघा सहित अन्य गांवों में फ्लैग मार्च निकाला गया। उन्होंने लोगों से शांतिपूर्वक मुहर्रम मनाने की अपील करते हुए कहा कि असामाजिक तत्वों एवं अफवाह फैलाने वालों से सतर्क रहें।



किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

वहीं, मेहंदिया थानाध्यक्ष मनोरंजन कुमार के नेतृत्व में कलंदरा , उसरी , मनेरी बीघा, बलिदाद सहित विभिन्न गांवों में फ्लैग मार्च किया गया। उन्होंने कहा कि पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है। यदि किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की परेशानी होती है तो वह तत्काल पुलिस को सूचना दें। पुलिस मौके पर पहुंचकर समस्या का समाधान करेगी।उधर, परासी थानाध्यक्ष मोहम्मद सिराज के नेतृत्व में परासी, चकिया, सुमेरा सहित अन्य क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकाला गया। इस दौरान विभिन्न अखाड़ों के खलीफाओं एवं कमेटी के सदस्यों से मुलाकात कर उनकी तैयारियों और समस्याओं की जानकारी ली गई। उन्होंने बताया कि थाना क्षेत्र में कहीं से भी किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति की सूचना नहीं है और सभी लोग सौहार्दपूर्ण माहौल में मुहर्रम मनाने की तैयारी कर रहे हैं।

पुलिस अधिकारियों ने दोनों समुदायों के लोगों से आपसी भाईचारे और सहयोग की भावना बनाए रखने की अपील की। साथ ही बताया कि 25 जून की शाम तथा 26 जून की सुबह ताजिया जुलूस और अखाड़ों के कार्यक्रमों को लेकर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती रहेगी तथा पुलिस लगातार गश्त करती रहेगी, ताकि मुहर्रम का पर्व पूरी तरह शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके।

## दिन में बच्चों की पढ़ाई, शाम होते ही शराबियों का अड्डा बन जाता है जयपुर मध्य विद्यालय, शिक्षक परेशान

**मेहंदिया (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के मेहंदिया थाना अंतर्गत जयपुर गांव स्थित मध्य विद्यालय इन दिनों असामाजिक तत्वों के कारण चर्चा में है। दिन में जहां विद्यालय में बच्चों की पढ़ाई होती है, वहीं शाम ढलते ही विद्यालय परिसर कथित रूप से शराबियों और अन्य नशा करने वालों का अड्डा बन जाता है। इससे विद्यालय के शिक्षक एवं छात्र-छात्राओं की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है।

ग्रामीणों एवं विद्यालय प्रबंधन के अनुसार विद्यालय के समीप खेल मैदान होने तथा शाम के समय परिसर सुनसान हो जाने का फायदा उठाकर कुछ असामाजिक तत्व विद्यालय की बाउंड्री फांदकर अंदर प्रवेश कर जाते हैं। वहां बैठकर शराब, गांजा एवं अन्य मादक पदार्थों का सेवन करते हैं। आरोप है कि कई बार ये लोग विद्यालय की संपत्ति के साथ भी छेड़छाड़ और तोड़फोड़ करते हैं। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका छाया कुमारी ने बताया कि गर्मी की छुट्टी के बाद जब विद्यालय खोला गया तो रेलिंग, स्मार्ट बिजली मीटर, दरवाजे सहित कई जगहों पर तोड़फोड़ और छेड़छाड़ के निशान मिले। उन्होंने कहा कि विद्यालय में दिन के समय पढ़ाई शांतिपूर्ण ढंग से होती है, लेकिन रात में परिसर असुरक्षित हो जाता है, प्रधानाध्यापिका ने बताया कि इस तरह की घटनाएं पहले भी कई बार हो चुकी हैं। इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को भी दी गई थी, लेकिन अब तक प्रभावी कार्रवाई नहीं होने के कारण असामाजिक तत्वों के हौसले बढ़ते जा रहे हैं। इससे शिक्षकों में भय और असुरक्षा का माहौल है।विद्यालय प्रबंधन और ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि विद्यालय परिसर में नियमित पुलिस गश्त कराई जाए, असामाजिक तत्वों पर कड़ी कार्रवाई की जाए तथा विद्यालय की सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं, ताकि बच्चों का शैक्षणिक वातावरण प्रभावित न हो और सरकारी संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

## मोहर्रम को लेकर मानिकपुर थानाध्यक्ष ने अखाड़ा स्थलों का किया निरीक्षण

**कुर्था (एनएसबी)।** आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से मानिकपुर थाना अध्यक्ष स्मिता उपाध्याय ने क्षेत्र के विभिन्न अखाड़ा स्थलों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अखाड़ा समितियों के सदस्यों एवं स्थानीय लोगों से बातचीत कर आवश्यक जानकारी प्राप्त की। थाना अध्यक्ष ने निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, जुलूस मार्ग, भीड़ नियंत्रण तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अखाड़ा समिति के पदाधिकारियों से प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की तथा पर्व को आपसी भाईचारे और शांति के साथ मनाने का आग्रह किया। थानाध्यक्ष स्मिता उपाध्याय ने कहा कि मोहर्रम के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। संवेदनशील स्थलों पर विशेष



निरीक्षण करते थाना अध्यक्ष।

निगरानी रखी जाएगी तथा किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल के जवान भी मौजूद रहे। थाना अध्यक्ष ने लोगों से किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की।

## मुहर्रम को लेकर प्रशासन अलर्ट, 138 स्थानों पर दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी तैनात



**जहानाबाद (एनएसबी)।** मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला पदाधिकारी श्रीमती छिरिङ वाई भूटिया एवं पुलिस अधीक्षक श्री कोटा किरण कुमार ने दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की संयुक्त ब्रीफिंग की। अधिकारियों ने निर्देश दिया कि सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारी अपने दायित्वों का पूर्ण निष्ठा एवं सतर्कता के साथ निर्वहन करें। मुहर्रम के मद्देनजर जिले में 138 स्थानों को चिन्हित कर दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों की तैनाती की गई है। नगर परिषद क्षेत्र के प्रमुख मार्गों एवं संवेदनशील स्थानों पर अलग-अलग शिफ्ट में गश्ती दल की भी प्रतिनियुक्ति की गई है। जुलूस के दौरान वॉलंटियर्स के पहचान पत्रों की जांच, अनिवार्य वीडियोग्राफी तथा लाइसेंस की सभी शर्तों के पालन का निर्देश दिया गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि डीजे बजाना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा तथा तलवार, भाला, फरसा, कुल्हाड़ी, हॉकी स्टिक, कटार सहित किसी भी प्रकार के घातक हथियारों के प्रदर्शन की अनुमति नहीं होगी। भीड़ नियंत्रण, यातायात व्यवस्था तथा आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं को प्राथमिकता देने के निर्देश भी दिए गए हैं। विद्युत, अग्निशमन, स्वास्थ्य, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण एवं नगर परिषद को विशेष जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य कर मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराएं।

## डीएम ने डीआरसीसी का किया निरीक्षण, योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार का दिया निर्देश

**जहानाबाद (एनएसबी)।** जिला पदाधिकारी श्रीमती छिरिङ वाई भूटिया ने बुधवार को जिला निबंधन सह परामर्श केंद्र (डीआरसीसी) का निरीक्षण कर वहां संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान जिला योजना पदाधिकारी ने बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना तथा कुशल युवा कार्यक्रम के क्रियान्वयन एवं उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी जिला पदाधिकारी को दी।



जिला पदाधिकारी ने डीआरसीसी के विभिन्न अनुभागों का अवलोकन करते हुए वहां कार्यरत कर्मियों से दैनिक कार्यों एवं लाभार्थियों को दी जा रही सेवाओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देश दिया कि पात्र छात्रों एवं लाभार्थियों को सरकारी योजनाओं की अधिक से अधिक जानकारी उपलब्ध कराई जाए, ताकि अधिकाधिक लोग इन योजनाओं का लाभ उठाकर शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार के क्षेत्र में आगे बढ़ सकें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं का उद्देश्य युवाओं को आर्थिक एवं शैक्षणिक रूप से सशक्त बनाना है। इसलिए यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी पात्र छात्र या लाभार्थी को जानकारी के अभाव में योजना के लाभ से वंचित न रहना पड़े। निरीक्षण के दौरान कार्यालय की कार्यप्रणाली एवं व्यवस्था का भी जायजा लिया गया।

## सहयोग शिविरों में प्राप्त आवेदनों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निष्पादन पर डीएम ने दिए निर्देश

**जहानाबाद (एनएसबी)।** जिला पदाधिकारी श्रीमती छिरिङ वाई भूटिया की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में सबका सम्मान-जीवन आसान अभियान के अंतर्गत आयोजित सहयोग शिविरों में प्राप्त आवेदनों के निष्पादन एवं अनुपालन प्रतिवेदनों की विभागवार समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे, जबकि प्रखंड एवं अंचल स्तरीय पदाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े। समीक्षा के दौरान जिला पदाधिकारी ने कहा कि सहयोग शिविरों का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं का प्रभावी एवं संतोषजनक समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि आवेदनों का निष्पादन केवल औपचारिकता न हो, बल्कि उसका वास्तविक लाभ संबंधित आवेदकों तक पहुंचे। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि प्रत्येक आवेदन के निष्पादन की जानकारी संबंधित आवेदक को दूरभाष, संदेश अथवा अन्य माध्यमों से अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराई जाए। बिना समुचित जांच के निष्पादन अथवा आवेदक को सूचना नहीं देने की स्थिति में संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। जिला पदाधिकारी ने प्रखंड विकास पदाधिकारियों एवं कार्यपालक पदाधिकारियों को पंचायतों तथा शहरी क्षेत्रों से संबंधित शिकायतों के प्राथमिकता के आधार पर समाधान का निर्देश दिया। साथ ही सहयोग शिविर एवं सहयोग पोर्टल के माध्यम से प्राप्त आवेदनों की गुणवत्ता की नियमित जांच तथा लंबित मामलों के समयबद्ध निष्पादन पर विशेष जोर दिया।




## जिला तकनीकी समन्वय समिति की बैठक में विकास योजनाओं की समीक्षा, लंबित कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश

**जहानाबाद (एनएसबी)।** जिला पदाधिकारी श्रीमती छिरिङ वाई भूटिया की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में जिला तकनीकी समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों एवं अभियंताओं के साथ विकास योजनाओं की प्रगति तथा पूर्व बैठक में दिए गए निदेर्शों के अनुपालन की समीक्षा की गई।




बैठक के दौरान जिला पदाधिकारी ने कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल को सभी अपूर्ण योजनाओं को शीघ्र पूर्ण कराने का निर्देश दिया। विशेष रूप से लंबित पंचायत सरकार भवनों के निर्माण कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने को कहा गया। भूमि विवाद एवं न्यायालयीन मामलों के कारण लंबित योजनाओं के समाधान हेतु जिला पंचायत राज पदाधिकारी एवं संबंधित अंचल अधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित कर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। अंचल अधिकारी, हुलासगंज को 11 एकड़ भूमि उपलब्ध कराने के लिए भी निर्देशित किया गया। जिला पदाधिकारी ने बिहार राज्य स्वास्थ्य आधारभूत संरचना निगम लिमिटेड के कार्यपालक अभियंता को सदर अस्पताल, जहानाबाद के निर्माण कार्य को उच्च प्राथमिकता देते हुए शीघ्र पूरा कराने का निर्देश दिया। बैठक में विद्युत आपूर्ति प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता को सभी प्रखंडों में स्थापित विद्युत ट्रांसफार्मरों की चोरी की घटनाओं पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने ट्रांसफार्मर चोरी में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तारी सुनिश्चित करने को कहा। जिला पदाधिकारी ने सभी विभागों को विकास योजनाओं के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया।

## मुहर्रम जुलूस के दौरान कई क्षेत्रों में बिजली रहेगी बंद, कंट्रोल रूम स्थापित

**जहानाबाद (एनएसबी)।** मुहर्रम पर्व के अवसर पर ताज़िया जुलूस के सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण संचालन को लेकर जिला प्रशासन के निर्देश पर विद्युत विभाग ने विशेष एहतियाती व्यवस्था की है। ताज़िया की ऊंचाई के कारण विद्युत तारों के संपर्क से संभावित दुर्घटनाओं की आशंका को देखते हुए जुलूस मार्ग के विभिन्न क्षेत्रों में निर्धारित अवधि के लिए विद्युत आपूर्ति अस्थायी रूप से बंद रखी जाएगी। विद्युत विभाग के अनुसार 26 जून 2026 को दोपहर 1 बजे से शाम 6 बजे तक तथा 27 जून 2026 को शाम 4 बजे से 28 जून 2026 की सुबह 6 बजे तक संबंधित क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। विभाग ने आम उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे आवश्यक घरेलू कार्यों, विशेषकर पेयजल एवं अन्य जरूरतों के लिए पूर्व से तैयारी कर लें तथा प्रशासन को सहयोग प्रदान करें। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह कदम केवल जनहित एवं सुरक्षा की दृष्टि से उठाया गया है, ताकि मुहर्रम जुलूस के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके। साथ ही विद्युत संबंधी शिकायतों एवं आपात स्थिति के समाधान के लिए अस्थायी जिला स्तरीय कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है।